VPL
वर्ष 10 अंक 206
पृष्ठ 12
नई दिल्ली, सोमवार
5 मई 2025
मूल्य: 4 रुपये

# नेशनल एक्सप्रेस

हर खबर समय पर



nationalexpressindia | nationalexpressindia | www.nationalexpress.co.in
DELHIN/2015/65411
डाक पंजीयन सं. -DL(S)-17/3531/2018-20

03 मंत्रालय ने संसदीय समिति को नमामि गंगे की सफलताओं और अपशिष्ट...
06 पेगासस! इसमें ग़लत क्या है ? : ऋषभदेव शर्मा
11 हमें बाकी बचे मैचों में बेख़ौफ़ होकर खेलना होगा: नायर




मेहनत वो सुनहरी चाबी है, जो बंद भविष्य के दरवाजे, भी खोल देती है !



Saurabh Shivhare

RERA REGISTRATION NO.: RC/REP/HARERA/GGM/831/563/2024/58 DATED 03.06.2024 (WWW.HARYANARERA.GOV.IN)
SIGNATURE GLOBAL
Titanium SPR
SECTOR 71, GURUGRAM
3.5 & 4.5 BHK
UBER LUXURIOUS CONDOMINIUMS



SIGNATUREGLOBAL (INDIA) LIMITED
CIN NO.: L70100DL2000PLC104787
7053-121-121

## वायुसेना प्रमुख ने प्रधानमंत्री से की मुलाकात पाकिस्तान से बढ़ते तनाव के बीच अहम बैठक

**नयी दिल्ली,** (भाषा) वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल ए पी सिंह ने पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के मध्य बढ़ते तनाव के बीच रविवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की।

यह बैठक नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के. त्रिपाठी द्वारा प्रधानमंत्री को अरब सागर में अहम समुद्री मार्गों की समग्र स्थिति से अवगत कराने के 24 घंटे से भी कम समय बाद हुई है।

सूत्रों ने बताया कि वायुसेना प्रमुख ने प्रधानमंत्री मोदी के साथ बैठक की। हालांकि, उन्होंने इससे अधिक कोई जानकारी नहीं दी।

भारत ने पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए हमले के तार 'सीमा पार' से जुड़े होने का हवाला देते हुए हमले में शामिल लोगों को कड़ी सजा देने का संकल्प लिया है।

पिछले मंगलवार को प्रधानमंत्री मोदी ने शीर्ष रक्षा अधिकारियों के साथ एक उच्चस्तरीय बैठक में सशस्त्र बलों को पहलगाम आतंकवादी हमले का जवाब देने के तरीके, लक्ष्य और समय पर निर्णय लेने के लिए ''पूरी छूट'' दी।



हमले के एक दिन बाद भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ कई दंडात्मक उपायों की घोषणा की, जिसमें सिंधु जल संधि को निलंबित करना, अटारी भूमि सीमा क्रॉसिंग को बंद करना और राजनयिक संबंधों को कमतर करना शामिल था।

जवाब में, पाकिस्तान ने भारतीय विमानों के लिए अपना हवाई क्षेत्र बंद कर दिया तथा किसी तीसरे देश के माध्यम से होने वाले व्यापार सहित भारत के साथ सभी प्रकार का व्यापार बंद कर दिया।

ताजा दंडात्मक उपायों के तहत भारत ने राष्ट्रीय सुरक्षा और लोक नीति के आधार पर तत्काल प्रभाव से पाकिस्तान से सभी वस्तुओं के आयात पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया है।

नयी दिल्ली ने पाकिस्तान से सभी डाक सेवाओं को भी निलंबित कर दिया है और भारतीय बंदरगाहों पर पाकिस्तानी झंडे वाले जहाजों के प्रवेश पर प्रतिबंध लगा दिया है।

वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल अमर प्रीत सिंह और प्रधानमंत्री मोदी के बीच राष्ट्रीय राजधानी में लोक कल्याण मार्ग स्थित अपने आवास पर हुई यह बैठक पीएम की अध्यक्षता में उस बैठक के कुछ दिनों बाद हुई, जिसमें रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान और तीनों सेनाओं के प्रमुख शामिल हुए थे। बैठक में राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल भी मौजूद थे।


## उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री आदित्यनाथ से शिष्टाचार भेंट एवं सनातन यूनिवर्सिटी की स्थापना पर चर्चा की

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

उत्तर प्रदेश को अपनी नेतृत्व क्षमता से उत्तम प्रदेश बनाने को कृत संकल्प एक आध्यात्मिक योगी जिनका जीवन केवल और केवल भारत माता की सेवा में अर्पित है ऐसे संत श्रेष्ठ एवं कर्तव्यनिष्ठ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी महाराज से परम पूज्य गुरुदेव आनंदपीठाधीश्वर आचार्य महामण्डलेश्वर अनंत श्री विभूषित श्री श्री 1008 स्वामी श्री बालकानंद गिरि जी महाराज श्री ने औपचारिक भेंट की।

इस भेंट में जहाँ धर्म, आध्यात्म, साधना आदि विषयों पर दोनों संत विभूतियों ने एक दूसरे से ज्ञान चर्चा की वहीं चर्चा के मध्य भारत देश की संस्कृति एवं संस्कारों के संवर्धन व सरक्षण हेतु पूज्य महाराज श्री ने सनातन विश्वविद्यालय की संकल्पना का प्रस्ताव पूज्य योगी आदित्यनाथ जी महाराज के समक्ष रखा जिस पर उन्होंने सहर्ष सहमति देते हुए इस संकल्पना को समाजोपयोगी सार्थक विचार बताया। मंगल भेंट में देश के प्रसिद्ध समाजसेवी एवं sउद्योगपति श्रीमान विनीत कुमार लोहिया जी एवं धर्म की कीर्ति पताका को धारण करने वाले तेजस्वी युवा श्री अनमोल गोस्वामी जी की उपस्थिति रही। इस अवसर पर पूज्य महाराज श्री के सान्निध्य में सभी ने माननीय योगी आदित्यनाथ जी का उत्तरीय, अंगवस्त्रम द्वारा सम्मानित किया।





# 'एक देश-एक चुनाव' लोकतंत्र की दिशा में एक निर्णायक कदम : सुनील बंसल

- फेलिक्स हॉस्पिटल के संस्थापक डी के गुप्ता की अध्यक्षता में हुए कार्यक्रम में हजारों लोग शामिल हुए
- एडवोकेट कालूराम चौधरी ने संयोजक के रूप में सभी आगंतुकों का धन्यवाद अदा किया















_ नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के पंचशील इंटर कॉलेज के ऑडिटोरियम में एक देश, एक चुनाव की अवधारणा लोकतंत्र को अधिक व्यावहारिक और व्यय-कुशल बनाने की दिशा में एक सार्थक प्रयास है। बशर्ते इसके कार्यान्वयन की योजना व्यापक विचार-विमर्श और सर्वसम्मति से की जाए। यह बातें रविवार को नोएडा के सेक्टर-91 स्थित पंचशील बालक इंटर कॉलेज ऑडिटोरियम में आयोजित 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' विषयक प्रबुद्ध समागम में वर्तमान में 'एक देश, एक चुनाव' के राष्ट्रीय संयोजक और भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री श्री सुनील बंसल जी ने कहीं। यह बातें रविवार को नोएडा के सेक्टर-91 स्थित पंचशील बालक इंटर कॉलेज ऑडिटोरियम में आयोजित 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' विषयक प्रबुद्ध समागम में भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री एवं 'वन नेशन, वन इलेक्शन' के राष्ट्रीय संयोजक श्री सुनील बंसल जी ने कहीं।

इस कार्यक्रम की अध्यक्षता देश की जाने-माने चिकित्सक डॉ. डी.के. गुप्ता (संस्थापक फेलिक्स हॉस्पिटल ग्रुप) थे और संयोजक की भूमिका में पूर्व बार एसोसिएशन गौतम बुद्ध नगर के अध्यक्ष कालू राम चौधरी रहे। सुनील बंसल जी ने कहा कि बार-बार के चुनाव से देश का विकास और जनकल्याण की योजनाएं बाधित होती हैं। विगत 30 सालों से देखें तो कोई ऐसा वर्ष नहीं रहा जिसमें किसी एक राज्य का चुनाव संपन्न नहीं हुआ हो। अनियंत्रित तरीके से होने वाले यह चुनाव देश की प्रगति में स्पीड ब्रेकर का काम करते हैं। हमें एक साथ चुनाव की प्रक्रिया अपनाकर, ऐसे गतिरोधकों को उखाड़ना है। इस सुधार को अपनाकर, देश के राजनीतिक एजेंडा में बड़ा बदलाव आएगा। क्योंकि चुनाव, विकास के मुद्दे पर होंगे और पांच साल में एक बार चुनाव होने से राजनेताओं की जवाबदेही बढ़ेगी। यह कोई नया विचार नहीं है बल्कि 1952 से लेकर 1967 तक चार चुनाव देश में इसी प्रक्रिया से संपन्न हुए हैं। सरकार की ओर से तैयार इस विधेयक के सभी पहलुओं पर गहन विचार विमर्श के लिए उच्च स्तरीय समिति का गठन किया गया था। समिति ने कुल 62 राजनीतिक दलों से इस प्रस्ताव पर सुझाव मांगे, जिसमें 47 दलों ने अपनी प्रतिक्रिया दी, 32 दलों ने समकालिक चुनाव के पक्ष और 15 ने इसका विरोध में राय दी। चुनावी खर्च की ही बात करें तो एक अनुमान के मुताबिक केवल 2024 के लोकसभा चुनावों में ही एक लाख करोड़ रुपये से अधिक खर्च हुए, जो देश के वित्तीय संसाधनों पर एक बड़ी लागत को दर्शाता है। इसके अतिरिक्त, एक रिपोर्ट के अनुसार यदि 2024 में देश में एकसाथ चुनाव हुए होते तो यह देश के सकल घरेलू उत्पाद में 1.5 प्रतिशत अंकों की वृद्धि कर सकता था, जो भारतीय अर्थव्यवस्था में 4.5 लाख करोड़ रुपये जितना होता। ऐसा होने से एक ही बार में अधिकांश लोगों के चुनाव लड़ने से लोगों को अवसर मिलेगा। परिवारवादी पार्टियों को इससे दिक्कत हो सकती है लेकिन पांच साल में एक बार मतदान से वोट की ताकत बढ़ेगी। शासन प्रशासन में गुड गवर्नेंस को बढ़ावा मिलेगा।

चुनावों के दौरान होने वाले प्रचार से वायु और ध्वनि प्रदूषण बढ़ता है। बड़ी मात्रा में पोस्टर, बैनर और अन्य प्रचार सामग्री का उपयोग होता है, जिससे पर्यावरण को नुकसान पहुंचता है। एक साथ चुनाव होने से इस प्रदूषण में भी कमी आएगी। बार-बार चुनावों से न केवल सरकारी तंत्र बल्कि आम जनता का भी समय और ऊर्जा खर्च होती है। एक साथ चुनाव कराने से लोगों को अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए बार-बार अपने काम से छुट्टी नहीं लेनी पड़ेगी। एक साथ होने वाले चुनाव दिला सकते हैं अधिक खर्च और समय से मुक्तिः सुनील बंसल जी ने बताया कि एक देश एक चुनाव की धारणा नई नहीं है। क्योंकि आजादी के बाद वर्ष 1950 में देश गणतंत्र बना। वर्ष 1951-52 से 1967 के बीच लोकसभा के साथ ही राज्यों के विधानसभा चुनाव पांच वर्ष में होते रहे थे। अब भारत में कुल 28 राज्य और 8 केंद्र शासित प्रदेश हैं। जिनमें से अधिकांश की विधानसभाओं का कार्यकाल अलग अलग समय पर समाप्त होता है। ऐसे में देश में लगभग हर साल किसी न किसी राज्य में चुनाव होते रहते हैं। भारतीय चुनाव आयोग (ईसीआई) के अनुसार पिछले एक दशक में लगभग हर साल औसतन 5 से 7 राज्यों में विधानसभा चुनाव हुए हैं। जबकि लोकसभा चुनाव हर पांच वर्ष में एक बार होते हैं, लेकिन विधानसभा चुनाव अक्सर असमय भंग होने, राष्ट्रपति शासन या विभिन्न कारणों से समय से पहले भी हो जाते हैं। भारत में करीब 99 करोड़ से अधिक मतदाता हैं। 2024 के लोकसभा चुनावों पर लगभग 1.35 लाख करोड़ रुपये खर्च हुए थे। वन नेशन वन इलेक्शन से इस खर्च में 30-35% तक की कमी आएगी। इसी तरह राज्य विधानसभा चुनावों में भी प्रति राज्य औसतन 5000 से 10,000 करोड़ तक खर्च होता है। अगर सारे चुनाव एक साथ हों, तो चुनाव आयोग सरकार और राजनीतिक दलों के खर्चों में भारी कमी आएगी।

भारत सरकार और चुनाव आयोग बार-बार चुनावों में हजारों करोड़ रुपये खर्च करते हैं। एक साथ चुनाव से यह खर्च लगभग 30–40% तक कम हो सकता है। 20–25 हजार करोड़ की बचत हर पांच साल में हो सकेगी। सभी चुनाव एक साथ होने पर भारत की राष्ट्रीय रियल जीडीपी ग्रोथ 1.5 प्रतिशत बढ़ सकती है। जीडीपी का 1.5 प्रतिशत वित्त वर्ष 2023-24 में 4.5 लाख करोड़ रुपये के बराबर था। यह रकम भारत के स्वास्थ्य पर कुल सार्वजनिक खर्च का आधा और शिक्षा पर खर्च का एक तिहाई है। सभी चुनाव एक साथ होने से जीडीपी के लिए नेशनल ग्रॉस फिक्स्ड कैपिटल फॉर्मेशन (निवेश) का अनुपात करीब 0.5 प्रतिशत बढ़ सकता है। एक साथ चुनाव होने और अलग अलग चुनाव होने दोनों परिदृश्य में महंगाई दर 1.1 प्रतिशत तक कम हो सकती है। वर्तमान में अमेरिका, फ्रांस, स्वीडन, कनाडा आदि एक साथ चुनाव कराए जाते हैं। इसी तरह एक मतदान केंद्र पर औसतन 5 कर्मियों की ज़रूरत होती है। इस हिसाब से अगर 10.5 लाख केंद्र बने तो 5 कर्मी के हिसाब से 55 लाख मतदान कर्मी। एक सामान्य लोकसभा चुनाव में लगभग 10–12 लाख सुरक्षाकर्मियों की तैनाती होती है। अगर सभी राज्य विधानसभाओं के साथ चुनाव होंगे, तो यह 20–25 लाख सुरक्षा बलों की जरूरत होगी। एक देश एक चुनाव में काफी बड़ी संख्या में ईवीएम (इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन) की जरूरत पड़ेगी। भारत में एक पोलिंग बूथ पर औसतन मतदाता लगभग 1,000 से 1,200 तक होते हैं। ऐसे में लोकसभा और विधानसभा को मिलाकर लगभग 10 लाख से अधिक बूथ बनाने होंगे। अब, अगर हर बूथ पर एक एक बैलेट, एक कंट्रोल यूनिट और एक मतदाता सत्यापन योग्य कागजी ऑडिट ट्रेल मेंटेन (वीवीपैट) की जरूरत होगी। ऐसे में एक देश, एक चुनाव के लिए 20 लाख से अधिक ईवीएम सेट की आवश्यकता होगी।

सुनील बंसल जी ने अपने उद्बोधन में कहा कि हर चुनाव के दौरान लाखों सरकारी कर्मचारियों को चुनावी ड्यूटी पर लगाया जाता है। जिससे उनके नियमित काम प्रभावित होते हैं। एक साथ चुनाव होने से यह समस्या एक बार में ही हल हो जाएगी और प्रशासनिक मशीनरी सुचारू रूप से काम कर सकेगी। बार-बार आचार संहिता लागू होने के कारण विकास कार्य रुकते हैं। एक ही समय पर सभी चुनाव होने से सरकार के पास निरंतर विकास कार्यों को आगे बढ़ाने के लिए पांच साल का स्पष्ट समय होगा। इससे परियोजनाएं समय पर पूरी हो सकेंगी और जनता को जल्द लाभ मिल सकेगा। लगातार होने वाले चुनावों से राजनीतिक दलों का ध्यान हमेशा चुनावी राजनीति पर केंद्रित रहता है। एक साथ चुनाव होने से सरकार और विपक्ष दोनों को देश की समस्याओं पर गंभीरता से काम करने का अवसर मिलेगा।

इसके पूर्व कार्यक्रम में प्रमुख रूप से चर्चा को आगे बढ़ाने और अपनी बात कहने के लिए उत्तर प्रदेश के पूर्व डीजीपी तथा कुलपति डॉक्टर विक्रम सिंह पदम श्री सौमित्र रावत, पूर्व जस्टिस एस आर सिंह (प्रयागराज) तथा लेफ्टिनेंट जनरल रिटायर श्री नितिन कोहली अपने देश में चुनाव एक देश एक चुनाव के पक्ष में अपने सुझाव तथा समस्याएं एवं निराकरण पर गंभीर चर्चा करते हुए इस राष्ट्रीय महत्वपूर्ण मुद्दे को आगे बढ़ाया, जिसका मुख्य अतिथि नेअपने उद्बोधन के दौरान श्री सुनील बंसल ने समर्थन भी किया कार्यक्रम में प्रमुख रूप से विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सांसद श्री डॉ. महेश शर्मा, राज्यसभा सांसद श्री सुरेन्द्र नागर, पूर्व परिवहन मंत्री एवं विधान परिषद सदस्य श्री अशोक कटारिया, विधायक नोएडा एवं भाजपा उत्तर प्रदेश के उपाध्यक्ष श्री पंकज सिंह, विधायक दादरी श्री तेजपाल नागर, विधायक जेवर श्री धीरेंद्र सिंह, उत्तर प्रदेश सरकार में राज्य मंत्री कैप्टन विकास गुप्ता, पूर्व विधायक एवं मंत्री श्री नवाब सिंह नागर, श्री हरीश चंद भाटी, श्रीमती विमला बॉथम जी, भाजपा महानगर अध्यक्ष श्री महेश चौहान जी, भाजपा जिला अध्यक्ष श्री अभिषेक शर्मा, शारदा ग्रुप ऑफ़ इंस्टिट्यूशन (मेडिकल कॉलेज) के संस्थापक वाई के गुप्ता मौजूद रहे।

कार्यक्रम में प्रमुख संस्थाओं के प्रमुख हस्तियों भी भागीदारी रही जिसमें प्रमुख रूप से बार एसोसिएशन के अध्यक्ष एवं पूर्व अध्यक्षगण, सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता, फोनरवा (फेडरेशन ऑफ नोएडा रेज़िडेंट वेलफेयर एसोसिएशन), नेशनल एक्सप्रेस प्रकाशन समूह के संस्थापक व भारतीय मतदाता संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष विपिन गुप्ता, डी डीआरडब्ल्यूए, नोएडा एंप्लॉयी एसोसिएशन, भारतीय चिकित्सा संघ, फिक्की, एसोचैम, लोकमंच, इंडियन इंडस्ट्रीज, प्रकाश हॉस्पिटल के संस्थापक डॉ सी एस चौहान एसोसिएशन, समाजसेवी संस्था आकांक्षा, पंजाबी क्लब, व्यापार मंडल, दिल्ली-एनसीआर, अग्रवाल मित्र मंडल, युवा व्यापार मंडल, श्री धर्मपाल गोयल समाजसेवी अध्यक्ष श्री राम मित्र मंडल, दैनिक जागरण प्रतिनिधि अग्रवाल जी, चेयरमैन जीएनआईओटी समूह, संभावी महामुद्रा समाज समिति / पोरवाल समाज समिति, शाहू समाज, माहेश्वरी समाज, माथुर समाज, राजस्थान कल्याण परिषद, चौसैनी समाज, वर्मा समाज, सूरी समाज, नोएडा वैश्य केंद्र, केसरवानी समाज, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, प्रोमिथेस स्कूल, इंफोसिस, श्री राम ग्लोबल स्कूल, आर.डी. पब्लिक स्कूल, आनंदिता हेल्थकेयर सेक्टर-80, रोटरी क्लब्स, दादरी रोटरी क्लब, दिल्ली अचीवर्स उत्तर प्रदेश रोटरी क्लब, दिल्ली रिवरसाइड रोटरी क्लब, नोएडा सेंट्रल उत्तर प्रदेश रोटरी क्लब, नोएडा सिटी उत्तर प्रदेश रोटरी क्लब, नोएडा एलीगेंस रोटरी क्लब, नोएडा उत्तर प्रदेश रोटरी क्लब, ग्रेटर नोएडा रोटरी क्लब संस्था के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

# कहने से नहीं, करके दिखाने से आता है बदलाव: संजय गोयल

## हरित भारत स्वच्छ भारत अभियान के अंतर्गत भव्य पर्यावरण एवं स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम सम्पन्न

**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो**





भारत विकास परिषद झ दिल्ली प्रांत पूर्व की सहयोगी शाखा अरिहंत शाखा द्वारा दिनांक 04 मई 2025 को बाहुबली एन्क्लेव स्थित पार्क में एक विशेष पर्यावरण संरक्षण एवं स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः 7:30 बजे हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में नागरिकों, महिलाओं, बच्चों और वरिष्ठजनों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

कार्यक्रम की शुरूआत पर्यावरण शपथ से हुई, जिसमें उपस्थित सभी लोगों ने पर्यावरण संरक्षण व स्वच्छता के लिए अपने संकल्प को दोहराया। बच्चों द्वारा प्रस्तुत किया गया नुक्कड़ नाटक कार्यक्रम का विशेष आकर्षण रहा, जिसमें उन्होंने रचनात्मक रूप से पर्यावरण बचाने और प्लास्टिक मुक्त जीवनशैली अपनाने का सशक्त संदेश दिया।

इस अवसर पर प्लास्टिक मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत कपड़े के थैले वितरित किए गए, जिससे दैनिक जीवन में प्लास्टिक के उपयोग को कम करने का संदेश प्रसारित हुआ।

मुख्य अतिथि शाहदरा विधानसभा क्षेत्र के विधायक श्री संजय गोयल ने अपने प्रेरणास्पद संबोधन में कहा, ₹केवल कहने से नहीं, बल्कि स्वयं करके दिखाने से ही समाज में बदलाव आता है।₹ उन्होंने आग्रह किया कि नागरिक कपड़े के थैले अपनी गाड़ियों व स्कूटी में हमेशा रखें ताकि प्लास्टिक की आवश्यकता ही न पड़े। उन्होंने यह भी कहा कि आज जो फैंसी प्लास्टिक बैग हम बाजारों से लेते हैं, वे लैंडफिल साइट्स पर 400 वर्षों तक पड़े रहते हैं और पर्यावरण को गंभीर क्षति पहुंचाते हैं। कपड़े के थैलों से प्राप्त राशि सेवा बस्तियों के विकास में भी लगाई जाएगी।

कार्यक्रम के अंतर्गत एक जरूरतमंद महिला को ₹5100 की सहायता राशि प्रदान की गई, जिससे उसके परिवार और सेवा कार्यों में सहयोग मिलेगा।

विशेष रूप से आमंत्रित गणमान्य सदस्य श्री विनय जैन ने इस अवसर पर कहा, ₹भारत विकास परिषद केवल आयोजनों तक सीमित नहीं है, हम सामाजिक सरोकारों को जीवनशैली का हिस्सा बनाने में विश्वास रखते हैं। पर्यावरण और स्वास्थ्य, दोनों पर एक साथ काम करना आज के समय की सबसे बड़ी जरूरत है। उन्होंने अरिहंत शाखा की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम समाज को सही दिशा में प्रेरित करते हैं।

कार्यक्रम में महिलाओं के लिए निःशुल्क एनीमिया जांच शिविर भी आयोजित किया गया, जिसमें विशेषज्ञ चिकित्सकों ने स्वास्थ्य परीक्षण कर उपयोगी परामर्श प्रदान किए। इस जनहितकारी आयोजन का सफल संचालन अरिहंत शाखा के अध्यक्ष श्री विजय गोयल, सचिव श्री विपिन जैन एवं कोषाध्यक्ष श्री सतीश जैन के नेतृत्व में हुआ। कार्यक्रम में श्री विनय जैन का विशेष सहयोग उल्लेखनीय रहा।

भारत विकास परिषद झ दिल्ली प्रांत पूर्व के प्रांतीय अध्यक्ष सीए हेमन्त कुमार गुप्ता, प्रांतीय महासचिव विवेक गोयल, प्रांतीय वित्त सचिव अनिल अग्रवाल एवं क्षेत्रीय संयोजक (पर्यावरण) रवि मोहन गर्ग ने आयोजन की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त की और सभी प्रतिभागियों का आभार प्रकट किया।

यह कार्यक्रम न केवल पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक प्रेरणास्पद पहल रहा, बल्कि नागरिकों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता लाने का प्रभावी माध्यम भी सिद्ध हुआ।

# अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन सम्मान समिति द्वारा पद्मश्री शिवानन्द योगाचार्य को श्रद्धांजलि अर्पित की




**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो**

श्री योगानंद के निधन पर संस्था के सदस्यों द्वारा पश्चिमपुरी स्थित संस्था के श्री हरिकृष्ण वरिष्ठ जन सम्मान भवन पर भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

30 नवंबर 2019 को इंडिया इंटरनेशनल सेंटर दिल्ली में श्री शिवानन्द जी को अंतर्राष्ट्रीय वसुंधरा रत्न पुरस्कार से अलंकृत किया गया था। उस समय उनकी उम्र 122 वर्ष थी उनको इस सम्मान हेतु संस्था ने हवाई जहाज द्वारा कलकत्ते से आमंत्रित किया था ,उनके साथ एक सहायक भी थे, यह पुरस्कार प्रमुख प्रायोजक माननीय जे. सी. चैधरी संस्थापक, चार धाम वृंदावन , जगतगुरु स्वामी राघवाचार्य जी महाराज अयोध्या, बल्लभवैष्णवाचार्यश्रीयदुनाथश्रीजी महाराज सूरत, गौड़ीय वैष्णवाचार्य पूज्य अनुराग कृष्ण शास्त्री जी महाराज वृंदावन, बोद्ध गुरू भिक्षु संघसेना, लेह, लद्दाख,द्वारा संयुक्त रूप से वसुंधरा रत्न से अलंकृत किया था।

उस समय योगाचार्य जी ने अपना योग का भी प्रदर्शन करके सभी दर्शकों को अंचकित कर दिया था, और इस पुरस्कार हेतु संस्था के प्रति आभार प्रकट किया था। सन 2022 में उनको पद्मश्री सम्मान से भारत सरकार ने अलंकृत किया था। डा. वीडी अग्रवाल, डा. गिरीश सी गुप्ता, जनरल पी दत्ता, रमाशंकर गोयल, कर्नल नायडू आदि के अतिरिक्त उस समय हॉल में लगभग दौ सौ अधिक आमत्रिंत दर्शक उपस्थित थे

## संक्षिप्त समाचार

### यूपी : बहराइच में सैयद सालार मसूद गाजी दरगाह पर इस बार नहीं लगेगा जेठ मेला, प्रशासन ने नहीं दी अनुमति



**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो**

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के बहराइच जिले में सैयद सालार मसूद गाजी दरगाह पर इस वर्ष जेठ मेला आयोजित नहीं होगा। जिला प्रशासन ने सुरक्षा कारणों का हवाला देते हुए दरगाह प्रबंध समिति को अनुमति देने से इंकार कर दिया है। प्रशासनिक फैसले के बाद जायरीनों और स्थानीय लोगों में निराशा है, वहीं सोशल मीडिया पर भी इस निर्णय को लेकर चर्चाएँ तेज हैं। गोपनीय सूचना इकाई (एलआईयू) की एक रिपोर्ट वायरल होने के बाद प्रशासन हरकत में आया और मेले को स्थगित करने का निर्णय लिया गया। यह रिपोर्ट कमिश्नर और अन्य उच्च अधिकारियों को भेजी गई थी, जिसमें 15 मई से शुरू होने वाले मेले और 18 मई से बारातों के आगमन को लेकर सुरक्षा चिंताओं का जिक्र था। प्रशासन को भारी संख्या में जायरीनों के आगमन, उनके ठहराव, स्थानीय व्यवस्थाएं और सुरक्षा प्रबंधन को लेकर संभावित अव्यवस्थाओं की आशंका थी। इसी के चलते दरगाह प्रबंध समिति को मेले की इजाजत नहीं दी गई। सिटी मजिस्ट्रेट शालिनी प्रभाकर ने जानकारी दी कि दरगाह प्रबंध समिति की ओर से मेले के आयोजन के लिए पत्र प्राप्त हुआ था। इस पर रिपोर्ट तलब की गई, लेकिन किसी भी संबंधित अधिकारी ने आयोजन की संस्तुति नहीं दी। क्षेत्राधिकारी ने बताया कि हाल ही में कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले को देखते हुए प्रशासन सतर्क है। चूंकि जेठ मेले में हर वर्ष पांच लाख से अधिक जायरीन आते हैं, ऐसे में कानून-व्यवस्था को संभालना चुनौतीपूर्ण हो सकता है। इसी कारण से आयोजन को अनुमति नहीं दी गई। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि जनसुरक्षा और कानून व्यवस्था सर्वोच्च प्राथमिकता है, और वर्तमान परिस्थितियों को देखते हुए यह निर्णय लिया गया है।

# एनडीए के पास सुशासन का ट्रैक रिकॉर्ड: उमेश सिंह कुशवाहा

### विपक्ष के पास न तो भविष्य का विजन है, न 15 वर्षों की ठोस उपलब्धि

**स्टेट ब्यूरो चीफ/मुकेश कुमार**



पटना (बिहार) ।बिहार जद(यू)के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने रविवार को बयान जारी कर महागठबंधन की बैठक को खोखली एकता का महज दिखावा करार दिया।उन्होंने कहा कि एक ओर जहां मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में एनडीए के पास सुशासन और विकास का ठोस ट्रैक रिकॉर्ड है,वहीं दूसरी ओर विपक्ष के पास न तो जनहित के लिए कोई स्पष्ट विजन है,और न ही 15 वर्षों के शासनकाल की कोई जनकल्याणकारी उपलब्धि।श्री कुशवाहा ने कहा कि विपक्ष का इंडी गठबंधन सत्ता-स्वार्थ की बुनियाद पर खड़ा है,जबकि एनडीए ने हमेशा आम जनता के जीवन को बेहतर बनाने और राज्य में सुशासन को सुदृढ़ करने को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है।बिहार में बदले हुए जमीनी हालात और नीतीश सरकार के प्रति जनता में पैदा हुई विश्वास की भावना इस बात का प्रमाण हैं।प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि एनडीए का जिलावार कार्यकर्ता सम्मेलन ऐतिहासिक रूप से सफल रहा,जिसने यह स्पष्ट कर दिया है कि बिहार अब पूरी तरह एनडीए-मय हो चुका है और जनता का रुझान विकास और सुशासन की नीति की ओर है।उन्होंने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव में एनडीए गठबंधन 225 से अधिक सीटों पर ऐतिहासिक जीत दर्ज करेगा,विपक्ष की खोखली एकता चुनौती देने की स्थिति में दूर-दूर तक नहीं है।साथ ही उन्होंने कहा कि हमारे नेता नीतीश कुमार ने जनसेवा को अपनी प्राथमिकता बनाते हुए सुशासन और विकास के नए मानक स्थापित किए एवं जनता की उम्मीदों पर खरा उतरने का कार्य किया।

# व्यायाम के साथ मन मस्तिष्क और शरीर को निरोगी रखता है हास्य

**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो**



गोंडा। विश्व हास्य दिवस के मौके पर आवास विकास स्थित प्रेरणा पार्क में विशेष योग शिविर का आयोजन किया गया कयोगाचार्य सुधांशु द्विवेदी ने उपस्थित समस्त योग साधकों को हास्य आसान का अभ्यास करवाया और उससे होने वाले अनंत लाभ के बारे में बताया।

योगाचार्य ने कहा मन, मस्तिष्क और शरीर को निरोगी बनाने के लिए नियमित व्यायाम के साथ हास्य योग एक महत्वपूर्ण क्रिया है। हास्य योग से शरीर को नई ऊर्जा मिलती है। दिनभर के विभिन्न कार्यों को पूरी क्षमता के साथ कर पाना संभव होता है। हास्य योग एक ऐसा व्यायाम है जिसमें हँसी पर ध्यान केंद्रित किया जाता है।

इसमें कुछ आसान अभ्यासों की श्रृंखला शामिल होती है जिसमें हँसना, सांस लेना और अन्य शारीरिक गतिविधियाँ शामिल होती हैं। योगाचार्य सुधांशु द्विवेदी द्वारा हँसी के लाभ पर भी प्रकाश डाला गया क योगाचार्य ने बताया कि हँसी तनाव को कम करने, प्रतिरक्षा प्रणाली को बढ़ावा देने और सामाजिक संबंध को मजबूत करने में मदद करती है।

यह शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य दोनों के लिए फायदेमंद है।यह दिन हमें हंसी के महत्व के बारे में याद दिलाता है और हमें हँसने के लिए प्रोत्साहित करता है। यह हमें जीवन की छोटी-छोटी खुशियों का आनंद लेने के लिए प्रेरित करता है।

यह विश्व में शांति और भाईचारे को बढ़ावा देने का एक तरीका है। शिविर में आशीष गुप्ता, शिव पूजन,अश्वनी कुमार, मनीष दूबे, डॉ टीपी जयसवाल, शमीम खान, संतोष गुप्ता, रश्मि टण्डन, प्रमिला, बिंदु पांडे, पूनम दूबे,गरिमा,आभा, नेहा, ज्योति, शिल्पी, कविता, मांडवी, कांति, साधना, अनिका, ऐनी, सार्थक, माधव सहित अन्य-जन मौजूद रहे ।

# विकास प्राधिकरणों में भवन मानचित्रों के लंबित मामलों का एकमुश्त समाधान हो : योगी

**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो**



लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आवास एवं शहरी नियोजन विभाग की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की। बैठक में शहरी विकास से जुड़ी विभिन्न परियोजनाओं और योजनाओं की प्रगति का आकलन करते हुए उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि विकास प्राधिकरणों में लंबित भवन मानचित्रों के मामलों का त्वरित निस्तारण किया जाए। उन्होंने दो टूक कहा कि बार-बार आपत्तियां लगाने की प्रवृत्ति अनुचित है और एक ही बार में मामलों का निष्पक्ष समाधान किया जाना चाहिए।

मुख्यमंत्री ने यह भी निर्देश दिए कि नगरों की जीआईएस आधारित मास्टर प्लान को मई माह के अंत तक अनिवार्य रूप से अनुमोदित करा लिया जाए। अब तक 59 नगरों में से 42 की महायोजनाएं अनुमोदित हो चुकी हैं, जबकि शेष 4 नगरों- झांसी, मैनपुरी, फरुर्खाबाद-फतेहगढ़ एवं बहराइच- की प्रक्रिया को भी इसी माह में पूरा करने के निर्देश दिए गए।

बैठक में मेट्रो परियोजनाओं की स्थिति पर जानकारी दी गई कि कानपुर मेट्रो के मोतीझील से सेंट्रल स्टेशन तक 6.7 किमी अंडरग्राउंड सेक्शन का कार्य पूर्ण हो गया है। दोनों कॉरीडोर 2025 के अंत तक पूर्ण हो जाएंगे। इसी प्रकार आगरा मेट्रो का पहला कॉरिडोर दिसंबर 2025 और दूसरा 2026 तक पूरा करने का लक्ष्य है। लखनऊ मेट्रो के चारबाग से बसंतकुंज तक का कार्य (11.165 किमी) भी तेजी से जारी है।

इसके अलावा मुख्यमंत्री ने लखनऊ विकास प्राधिकरण की सीमा विस्तार की आवश्यकता पर बल दिया और जेपीएन्ाआईएसी को शीघ्र एलडीए को हस्तांतरित करने का निर्देश भी दिया।

# उद्यमी समाधान दिवस में उद्यमियों को मिलेंगी 36 ऑनलाइन सेवाएं

### योगी सरकार ने बढ़ाया औद्योगिक विकास के लिए बड़ा कदम
### उद्यमी समाधान दिवस में समस्याओं का किया जाएगा त्वरित निपटारा

**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो**

लखनऊ। उत्तर प्रदेश को औद्योगिक दृष्टि से अग्रणी राज्य बनाने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए योगी सरकार 6 मई को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान, गोमती नगर, लखनऊ में उद्यमी समाधान दिवस का आयोजन करने जा रही है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य उद्यमियों की जमीनी समस्याओं को सुनना, समझना और त्वरित समाधान सुनिश्चित करना है। उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण द्वारा उद्यमियों को निर्बाध सहायता प्रदान करने के लिए 36 ऑनलाइन ई-सर्विसेज उपलब्ध कराई जाएंगी। इन सेवाओं के माध्यम से भूमि आवंटन से लेकर उत्पादन प्रारंभ होने तक की प्रक्रिया को सरल, पारदर्शी और समयबद्ध बनाया गया है।

### प्रदेश में निवेश का माहौल होगा और अधिक सुदृढ़

यूपीसीडा के लखनऊ स्थित क्षेत्रीय एवं परियोजना कार्यालय के साथ-साथ जिला एवं मंडलीय उद्योग बंधु बैठकों के माध्यम से भी उद्यमियों की समस्याओं का समाधान सुनिश्चित किया जा रहा है। इस समाधान दिवस के माध्यम से न केवल उद्यमियों को लाभ मिलेगा, बल्कि प्रदेश में निवेश का माहौल भी और अधिक सुदृढ़ होगा। सरकार की यह पहल ईज ऑफ डूइंग बिजनेस को मजबूती प्रदान करेगी और प्रदेश को 1 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के लक्ष्य की ओर और तेजी से अग्रसर करेगी।

### औद्योगिक विकास को गति

इस अवसर पर उत्तर प्रदेश के औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल नंदी की अध्यक्षता में एक उच्च स्तरीय बैठक आयोजित की जाएगी, जिसमें राज्य के वरिष्ठ अधिकारी एवं यूपीसीडा के प्रतिनिधि भी भाग लेंगे। सरकार का मानना है कि नई ई-सेवाओं और समाधान दिवस जैसे आयोजनों से उद्योगों को बेहतर माहौल मिलेगा।

# विपक्ष के दबाव में प्रधानमंत्री मोदी ने जाति जनगणना पर सहमति जताई : राजद

पटना (भाषा) राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के वरिष्ठ नेता मनोज झा ने रविवार को दावा किया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शुरू में जाति जनगणना के विरोधी थे लेकिन बाद में विपक्ष के दबाव में इस पर सहमत हो गए।

राजद के राष्ट्रीय प्रवक्ता ने राज्य में इस साल होने वाले विधानसभा चुनावों से पहले सभी 243 विधानसभा क्षेत्रों के महागठबंधन के नेताओं की बैठक के बाद इंडिया के संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए यह बात कही।

झा ने कहा, हमारे नेता (लालू प्रसाद और तेजस्वी यादव) कई वर्षों से जाति जनगणना की मांग कर रहे हैं। बेशक, अन्य विपक्षी नेता भी यही मांग कर रहे थे। शुरूआत में, प्रधानमंत्री ने जाति जनगणना का विरोध किया, लेकिन अंततः विपक्षी दलों के दबाव में वे इस कवायद पर सहमत हो गए।

उन्होंने कहा कि राजद इस पूरी प्रक्रिया पर करीबी नजर रखेगा। उन्होंने कहा कि जाति जनगणना पहला कदम है और इसके बाद आरक्षण की सीमा बढ़ाई जानी चाहिए एवं निजी क्षेत्र में आरक्षण का प्रावधान होना चाहिए।

केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान पर परोक्ष हमला करते हुए झा ने कहा, हम बिहार के एक बड़े नेता के इस सुझाव को स्वीकार नहीं करेंगे कि जनगणना के बाद निष्कर्षों को सार्वजनिक नहीं किया जाना चाहिए। चिराग ने जाति जनगणना का समर्थन किया है, लेकिन आंकड़ों को सार्वजनिक करने का विरोध किया है।

झा ने कहा, निष्कर्ष ड्राइंग रूम में रखने के लिए सजावटी वस्तु नहीं हैं। इसके बाद आरक्षण में वृद्धि, निजी क्षेत्रों में आरक्षण का प्रावधान जैसे कदम उठाए जाने चाहिए।

लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के अध्यक्ष चिराग ने हाल में मीडियाकर्मियों से कहा कि वह जाति गणना के पक्ष में हैं, क्योंकि समुदाय आधारित विकास योजनाओं के लिए धन आवंटन के संबंध में खास आंकड़ों की आवश्यकता होती है। हालांकि, उन्होंने कहा कि आंकड़ों को सार्वजनिक नहीं किया जाना चाहिए क्योंकि इससे समाज में और विभाजन पैदा हो सकता है।

विपक्षी गठबंधन इंडिया की बैठक के बारे में झा ने कहा कि गठबंधन में शामिल दलों के नेताओं ने बिहार में आगामी विधानसभा चुनाव एकजुटता, मजबूती और समन्वय के साथ लड़ने का संकल्प लिया ताकि महागठबंधन की प्रभावशाली चुनावी जीत सुनिश्चित हो सके। झा ने कहा, महागठबंधन के नेता केंद्र और राज्य में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार की गलत कार्रवाइयों के बारे में जनता को बताएंगे।

बैठक में राजद नेता तेजस्वी यादव, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी-लेनिनवादी) लिबरेशन के महासचिव दीपांकर भट्टाचार्य, कांग्रेस के बिहार प्रभारी कृष्णा अल्लावरु और अन्य शामिल हुए।

उन्होंने कहा, आज की बैठक का उद्देश्य ह्यइंडियाह्ण के भागीदारों के बीच बेहतर समन्वय के लिए एक तंत्र विकसित करना था। लोग राजग सरकार से तंग आ चुके हैं और वे बदलाव चाहते हैं। कई लोगों ने सुझाव दिया कि इस तरह की बैठकें जिला स्तर, ब्लॉक स्तर और पंचायत स्तर पर भी होनी चाहिए।

# नीरज सेठी का एलान, हिन्दू वीरों की शहादत बेकार नहीं जाएगी, शिवसेना देगी जवाब

**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो**



करनाल, हरियाणाः शिवसेना हरियाणा प्रदेश अध्यक्ष श्री नीरज सेठी जी ने आज शहीद लेफ्टिनेंट विनय नरवाल जी के पैतृक गाँव पहुँचकर उनके परिवार से मुलाकात की और शोक संवेदना व्यक्त की। यह महत्वपूर्ण दौरा शिवसेना के मुख्य नेता माननीय मुख्यमंत्री श्री एकनाथ शिंदे जी एवं राष्ट्रीय सचिव श्री अभिजीत अडसूळ जी के निदेर्शानुसार संपन्न हुआ।

नीरज सेठी जी ने शहीद की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी और परिवार के प्रति अपनी गहरी संवेदना जताई। इस अवसर पर उन्होंने कहा, शहीद विनय नरवाल की वीरगति देश के लिए एक अपूरणीय क्षति है। शिवसेना इसे न केवल गर्व का विषय मानती है, बल्कि यह सुनिश्चित करेगी कि उनके परिवार को हरसंभव सहायता और समर्थन प्राप्त हो।

राष्ट्रीय सचिव श्री अभिजीत अडसूळ जी ने भी शहीद के पिता से फोन पर बातचीत कर उन्हें ढाँढस बंधाया और आश्वासन दिया कि शिवसेना उनके परिवार के साथ हर परिस्थिति में खड़ी रहेगी।

नीरज सेठी जी ने आगे कहा, कि यह महज एक आतंकवादी हमला नहीं था, बल्कि यह भारत में 7 मुसलमानों द्वारा 27 हिंदुओं पर किया गया हमला था।शिवसेना की विचारधारा केवल राजनीति तक सीमित नहीं, बल्कि यह देशभक्ति और सामाजिक उत्तरदायित्व का प्रतीक है। हम यहाँ सिर्फ.श्रद्धांजलि देने नहीं, बल्कि यह भरोसा दिलाने आए हैं कि शहीद के परिवार को कभी अकेला महसूस नहीं होने देंगे। हिन्दू वीरों की शहादत बेकार नहीं जाएगी शिवसेना इसका जवाब देगी।

परिवार की आर्थिक स्थिति को ध्यान में रखते हुए, शहीद की पत्नी श्रीमती हिमांशी नरवाल जी को करनाल की एक प्रतिष्ठित प्राइवेट कंपनी में नौकरी का प्रस्ताव दिया गया है। इसके साथ ही, शिवसेना इस दिशा में भी प्रयासरत है कि उन्हें सरकारी सहायता भी उपलब्ध कराई जाए। इस अवसर पर शिवसैनिक जय सुमनाक्षर, गोपाल शर्मा, मुकेश बावा, मंगेराम गुर्जर और संजीव वर्मा भी मौजूद रहे, जिन्होंने परिवार को ढाँढस बंधाया और श्रद्धांजलि दी।

# मंत्रालय ने संसदीय समिति को नमामि गंगे की सफलताओं और अपशिष्ट प्रबंधन की खामियों की जानकारी दी




नयी दिल्ली, (भाषा) नमामि गंगे योजना के कारण उत्तर प्रदेश के दो इलाकों को छोड़कर गंगा जल तीन मानदंडों पर स्नान के लायक पानी के मानकों को पूरा करता है, तथा 2017 से नदी के मुख्य हिस्से में मछलियों के मरने की कोई घटना सामने नहीं आई है।

एक आधिकारिक रिपोर्ट में दावा किया गया है।

केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने संसदीय समिति को जल प्रदूषण पर दिए गए एक नोट में विस्तारित उत्पादक उत्तरदायित्व (ईपीआर) में भी बड़े बदलाव को उजागर किया है। ईपीआर विभिन्न प्रकार के अपशिष्टों के निपटान के लिए बनाई गई एक व्यापक नीति है।

मंत्रालय ने गंगा के संरक्षण और पुनरुद्धार के लिए नरेन्द्र मोदी सरकार द्वारा शुरू किए गए नमामि गंगे कार्यक्रम पर नोट में कहा कि फर्रुखाबाद और कानपुर में पुराना राजापुर तथा मिर्जापुर से ताड़ीघाट के बीच के हिस्से को छोड़कर बाकी हिस्सों में इसका पानी स्नान के लिए पीएच, घुलित ऑक्सीजन और जैविक ऑक्सीजन मांग के मानदंडों पर खरा उतरता है।

इसमें कहा गया है कि 2017 के बाद से नदी के मुख्य भाग में अति दूषित जल रिसाव और मछलियों के मरने की कोई घटना सामने नहीं आई है।

मंत्रालय ने दावा किया कि कार्यक्रम की वजह से लगभग 719 एमएलडी (प्रतिदिन मेगालीटर) भूजल, प्रति वर्ष 1,277 मेगावाट ऊर्जा की बचत हुई है तथा कार्बन उत्सर्जन में भी कमी आई है।

हरित ईंधन से चलने वाले वाहनों को अपनाने के लिए किए जा रहे प्रयासों के बीच, नोट में कहा गया कि बैटरी अपशिष्ट के लिए राष्ट्रव्यापी ईपीआर दायित्व 3.35 लाख मीट्रिक टन से अधिक है, लेकिन लक्ष्य केवल 53,755 मीट्रिक टन ही प्राप्त किया जा सका है।

मंत्रालय ने यह जानकारी विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन संबंधी स्थायी समिति को दी है।

मंत्रालय ने बताया कि इसी प्रकार, प्लास्टिक कचरे के लिए ईपीआर 34 लाख मीट्रिक टन से अधिक था, लेकिन लक्ष्य लगभग 19 लाख मीट्रिक टन ही हासिल किया जा सका।

रिपोर्ट में कहा गया कि ई-कचरे के मामले में स्थिति बेहतर है, क्योंकि राष्ट्रव्यापी स्तर पर ईपीआर दायित्व 2.75 लाख मीट्रिक टन से अधिक है जबकि 2.54 लाख मीट्रिक टन से अधिक का लक्ष्य प्राप्त किया गया।

टायर अपशिष्ट श्रेणी में ईपीआर 20.35 मीट्रिक लाख टन है जबकि करीब 17.32 मीट्रिक लाख टन लक्ष्य प्राप्त किया गया।

## संस्कृत वैज्ञानिक भाषा, नासा ने इस पर शोधपत्र लिखे हैं: रेखा गुप्ता

नयी दिल्ली, (भाषा) दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने रविवार को दावा किया कि संस्कृत एक ''वैज्ञानिक'' भाषा है और यहां तक कि 'नेशनल एरोनॉटिक्स एंड स्पेस एडमिनिस्ट्रेशन' ने भी इसे स्वीकार किया है। संस्कृत के संबंध में यह एक ऐसा दावा है, जिसके अक्सर बहुत कम साक्ष्य मिलते हैं। गुप्ता ने राजधानी में आयोजित 10 दिवसीय संस्कृत शिक्षण पहल के समापन समारोह को संबोधित करते हुए ये बातें कहीं। उन्होंने कहा, ''यहां तक कि नासा के वैज्ञानिकों ने भी संस्कृत पर शोधपत्र लिखे हैं और पुष्टि की है कि यह एक वैज्ञानिक भाषा है। संस्कृत में कोडिंग की जा सकती है।'

गुप्ता ने संभवतः 1985 में जारी शोधपत्र के आधार पर संस्कृत भाषा के संबंध में यह दावा किया है। 'संस्कृत में ज्ञान प्रतिनिधित्व और कृत्रिम बुद्धिमत्ता' शीर्षक वाले इस शोधपत्र को नासा एम्स रिसर्च सेंटर से जुड़े शोधकर्ता रिक ब्रिग्स ने लिखा था, जिन्होंने यह साबित करने का प्रयास किया था कि ''प्राकृतिक भाषा कृत्रिम भाषा के रूप में भी काम कर सकती है।''

# न्यायालय ने ईडी की शक्तियों पर फैसले के खिलाफ सुनवाई के लिए पीठ का पुनर्गठन किया



नयी दिल्ली, (भाषा) उच्चतम न्यायालय ने तीन न्यायाधीशों की पीठ का पुनर्गठन किया है जो यह तय करेगी कि धन शोधन रोकथाम अधिनियम (पीएमएलए) के तहत गिरफ्तारी और संपत्ति कुर्क करने की प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की शक्तियों को बरकरार रखने वाले उसके 2022 के फैसले पर पुनर्विचार की जरूरत है या नहीं।

न्यायमूर्ति सूर्यकांत, न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुइयां और न्यायमूर्ति एन कोटिश्वर सिंह की पुनर्गठित पीठ 2022 के फैसले पर पुनर्विचार के अनुरोध वाली याचिकाओं पर विचार करेगी। मामले की सुनवाई सात मई को होगी। इससे पहले, न्यायमूर्ति सूर्यकांत, न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुइयां और न्यायमूर्ति सी टी रविकुमार की पीठ मामले की सुनवाई कर रही थी। न्यायमूर्ति रविकुमार पांच जनवरी को सेवानिवृत्त हुए।

छह मार्च को जब याचिकाओं को दो न्यायाधीशों की पीठ के समक्ष सूचीबद्ध किया गया, तो न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने मामले में उपस्थित वकीलों से कहा कि इसे गलत तरीके से सूचीबद्ध किया गया है और उन्हें आश्वासन दिया कि जल्द ही तीन न्यायाधीशों की एक नयी पीठ इस मुद्दे पर विचार करेगी।

जुलाई 2022 में शीर्ष अदालत ने पीएमएलए के तहत धन शोधन के मामले में गिरफ्तारी और संपत्ति की कुर्की, तलाशी और जब्ती की ईडी की शक्तियों को बरकरार रखा। उस साल अगस्त में, शीर्ष अदालत ने अपने फैसले पर पुनर्विचार के अनुरोध वाली याचिकाओं पर सुनवाई करने को लेकर सहमति व्यक्त की और कहा कि दो पहलुओं पर ''प्रथम दृष्टया'' पुनर्विचार की आवश्यकता है। इनमें प्रवर्तन मामला सूचना रिपोर्ट (ईसीआईआर) प्रदान नहीं करना और निर्दोष होने की धारणा को उलटना शामिल हैं।


उच्चतम न्यायालय ने कहा कि दुनिया भर में धन शोधन वित्तीय प्रणाली के सुचारू संचालन के लिए एक ''खतरा'' है। न्यायालय ने पीएमएलए के कुछ प्रावधानों की वैधता को बरकरार रखा तथा रेखांकित किया कि यह कोई ''सामान्य अपराध'' नहीं है।

शीर्ष अदालत ने कहा था कि 2002 के कानून के तहत प्राधिकारी ''वास्तव में पुलिस अधिकारी नहीं थे'' और ईसीआईआर को दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) के तहत प्राथमिकी के समान नहीं माना जा सकता।

न्यायालय ने कहा था कि प्रत्येक मामले में संबंधित व्यक्ति को ईसीआईआर की प्रति उपलब्ध कराना अनिवार्य नहीं है और यदि ईडी गिरफ्तारी के समय इसके लिए आधार बता दे तो यह पर्याप्त है।

यह फैसला पीएमएलए के विभिन्न प्रावधानों पर सवाल उठाने वाले व्यक्तियों और अन्य संस्थाओं द्वारा दायर 200 से अधिक याचिकाओं पर आया है। विपक्ष अक्सर दावा करता है कि सरकार अपने राजनीतिक विरोधियों को परेशान करने के लिए इस कानून का इस्तेमाल करती है।

# पहलगाम हमला करने वाले आतंकी 'जाहिल' लेकिन घटना को लेकर मुस्लिमों को निशाना बनाना गलत: अरशद मदनी



नयी दिल्ली, (भाषा) जमीयत उलेमा-ए-हिंद (एएम) के प्रमुख मौलाना अरशद मदनी ने पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले में सैलानियों को मजहब पूछकर मारने वाले आतंकवादियों को 'जाहिल' बताते हुए रविवार को कहा कि इस्लाम किसी भी बेगुनाह के कत्ल की इजाजत नहीं देता है और इस हमले की आड़ में मुस्लिम समुदाय को निशाना बनाना भी गलत है।

मौलाना मदनी ने कहा कि पहलगाम हमले के बाद कश्मीर में जिन लोगों के घर ढहाए गए हैं और सरकार को अगर ''100 फीसदी यकीन' है कि वे इसमें शामिल थे, तो यह कार्रवाई बिल्कुल ठीक है। पाकिस्तान का नाम लिए बिना उन्होंने यह भी कहा कि भविष्य में ऐसे किसी आतंकी हमले को रोकने के लिए सरकार को इसके स्रोत को बंद करना होगा।

जमीयत (एएम) की दो दिवसीय कार्य समिति की बैठक के बाद यहां पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि पहलगाम में हमला करने वाले आतंकवादी इस्लाम के बारे में कुछ नहीं जानते और वे 'जाहिल हैं क्योंकि इस्लाम बेगुनाह के कत्ल की इजाजत नहीं देता।

मदनी ने सुरक्षा चूक के सवाल पर कहा कि सरकार इसकी जांच कराए कि सीमा के भीतर इतना बड़ा हमला कैसे हो गया। उन्होंने पाकिस्तान का नाम लिए बिना कहा कि सरकार को आतंकवाद के उस स्रोत को रोकना चाहिए जहां से यह हो रहा है।

पहलगाम हमले के बाद देश के अलग- अलग हिस्सों में मुस्लिमों और कश्मीरी लोगों को निशाना बनाने की घटनाओं पर उन्होंने आरोप लगाया, ''यह सरकार की नीति है नफरत की, इसलिए वो ये कर रहे हैं। वरना ये नहीं होना चाहिए। अपने मुल्क में शांति कायम रखना चाहिए। जो लोग ऐसा कर रह रहे हैं वो लोग मुजरिम हैं।''

पहलगाम हमले के संदर्भ में उन्होंने कहा कि दोषियों को दी जाने वाली किसी भी सजा का वह समर्थन करेंगे लेकिन निर्दोष लोगों को निशाना बनाना सही नहीं है।

हमले में पाकिस्तान की संलिप्तता संबंधी एक सवाल के जवाब में मदनी ने कहा कि किसी पर जुल्म के लिए अपनी जमीन, हथियारों और लोगों का इस्तेमाल किए जाने की वह निंदा करते हैं- फिर चाहे पाकिस्तान हो, अमेरिका, चीन या हिंदुस्तान ही क्यों न हो।

जम्मू कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादियों ने 22 अप्रैल को 26 लोगों की हत्या कर दी थी जिनमें ज्यादातर सैलानी थे।

अवैध बांग्लादेशी प्रवासियों के खिलाफ की जा रही कार्रवाई को उन्होंने सही ठहराया लेकिन साथ ही कहा कि इसकी आड़ में बांग्ला भाषी पश्चिम बंगाल, असम और त्रिपुरा के लोगों को परेशान नहीं किया जाना चाहिए।

## दिल्ली : भैरों मंदिर के पास कारोबारी को गोली मारी, पुलिस को लूटपाट का संदेह

नयी दिल्ली, (भाषा) मध्य दिल्ली के तिलक मार्ग पर मोटरसाइकिल सवार अज्ञात हमलावरों ने घर लौट रहे एक कारोबारी को गोली मार दी जिससे वह घायल हो गया। एक पुलिस अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी।

पुलिस सूत्रों ने बताया कि नोएडा निवासी राजेंद्र शुक्रवार की रात करीब 10.15 मिनट पर दिल्ली के चांदनी चौक स्थित अपनी इत्र की दुकान से लौट रहे थे कि तभी भैरों मंदिर के पास हमलावरों ने उन पर हमला कर दिया।

पुलिस ने कहा, ''राजेंद्र का कथित तौर पर पीछा कर रहे हमलावरों ने मंदिर के पास गोलियां चलाईं। घायल होने के बावजूद, वह अपने कारोबारी सहयोगी को सूचित करने में कामयाब रहे, जिसने उन्हें अस्पताल पहुंचाया।'' इसने बताया कि राजेंद्र का उपचार जारी है।

# पहलगाम हमला: माकपा ने जवाबदेही तय करने की मांग की



नयी दिल्ली, (भाषा) मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) ने रविवार को कहा कि पहलगाम में आतंकवादी हमला एक बड़ी सुरक्षा चूक का परिणाम था, जिसकी जांच होनी चाहिए और इसके लिए जवाबदेही तय की जानी चाहिए। पार्टी ने यह भी कहा कि हमले का इस्तेमाल ध्रुवीकरण पैदा करने के लिए किया जा रहा है।

माकपा ने आतंकी हमले के दोषियों की पहचान करने और उन्हें दंडित करने को प्राथमिकता देने पर जोर दिया। पोलित ब्यूरो की बैठक के एक दिन बाद जारी बयान में माकपा ने कहा कि सरकार को पहलगाम हमले पर एक 'डोजियर' (दस्तावेज) तैयार करना चाहिए, जिसे अंतरराष्ट्रीय समुदाय के सामने रखा जाना चाहिए।

माकपा पोलित ब्यूरो ने 22 अप्रैल के हमले में 26 लोगों के मारे जाने को लेकर एक मिनट का मौन रखा और घटना पर दुख व्यक्त किया।

वामपंथी पार्टी ने कहा कि दोषियों को पकड़ने और उन्हें दंडित करने के लिए प्रयास किए जाने चाहिए। माकपा ने कहा, ''आतंकवादी हमला एक बड़ी सुरक्षा चूक का परिणाम था। इसकी जांच होनी चाहिए और जिम्मेदारी तय की जानी चाहिए ताकि सुधारात्मक उपाय किए जा सकें।''

पोलित ब्यूरो ने सोशल मीडिया पर मुसलमानों और कश्मीरियों के खिलाफ नफरत भरे अभियान एवं हमलों की घटनाओं की भी निंदा की।

पड़ोसी देश में सक्रिय आतंकवादी संगठनों की गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए पाकिस्तान के खिलाफ सरकार के कूटनीतिक कदमों का उल्लेख करते हुए माकपा ने कहा कि प्राथमिकता अपराधियों और उनके आकाओं की पहचान करने तथा अंतरराष्ट्रीय समुदाय के समक्ष प्रस्तुत करने के लिए एक 'डोजियर' तैयार करने की होनी चाहिए।

माकपा ने कहा, ''इस मामले को उचित हस्तक्षेप के लिए वित्तीय कार्रवाई कार्य बल (एफएटीएफ) के समक्ष उठाया जाना चाहिए। सरकार को गंभीरता से इस बात पर विचार करना चाहिए कि क्या सैन्य कार्रवाई सीमा पार आतंकवाद पर अंकुश लगाने के उद्देश्य को पूरा करेगी।''

पार्टी ने कश्मीर के लोगों पर हमले की भी निंदा और आतंकी घटना के बाद उनके प्रदर्शन को ''सबसे महत्वपूर्ण घटना'' बताया।

माकपा ने कहा, ''घाटी में बंद का आयोजन किया गया। जम्मू कश्मीर में आतंकवादी तत्वों को अलग-थलग करने के लिए इसी लोकप्रिय भावना का निर्माण किया जाना चाहिए। आतंकवादियों के मकानों को ध्वस्त करने जैसे कोई कदम नहीं उठाए जाने चाहिए, क्योंकि इससे निर्दोष परिवार प्रभावित होते हैं और लोग अलग-थलग पड़ जाते हैं।''

पार्टी ने आरोप लगाया कि भाजपा नीत केंद्र सरकार द्वारा वक्फ (संशोधन) अधिनियम लागू किए जाने के बाद अल्पसंख्यकों पर हमले हुए और उनकी संपत्तियों को निशाना बनाया गया।

वामपंथी पार्टी ने कहा कि भाजपा इस कानून का इस्तेमाल धार्मिक आधार पर लोगों को ध्रुवीकृत करने के लिए कर रही है।

इसने सत्तारूढ़ पार्टी के कुछ नेताओं की टिप्पणियों की ओर इशारा किया, जिसमें उन्होंने ''चर्च के स्वामित्व वाली संपत्तियों'' पर ध्यान केंद्रित करने की बात कही थी।

# फवाद खान, आतिफ असलम आबिदा परवीन के इंस्टाग्राम अकाउंट पर भारत में रोक



नयी दिल्ली, (भाषा) पहलगाम हमले के बाद भारत में फवाद खान, आतिफ असलम और 'सनम तेरी कसम' में अभिनय करने वाली मावरा होकेन तथा जानी-मानी गायिका आबिदा परवीन समेत कई पाकिस्तानी सितारों के इंस्टाग्राम अकाउंट पर रोक लगा दी गई है।

ारत में जब इन लोगों के प्रशंसकों ने उनके इंस्टाग्राम पेज पर पहुंचने की कोशिश की तो यह संदेश आया, ''भारत में खाता उपलब्ध नहीं है। ऐसा इसलिए है, क्योंकि हमने इस सामग्री को प्रतिबंधित करने के कानूनी अनुरोध का अनुपालन किया है।''

फवाद खान लगभग नौ साल बाद फिल्म ''अबीर गुलाल'' के साथ बॉलीवुड में वापसी करने वाले थे, लेकिन हमले के बाद अब इसकी रिलीज अधर में लटक गई है।

'जल बैंड' के पूर्व सदस्य और ''मेरे हमसफर'' के अभिनेता फरहान सईद, मशहूर गीत ''पसूरी'' के गायक अली सेठी के अलावा अभिनेत्री सबा कमर (हिंदी मीडियम) और अदनान सिद्दीकी (मॉम) के इंस्टाग्राम अकाउंट भी भारत में अब उपलब्ध नहीं हैं।

# दिल्ली की आजादपुर सब्जी मंडी से बांग्लादेश के चार नागरिक गिरफ्तार

नयी दिल्ली, (भाषा) उत्तर-पश्चिमी दिल्ली के आजादपुर सब्जी मंडी इलाके से कथित तौर पर अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेश के चार नागरिकों को गिरफ्तार किया गया है। एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी।

अधिकारी ने बताया कि ये बांग्लादेशी इलाके में ट्रांसजेंडर के वेश में रह रहे थे।

उन्होंने कहा कि शनिवार को एक अभियान के दौरान इन लोगों को गिरफ्तार किया गया। अधिकारी ने बताया कि सभी बांग्लादेशियों को आगे की निर्वासन कार्यवाही के लिए विदेशी क्षेत्रीय पंजीकरण कार्यालय (एफआरआरओ) को सौंप दिया गया है।

उन्होंने कहा कि चारों लोग यातायात सिग्नल पर भीख मांगते थे और पकड़े जाने से बचने के लिए वे अपने परिजनों से एक प्रतिबंधित ऐप का इस्तेमाल कर बातचीत करते थे।

पुलिस ने खुलासा किया कि उन्होंने अपना रूप बदलने और पहचान से बचने के लिए मामूली सर्जरी और हार्मोन संबंधी उपचार कराया था।

अधिकारियों ने कहा कि आरोपियों की पहचान मोहम्मद अरमान (21), मोहम्मद आरिफ (26), मोहम्मद जाहिद (21) और मोहम्मद बाबुल (40) के रूप में हुई है तथा ये सभी बांग्लादेश के नारायणगंज के निवासी हैं।

पुलिस ने बताया कि पूछताछ के दौरान उन्होंने स्वीकार किया कि वे एजेंट की मदद से अवैध रूप से सीमा पार कर भारत में घुसे थे और बाद में ट्रेन से दिल्ली पहुंचे थे।

आरोपियों के पास से दो स्मार्टफोन जब्त किए गए हैं। दोनों स्मार्टफोन में प्रतिबंधित ऐप थे और वे बांग्लादेश में अपने परिजनों से बातचीत करने के लिए इनका इस्तेमाल करते थे।

## अमेरिका के साथ व्यापार समझौते में किसानों को नुकसान पहुंचाने वाले कदमों का विरोध करे भारत : माकपा

नयी दिल्ली, (भाषा) माकपा ने कहा है कि भारत को अमेरिका के साथ द्विपक्षीय व्यापार समझौता करते समय किसानों के हितों को नुकसान पहुंचाने वाले कदमों का विरोध करना चाहिए।

पार्टी ने नरेन्द्र मोदी सरकार पर वाशिंगटन को खुश करने के लिए स्वेच्छा से अमेरिकी आयात पर शुल्क में कटौती करने का आरोप लगाया है। वामपंथी पार्टी के पोलित ब्यूरो की बैठक के एक दिन बाद रविवार को जारी एक बयान में अंतरराष्ट्रीय समुदाय से आह्वान किया गया कि वह इजराइल पर गाजा में युद्ध विराम घोषित करने के लिए दबाव डाले तथा वहां के लोगों को भोजन और अन्य आवश्यक वस्तुओं तक ''निर्बाध'' पहुंच की अनुमति दे। गाजा में जारी संघर्ष की निंदा करते हुए इसमें कहा गया कि क्षेत्र के लोग इजराइली हमलों और सहायता सामान ले जा रहे वाहनों की आवाजाही पर प्रतिबंध के कारण बड़े पैमाने पर भुखमरी से पीड़ित हैं।

# आबकारी नीति: अदालत आज केजरीवाल, सिसोदिया की याचिकाओं पर सुनवाई करेगी



नयी दिल्ली, (भाषा) दिल्ली उच्च न्यायालय सोमवार को आम आदमी पार्टी के नेताओं अरविंद केजरीवाल और मनीष सिसोदिया की याचिकाओं पर सुनवाई करेगा। ये याचिकाएं कथित आबकारी नीति घोटाले में प्रवर्तन निदेशालय द्वारा दाखिल आरोपपत्र पर संज्ञान लेने के निचली अदालत के फैसले के खिलाफ दायर की गई हैं।

ये याचिकाएं 2024 में दायर की गई थीं। ये याचिकाएं न्यायमूर्ति रविंदर डुडेजा के समक्ष सुनवाई के लिए सूचीबद्ध हैं। दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री के अनुसार, विशेष अदालत ने घोटाले से जुड़े धन शोधन मामले में दाखिल आरोपपत्र पर संज्ञान लिया, जबकि उनके खिलाफ मुकदमा चलाने के लिए कोई मंजूरी नहीं ली गई थी। केजरीवाल ने अपनी याचिका में कहा कि यह मंजूरी आवश्यक थी, क्योंकि कथित अपराध के समय वह लोक सेवक थे। पूर्व उपमुख्यमंत्री ने भी इसी तरह की आपत्तियां उठाई हैं। सिसोदिया ने अपनी याचिका में कहा कि चूंकि उनके खिलाफ आरोप एक लोक सेवक के तौर पर उनके द्वारा किए गए आधिकारिक कार्यों से संबंधित हैं, इसलिए मुकदमा चलाने के लिए पूर्व मंजूरी की आवश्यकता है। निचली अदालत के आदेश को रद्द करने के अनुरोध के अलावा केजरीवाल ने मामले में सभी कार्यवाही रद्द करने का भी याचिका में अनुरोध किया है। उच्च न्यायालय ने केजरीवाल की याचिका पर 21 नवंबर 2024 को ईडी को नोटिस जारी किया और उस स्तर पर निचली अदालत की कार्यवाही पर रोक लगाने से इनकार कर दिया।

**NOTICE**

I, Sanga Tenzin S/o Urgen Gonpo R/o Camp No 3, House No 59, Sonamling Tibetan Settlement, Choglamsar Leh, UT Ladakh do hereby inform that my name has been wrongly recorded in my service record as Sagnag instead of Sanga Tenzin. That my actual name is Sanga Tenzin. Now,

I am applying for correction of my name in service record. Objection, if any, conveyed within seven days of this publication.




# एम्स के शोधकर्ताओं ने दुर्लभ आनुवंशिक विकारों के लिए अग्रणी नैदानिक उपकरण विकसित किया



नयी दिल्ली, (भाषा) अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स), दिल्ली के शोधकर्ताओं ने प्राइमरी सिलिअरी डिस्किनीशिया या पीसीडी के निदान के लिए एक शक्तिशाली नयी विधि विकसित की है। यह एक दुर्लभ आनुवंशिक विकार है जो श्वसन प्रणाली को प्रभावित करता है।

ट्रांसमिशन इलेक्ट्रॉन माइक्रोस्कोपी (टीईएम) पर आधारित यह नवीन तकनीक, सिलिअरी विकारों का पता लगाने और समझने के तरीके में क्रांतिकारी बदलाव लाएगी।

सिलिअरी विकार एक आनुवंशिक विकार है जो सिलिया (छोटे, बाल जैसे उपांग) के कार्य को बाधित करता है, जिससे श्वसन संबंधी समस्याएं उत्पन्न होती हैं।

एनाटॉमी विभाग में इलेक्ट्रॉन माइक्रोस्कोप फैसिलिटी के डॉ. सुभाष चंद्र यादव और शिशु रोग विभाग के प्रोफेसर काना राम जाट नेतृत्व में मिली इस उपलब्धि को हाल ही में माइक्रोस्कोपी एंड माइक्रोएनालिसिस (ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय) पत्रिका में प्रकाशित किया गया है।

लेख का शीर्षक 'श्वसन संबंधी सिलिअरी विकारों के निदान के लिए एक अभिनव टीईएम-आधारित अल्ट्रास्ट्रक्चरल इमेजिंग पद्धति' था। अध्ययन में उस विधि का विस्तृत विवरण दिया गया है जो लगभग 70 प्रतिशत संदिग्ध मामलों में गतिशील सिलिया में संरचनात्मक दोषों की पहचान करके नैदानिक सटीकता में नाटकीय रूप से सुधार करती है - यह एक ऐसी उपलब्धि है जो अत्याधुनिक सम्पूर्ण जीनोम अनुक्रमण से भी मेल नहीं खाती।

इस विधि का प्रयोग संदिग्ध सिलिअरी विकार वाले 200 रोगियों पर किया गया, तथा 135 मामलों में निदान की पुष्टि हुई।

शोधकर्ताओं ने दावा किया कि इस तकनीक का दायरा पीसीडी से कहीं आगे तक फैला हुआ है।

यह श्वसन संबंधी विसंगतियों, गुर्दे की सिस्टिक बीमारी, नेत्रहीनता, तंत्रिका ट्यूब दोष, बौद्धिक दिव्यांगता, कंकाल संबंधी असामान्यताएं (जैसे पॉलीडेक्टली और असामान्य रूप से छोटे अंग), एक्टोडर्मल दोष, साइटस इनवर्सस (ऐसी स्थिति जहां आंतरिक अंग प्रतिबिंबित होते हैं) और बांझपन सहित दुर्लभ सिलिअरी विकारों से संबंधित स्थितियों की एक श्रृंखला का सटीक रूप से पता लगा सकता है।

शोधकर्ताओं ने कहा कि इस कार्यप्रणाली को जो चीज अलग बनाती है, वह इसका व्यापक और परिष्कृत कार्यप्रवाह है।



# राजश्री मेडिकल कॉलेज एमबीबीएस के दो छात्र नदी में बहे

## एक छात्र को ग्रामीणों की तत्काल तत्परता से बचाया गया,भंवर में डूबे दूसरे छात्र के लिए 24 घंटे से लगातार रेस्क्यू ऑपरेशन जारी नहीं मिली सफलता

नेशनल एक्सप्रेस



बरेली। मामला फतेहगंज पश्चिमी थाना क्षेत्र का है जहां राजश्री मेडिकल कॉलेज के एमबीबीएस प्रथम वर्ष के दो छात्र शनिवार रात नदी में नहाने के दौरान बह गए। ग्रामीणों ने तत्काल तत्परता दिखाते हुए एक छात्र को सकुशल बचा लिया, जबकि दूसरा छात्र नदी की तेज धार और भंवर में फंसकर लापता हो गया। पुलिस और स्थानीय गोताखोरों ने देर रात तक उसकी तलाश जारी रखी, लेकिन सफलता नहीं मिली। छात्र की दूसरे दिन भी तलाश जारी है।गोरखपुर निवासी आराध्य मिश्रा और हरियाणा के महेंद्रगढ़ निवासी शनिदेव कॉलेज से शनिवार रात नौ बजे निकले। दोनों भाखड़ा और बहगुल नदियों के संगम पर पहुंचे और गर्मी से राहत पाने के लिए नदी में उतर गए। नहाते समय दोनों गहरे पानी में चले गए और डूबने लगे। तट पर मौजूद ग्रामीणों ने आराध्य को सुरक्षित बाहर निकाल लिया, लेकिन शनिदेव तेज धार में बह गया। लापता छात्र की दूसरे दिन भी तलाश जारी है लेकिन अभी तक उसका कोई सुराग नहीं लगा है। घटना की सूचना मिलते ही इंस्पेक्टर प्रदीप कुमार चतुर्वेदी पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने बताया कि घटना स्थल पर पानी की गहराई 18-20 फुट है और भंवर भी बनता है। ग्रामीण तैराकों ने काफी कोशिश की, लेकिन शनिदेव का कोई पता नहीं चल सका।

गोताखोरों से संपर्क किया गया, लेकिन रात के अंधेरे में काम करने में असमर्थता जताई गई। पुलिस ने बताया कि सुबह से ही तलाशी अभियान शुरू कर दिया है। इस घटना से कॉलेज और स्थानीय क्षेत्र में शोक का माहौल है।

# एक और समुदाय विशेष की युवती ने सनातनी युवक से किया प्रेम विवाह

नेशनल एक्सप्रेस



बरेली। मामला बारादरी थाना क्षेत्र का है जहां समुदाय विशेष की युवती प्रेमी के साथ घर से लापता हुई उसके बाद युवती मंतशा ने धर्म परिवर्तन कर प्रेम विवाह कर लिया है। युवती ने इंस्टाग्राम पर वीडियो जारी कर अपने विवाह की पुष्टि करते हुए खुद को पूरी तरह सुरक्षित बताया है। साथ ही परिजनों से जान का खतरा बताते हुए बरेली एसएसपी से सुरक्षा की मांग की है। मंतशा ने सोशल मीडिया पर वीडियो के साथ अपनी शादी की तस्वीरें भी साझा की हैं, जिनमें वह वरमाला और शादी के जोड़े में नजर आ रही है। वीडियो में मंतशा ने बताया कि वह स्वेच्छा से हरीशंकर उर्फ लुक्का के साथ गई थी और अब उससे शादी कर चुकी है। उसका कहना है कि उस पर कोई दबाव नहीं है और वह अपने फैसले से पूरी तरह संतुष्ट है। युवती ने आरोप लगाया की उसके परिजनों ने प्रेमी हरीशंकर और उसके परिजनों के खिलाफ बारादरी थाने में झूठी रिपोर्ट दर्ज कराई है। उसने दावा किया कि उसके चाचा-चाची उसे जान से मारने की धमकी दे चुके हैं, जिस कारण वह थाने जाकर बयान नहीं दे सकती। वीडियो में मंतशा ने कहा, ह्वअगर मैं थाने गई, तो चाचा-चाची रास्ते में ही मुझे जान से मार देंगे। इसलिए मेरी गुजारिश है कि मेरे इस बयान को गंभीरता से लिया जाए और मुझे सुरक्षा दी जाए ह्व एक अप्रैल को युवती के घर से गायब होने के बाद परिजनों ने दूसरे समुदाय के कुछ लोगों पर बहला-फुसलाकर भगा ले जाने का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया था। मामला अलग-अलग संप्रदाय का होने के नाते क्षेत्र में तनाव का माहौल भी बन गया था। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है। युवती के सामने आने और बयान देने के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी। इस बीच मंतशा ने अपील की है कि उसके ससुराल पक्ष को परेशान न किया जाए क्योंकि वह स्वेच्छा से उनके साथ रह रही है और पूरी तरह सुरक्षित है।

सनातन धर्म में स्त्रियों को सुरक्षा और सम्मान का दर्जा दिया जाता है। समुदाय विशेष की तरह तलाक, तलाक ,तलाक बोलकर स्त्री की जिंदगी को जहन्नम की आग में नहीं झोंक जाता है। हिंदू लड़के से शादी के बाद उसका जीवन सुरक्षित है।

# बरेली में 23 परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित हुई नीट परीक्षा 2025

## परीक्षा को सकुशल, शुचितापूर्ण एवं नकलविहीन सम्पन्न कराने हेतु दिए आवश्यक दिशा निर्देश

नेशनल एक्सप्रेस /दुष्येन्द्र कुमार



बरेली ! जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने आज राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) परीक्षा-2025 को सकुशल और शुचितापूर्ण तरीके से सम्पन्न कराने के उद्देश्य से विभिन्न परीक्षा केन्द्रो का निरिक्षण किया।जनपद बरेली में 23 परीक्षा केन्द्रो पर परीक्षा आयोजित की गयी परीक्षा के दौरान विभिन्न परीक्षा केंद्रों यथा मौलाना आजाद इंटर कॉलेज, सी. बी. गंज इंटर कॉलेज तथा राजकीय इंटर कॉलेज जाकर जिलाधिकारी ने व्यवस्थाओ का जायजा लिया।निरिक्षण के दौरान शांतिपूर्ण तरीके से परीक्षा संचालित होती पायी गयी। परीक्षा केन्द्रो पर बनाये गए सीसीटीवी कंट्रोल रूम आदि के माध्यम से परीक्षा कक्षों का भी जायजा लिया गया, समस्त कैमरे संचालित अवस्था में पाए गए।

निरिक्षण के दौरान निर्देश दिए गए कि परीक्षा हेतु निर्धारित नियमों का उचित प्रकार से अनुपालन किया जाए, इसमें किसी प्रकार की लापरवाही ना बरती जाए। परीक्षा को सकुशल, शुचितापूर्ण एवं नकलविहीन सम्पन्न कराने हेतु आवश्यक निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने इस दृष्टि से भी व्यवस्थाओ को परखा कि परीक्षा केंद्र तक आने - जाने में में किसी प्रकार की समस्या तो नहीं है साथ ही उर्स के दृष्टिगत ट्रैफिक व्यवस्थाएं किस प्रकार की है।

# पुलिस कर्मी का शव मिलने से सनसनी

## आत्महत्या या फिर रंजिशन की गई हत्या

## पुलिस लाइन में तैनात पुलिस कर्मी का संदिग्ध परिस्थितियों में मिला शव जांच प्रारंभ पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद होगी स्थिति स्पष्ट

नेशनल एक्सप्रेस/पवन त्रिपाठी



बरेली। मामला कैंट क्षेत्र का है जहां नकटिया चौकी क्षेत्र में शनिवार देर रात एक पुलिसकर्मी का शव पुल के नीचे संदिग्ध परिस्थितियों में बरामद हुआ। मृतक की पहचान बरेली पुलिस लाइन में तैनात सिपाही संजय के रूप में हुई है, जो मूल रूप से संभल जिले का निवासी था। वह वर्तमान में बरेली के नकटिया क्षेत्र स्थित वृंदावन कॉलोनी में अपने परिवार के साथ निवास कर रहा था।स्थानीय लोगों ने पुल के नीचे शव देखे जाने की सूचना पुलिस को दी, क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। सूचना पर तत्काल प्रतिक्रिया देते हुए सीओ सिटी आशुतोष शिवम पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और पूरे घटनास्थल की घेराबंदी कर जांच शुरू की। शव को मौके से कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। सिपाही संजय शनिवार की शाम तक ड्यूटी पर मौजूद था और रात में वह घर नहीं लौटा। जब परिजनों ने संपर्क करने की कोशिश की तो मोबाइल बंद मिला। इसके कुछ घंटों बाद ही पुल के नीचे उसका शव मिलने की सूचना आई। संजय के शव की स्थिति को देखते हुए पुलिस इसे संदिग्ध मानकर चल रही है और कई पहलुओं से जांच शुरू कर दी गई है। फिलहाल यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि यह आत्महत्या का मामला है, दुर्घटना है या फिर किसी आपराधिक साजिश के तहत हत्या की गई है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों की पुष्टि की जा सकेगी। यहां आपको यह भी बताते चले पुलिसकर्मी शराब पीने का आदि था।

सीओ सिटी आशुतोष शिवम का कहना है कि इस मामले की गहनता से जांच करने के लिए एक टीम गठित कर दी है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है और उसके मोबाइल कॉल डिटेल्स को भी खंगालने की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है, जिससे यह पता लगाया जा सके की घटना से पूर्व वह किन लोगों के संपर्क में था। जल्द की मामले की गुत्थी सुलझा ली जाएगी। इस तरह पल के नीचे पुलिसकर्मी का शव मिलना इलाके में चर्चा का विषय बनी आसपास के क्षेत्र में दहशत व्याप्त है।

# ताजुश्शरिया मुस्लिम दुनिया के सबसे बड़े धार्मिक और रोहानी गुरु

## गंगा जमुना तहजीब के शहर बरेली में चल रहा है सातवें उर्स का आयोजन जायरीनों से गुलजार हुआ शहर

नेशनल एक्सप्रेस



बरेलीः- ताजुश्शरिया हजरत मुफ्ती अख्तर रजा खां उर्फ अजहरी मियां के सातवें उर्स के मौके पर ग्रांड मुफ्ती हाउस में ताजुश्शरिया और हमारी जिम्मेदारियां के मुद्दे पर एक विचार गोष्टी का आयोजन हुआ।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए मौलाना मुफ्ती शहाबुद्दीन रजवी ने कहा कि हजरत ताजुश्शरिया की शख्सियत बड़ी महत्वपूर्ण थी, लोगों ने उनकी जिंदगी में उनकी एहमियत को नहीं समझा, उन्होंने दो दर्जन से ज्यादा उर्दू में पुस्तकें लिखी, और इतनी ही किताबें उन्होंने अरबी भाषा में लिखी। उनके कारनामों में सबसे बड़ा कारनामा ये हैं कि उन्होंने अरब दुनिया में आला हजरत के मिशन का प्रचार व प्रसार किया। मगर कुछ दिनों से ये देखा जा रहा है कि बहुत छोटे-छोटे मामलात में उलझने की वजह से ताजुश्शरिया के मिशन का काम रुक गया है।

मौलाना मुजाहिद हुसैन कादरी ने कहा कि ताजुश्शरिया भारत के रोहानी सिलसिले के सबसे बड़े पीर थे, उनके जरिए कादरी,बरकाती, रजवी रोहानी परम्पराओं ने खुब परवान चढ़ा। वो जिस क्षेत्र में जाते थे, हजारों की तादाद में लोग मुरिद हो जाते थे।मौलाना अली इलाहाबादी ने कहा कि उनके इतने खलीफा है,जितने किसी पीर के मुरीद हुआ करतें हैं। उन्होंने अपने नाना मुफ्ती ए आजम हिंद की दी गई जिम्मेदारीयों को अच्छें से निभाया।

एम एस ओ के अध्यक्ष डॉ सुजात अली कादरी ने कहा कि ताजुश्शरिया बहुत सारी खुबियों की वजह से जाने जाते थे, इसमें सबसे बड़ी खूबी उनकी हक और सच्ची बात कहना थी। उन्होंने शरियत से हटे हुए किसी भी व्यक्ति को देखा , चाहे कोई अपना हो या पराया, उसको फौरन शरियत का हुक्म बताया, और गलत रास्ते पर न चलने की हिदायत की। ये खूबी आज के उलमा में नहीं पाई जाती है। उन्होंने शरियत के मामले में कभी किसी की परवाह नहीं की।

हाजी नाजीम बेग ने कहा कि हजरत ताजुश्शरिया के नुरानी चेहरा देखने के बाद इमान ताजा हो जाता था।

आल इंडिया मुस्लिम जमात के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना शहाबुद्दीन रजवी बरेलवी की दुआ पर गोष्टी सम्पन्न हुई, जिसमें मुख्य रूप से मौलाना हामीद नुरानी, मुफ्ती हाशीम रजा खां, मौलाना अफसार हबीबी, मुफ्ती अब्दुल वाहिद, हाफिज ताहिर फरीदी, आरीफ अंसारी, अब्दुल हसीब खां, रोमान अंसारी, मुन्ना कुरैशी, शहनवाज वारसी, जोहेब अंसारी आदि उपस्थित रहे।

# आखिर कब खत्म होगा दहेज भेडियों के मौत का तांडव

नेशनल एक्सप्रेस



बरेली मामला थाना देवरनिया क्षेत्र का है जहां गांव सिथारा निवासी मोहम्मद आसिफ ने आरोप लगाया है कि उसकी 25 वर्षीय बहन गयाकसा की दहेज के चलते हत्या कर दी गई। भाई ने बताया तीन साल पहले उसकी बहन की शादी अलीगंज थाना क्षेत्र के गांव खेलाम निवासी गौस मोहम्मद से हुई थी। हैसियत के अनुसार शादी में दान-दहेज दिया गया था। मगर दहेज लोभियों का इससे पेट नहीं भरा। मोहम्मद आसिफ का आरोप है कि शादी के बाद से ही उसकी बहन को कम दहेज लाने के लिए प्रताड़ित किया जाने लगा। ससुराल पक्ष के लोग उसे ताने देते, मारते-पीटते और लगातार पैसों की मांग करते थे। आरोप है कि शनिवार को ससुराल वालों ने उसे जहर देकर मार डाला। घटना की जानकारी मिलते ही मायके पक्ष के लोग ससुराल पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतका के भाई की तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस द्वारा पीड़ितों को आश्वासन दिया गया की जांच के बाद दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# युवाओं को रोजगार दिलाए सरकार: वीरपाल



नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता

धनौरा। तहसील क्षेत्र में रविवार को सर्व जातीय महासभा की एक बैठक का आयोजन हुआ। बैठक में सर्व जातीय महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजू दिवाकर व विश्व जाट महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी वीरपाल सिंह ने पहुंचकर प्रेस वार्ता की कार्य कताओं ने उनका फूल माला पहनाकर जोरदार स्वागत किया। प्रेस वार्ता के दौरान विश्व जाट महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी वीरपाल सिंह ने कहा कि सर्वजातीय महासभा सरकार और समाज के बीच में एक सेतु है अगर कहीं किसी प्रकार का अत्याचार किसी भी समाज के ऊपर किसी के द्वारा किया जाता है तो हमारी सर्व जातीय महा सभा उसके खिलाफ आवाज उठाने का काम करती है चाहे वह किसानों, छात्रों या किसी गरीब इंसान को दबाने की बात हो इन तमाम मुद्दों को लेकर के हम समाज की लड़ाई लड़ने का काम करते हैं। सरकार द्वारा जो योजनाएं समाज के लिए लागू की जाती हैं उसका बीच में प्रशासन के द्वारा दोहन कर दिया जाता है भ्रष्ट कर्मचारियों की वजह से लोगों को उनका लाभ नहीं मिल पाता सर्व जातीय महासभा द्वारा लोगों को योजनाओं का लाभ दिलाया जाता है। हमारा उद्देश्य है कि कहीं भी किसी भी प्रकार से अगर किसी को उसके हक अधिकारी से वंचित किया जाता है तो उसकी लड़ाई लड़ने का काम सर्व जातीय महासभा करती है गरीब कन्याओं का सामूहिक विवाह योजना के तहत विवाह करवाया जाता है वहीं उन्होंने सरकार से मांग करते हुए कहा कि युवा डिग्रियां प्राप्त कर रोड़ पर बेरोजगार घूम रहा है। सरकार का ध्यान रोजगार की तरफ नहीं है सरकार युवाओं के रोजगार की व्यवस्था करे। सरकार द्वारा जातीय जनगणना को लेकर उन्होंने कहा कि यह सरकार का बहुत अच्छा कदम है हम इसका स्वागत करते हैं जातीय जन गणना से तमाम हिंदुस्तान से यह चीज निकलकर आएगी जिसकी जितनी संख्या भारी उसकी उतनी हिस्सेदारी पहलगाम में हुए आतंकी हमले को लेकर उन्होंने कहा कि यह पर्यटकों पर हुआ आतंकी हमला बहुत ही निंदनीय है उसकी जितनी निंदा की जाए उतनी कम है इस प्रकार की आतंकवादी घटनाएं नहीं होनी चाहिए और इनको धर्म से नहीं जोड़ना चाहिए आतंकवादी किसी भी धर्म का नहीं होता आतंकवादी सिर्फ आतंकवादी होता है। इस मौके पर अजय गिल, कमल वीर सिंह, गुरमीत सिंह, सचिन प्रधान आदि मौजूद रहें।

# मुख्यमंत्री आरोग्य मेले में 265 व्यक्तियों को दिया तम्बाकू छोड़ो परामर्श




नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

सम्भल। रविवार को जनपद सम्भल में 28 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों एवं 05 नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर 199वें मुख्यमंत्री आरोग्य मेले का आयोजन किया गया। उक्त मेला सत्रों पर 36 चिकित्सकों एवं 111 पैरा-मेडिकल स्टाफ द्वारा कुल 2560 रोगियों (पुरुष रोगी- 1009; महिला रोगी- 1018 एवं 533 बच्चों) का निःशुल्क उपचार किया गया। समस्त मेला सत्रों पर आयुष्मान भारत जन-आरोग्य योजना के अन्तर्गत 124 लाभार्थियों के गोल्डन कार्ड तथा 121 आभा आई.डी. बनाये गये। जनपद में आयोजित समस्त मेला सत्रों पर बुखार के 253, चर्म रोग के 351, दमा के 250, मधुमेह रोग के 71, नेत्र रोग से सम्बन्धित 18, उच्च रक्तचाप के 54 तथा अन्य रोगों के मरीज देखे गये। बुखार के सम्बन्ध में 05 रोगियों की डेंगू की जाँच की गयी; जिसमे सभी सन्दिग्ध रोगियों की रिपोर्ट नकारात्मक रही। जनपद के सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर परिवार नियोजन (फैमिली प्लॉनिंग) सम्बन्धी परामर्श व परिवार नियोजन सम्बन्धी सामग्री (चॉइस ऑफ बॉस्केट) के लिये अलग से काउन्टर बनाये गये।जिलाधिकारी के निदेशों के अनुपालन में जनपद की समस्त आशाओं के द्वारा सोर्स रिडक्सन एवं संचारी रोगों से बचाव के प्रति जागरुक किया गया तथा एक युद्ध नशे के विरुद्ध के अन्तर्गत 265 व्यक्तियों को तम्बाकू छोड़ो परामर्श भी दिया गया।जनपद में आयोजित समस्त मेला सत्रों का मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा० तरूण पाठक एवं अन्य जनपद एवं ब्लाक स्तरीय अधिकारियों द्वारा आरोग्य मेला सत्रों का निरीक्षण किया गया।

# हर्षोल्लास निकली भगवान परशुराम की शोभायात्रा, पुष्प वर्षा से हुआ स्वागत

नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता



धनौरा। भगवान परशुराम की भव्य शोभायात्रा नगर क्षेत्र में धूमधाम से निकाली गई। शोभायात्रा का नगर में जगह जगह पुष्प वर्षा से स्वागत किया गया। शोभायात्रा में भगवान परशुराम सहित कई सुंदर सुंदर झांकियां शामिल थी वहीं सुरक्षा के मद्देनजर शोभायात्रा में भारी पुलिस बल भी तैनात रहा। शोभायात्रा महादेव स्थित भगवान परशुराम मंदिर से शुरू होकर कंचन बाजार, गंज बाजार, बड़ा फाटक, छोटा फाटक, पुराना स्टेट बैंक चौराहा, छोटी मस्जिद, तिकोना स्कूल, बड़ी मस्जिद, होली पार्क चौराहा से बाईपास मार्ग होते हुए वापस भगवान परशुराम मंदिर पर जाकर समाप्त हुई। शोभायात्रा में शामिल सुंदर सुंदर झांकियों ने सभी का मन मोह लिया। जिससे पूरे नगर का माहौल भक्तिमय हो गया। शोभायात्रा के समापन पर सभी भक्तों को भंडारे का प्रसाद वितरित किया गया। इस मौके पर राजीव दीक्षित, मुकेश शर्मा, निपुण दीक्षित, सूरज वशिष्ठ, प्रलभ शास्त्री, संजू शर्मा, विशाल कौशिक आदि मौजूद रहे।

# सखी सहेली ग्रुप की महिलाओं ने पहलगाम में हुए आतंकी हमले पर दी श्रद्धांजलि

नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता



चंदौसी। जायन्टस ग्रुप ऑफ चन्दौसी सखी सहेली द्वारा पहलगाम (कश्मीर) हमले मैं शहीद हुए पर्यटकों को जगजीवन राम पार्क मयूर विहार में जाकर दो मिनट का मौन धारण कर व मोमबत्ती जलाकर श्रद्धांजलि अर्पित की । दिनांक -22 अप्रैल 2025 को कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले ने पूरे भारत को हिलाकर रख दिया है ।इस हमले में निर्दोष 28 लोग मारे गए ,जिसमें पर्यटकों की संख्या ज्यादा थी ,इनमें ऐसे नव विवाहित जोड़े भी थे जिनकी शादी को एक सप्ताह व दो महीने ही हुए थे ,इस हमले का गुनहगार पाकिस्तान देश को माना जा रहा है ,लोगों से धर्म पूछ कर मारा गया है ।सरकार से निवेदन है कठिन से कठिन सजा दी जाए । प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर सीमा वर्मा ,फेडरेशन ऑफि सर रीता बुदियाल,व ऊ ड अ रजनी गुप्ता ने अपने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि - जम्मू कश्मीर में हुए दर्दनाक हादसे में मारे गये पर्यटकों की नृशंस हत्या ने न केवल भारत व पूरे विश्व को झकझोर कर रख दिया है ,यह घटना न केवल हमें बताती है कि विभिन्न धर्मों में न बटकर , मानव धर्म को ही अपना कर उसका पालन करना चाहिए। कार्यक्रम की अध्यक्षता सरोज शर्मा व संचालन रजनी गुप्ता ने किया ।इस दौरान कार्यक्रम में -प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर सीमा वर्मा , इंचार्ज पी ०पी फोरम अंजू राजपूत,फेडरेशन ऑफि सर रीता बुदियाल, उपाध्यक्ष सरोज शर्मा,डी०ओ ० ए ० रजनी गुप्ता ,डी०ओ०एफ गीता ग्रोवर , डायरेक्टर कंचन वाला वाष्णेय , डायरेक्टर रेखा गुप्ता, डायरेक्टर दीप्ति दुबे ,पूजा सीमा , शीतल ,प्रज्ञा आदि उपस्थिति रहे।

# नगर निगम ने कब्जाई बिना किसी नोटिफिकेशन के यूनिवर्सिटी की जमीन

नेशनल एक्सप्रेस



अलीगढ़। अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी की जमीन जिस तरह नगर निगम ने बिना किसी नोटिफिकेशन के कब्जाई है वो गैर कानूनी है, क्यूँकि पिछले 80 सालों से यूनिवर्सिटी उस जमीन पर मालिकाना हक रखती है और तमाम कागजात और सबूत यूनिवर्सिटी के पास मौजूद हैं। ये एक सेक्युलर इरादा है जो की राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्व योगदान दे रहा है, इसलिए प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी को मिनी इंडिया के नाम से सम्भोदित किया था और चूँकि अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी केंद्र शासित यूनिवर्सिटी है जिसकी हर एक जानकारी केंद्र सरकार के पास मौजूद है, लिहाजा हम इस जमीन कब्जे की निंदा करते हैं और जो भी लोग इदारे के इस साजिश में लिप्त हैं उन्हें भी जवाब देना पड़ेगा क्यूँकि अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी से ताल्लुक रखने वाला हर शक्स इस इदारे को अपनी मादरे गारसगाह समझता है जिसके हक को पाने के लिए हर तरीके से तैयार है। इस दौरान एएमयू छात्रसंघ के पूर्व अध्यक्ष डॉ0 एम. सलमान इम्तियाज, फैज, आदिल आदि मौजूद रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### ब्रेकर पर उछलकर गिरने से महिला गंभीर रूप से घायल

नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता/संभल गुन्नौर। बाइक पर पीछे बैठी महिला ब्रेकर पर उछलकर नीचे गिरने से गंभीर रूप से घायल हो गयी।उसको गुन्नौर अस्पताल में भर्ती कराया। बाइक सवार तेजपाल निवासी गांव सिरोराकाजी थाना गुन्नौर अपनी पत्नी सुशीला को लेकर रिश्तेदारी में जा रहे थे।तभी आगरा मुरादाबाद नेशनल हाईवे पर गांव उधरनपुर अजमतनगर पर स्थित ब्रेकर पर महिला सुशीला बाइक से उछलकर नीचे गिर पड़ी और घायल हो गयी।घटना की सूचना पर 108 एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गुन्नौर लाया गया।जहां डॉक्टर ने सुशीला को मेडिकल कॉलेज बदायूं रेफर कर दिया। महिला के सिर में चोट आई थी।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से दो घायल

नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता/सम्भल गुन्नौर ।शादी का कार्ड बांटने जा रहे पिता व उनके भाई को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी।जिससे दोनों घायल हो गये।उनको गुन्नौर अस्पताल में लाया गया।मेरठ बदायूं हाईवे पर किसान कोल्ड स्टोर गुन्नौर के सामने बाइक सवार राजपाल पुत्र धर्मपाल व धर्मपाल पुत्र डोरी लाल निवासी ढड्डूमरा थाना जुनावई को अज्ञात वाहन ने पीछे से टक्कर मार दी और भाग निकला।।जिससे राजपाल व धर्मपाल दोनों घायल हो गए।धर्मपाल अपनी बेटी की शादी का कार्ड बांटने बबराला आ रहे थे।दोनों घायलों को 108 एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गुन्नौर लाया गया।जहां डॉक्टर ने उपचार देकर परिजनों के साथ घर भेज दिया।

### गायत्री शक्ति पीठ बबराला के द्वारा चलाया गया सफाई अभियान



नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता/सम्भल गुन्नौर /बबराला गायत्री शक्ति पीठ बबराला पर रविवार को 5 कुंडीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन हुआ।आचार्य रामवीर सिंह ने मन्त्रो के साथ विधि विधान से यज्ञ में आहुतियां दिलाईं।रामवीर सिंह ने कहा कि विश्व धरा पर जब भी कोई भारी संकट और विपत्तियां आईं तब-तब किसी न किसी रूप में अवतारी चेतना धरती पर अवतरित हुई और मानव में देवत्व जगाने का कार्य किया। सूर्य की पहली किरणों के साथ श्रद्धावानों में नया सबेरा, नया उजाला लाकर उनमें नूतन ऊर्जा का संचार करती है।यज्ञ के बाद भंडारे का आयोजन हुआ।बही इन लोगो के द्वारा गंगा घाट पर सफाई की गई 'इस दौरान रविन्द्र पाल सिंह,किशोर कुमार,रामौतार गुप्ता,जगन्नाथ सिंह,विजय अरविंद यादव यादव,भूपेंद्र सिंह,राधेश्याम शर्मा नरेंद्र सिंह,लक्ष्मीचन्द्र यादव,राकेश कुमार,गंगाराम यादव,आरती,मीना यादव आदि रहे।

### यातायात जागरूकता व डिजिटल रोड सेफ्टी अभियान चलाया



नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता/सभल पुलिस अधीक्षक जनपद सम्भल कृष्ण कुमार व अपर पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन व क्षेत्राधिकारी यातायात व प्रभारी यातायात दुष्यंत बालियांन के नेतृत्व में चलाए जा रहे यातायात जागरूकता एवं डिजिटल रोड सेफ्टी अभियान परवाह (उंरी) के अंतर्गत मुख्य आरक्षी सोनू अहलावत के द्वारा कस्बा बबराला में यातायात नियमों संबंधी जागरूकता कार्यक्रम किया गया। वाहन चालकों एवं पैदल यात्रियों को यातायात नियमों के बारे में विस्तार से समझाया।दो पहिया वाहन चलाते समय हमेशा हेलमेट पहने। वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग ना करें। नशे की हालत में या शराब पीकर वाहन ना चलाएं। तेज गति से वाहन ना चलाएं। सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा के महत्व को समझाया। आपका जीवन अनमोल है सुरक्षित चलें सुरक्षित रहें।

# भारी सुरक्षा व्यवस्था के बीच कराई गई नीट की परीक्षा

### मौके का जायजा लेने पहुंचे एडीएम प्रदीप वर्मा





नेशनल एक्सप्रेस मनीष शर्मा, अंशुल सिंह

सम्भल। रविवार को चंदौसी के नगर के 3 परीक्षा केंद्रों पर भारी सुरक्षा व्यवस्था में नीट की परीक्षा संपन्न हुई। परीक्षा दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक एक ही पारी में संपन्न करायी गई। जिसमें पुलिस सुबह 9 बजे से ही तेनात रही और दूसरी और 11 से 1.30 बजे परीक्षार्थियों को परीक्षा केंद्र में प्रवेश दिया गया। रविवार को शहर के तीन परीक्षा केंद्र एसएम डिग्री कॉलेज व एसएम इंटर कॉलेज व चन्दौसी इंटर कॉलेज चंदौसी में नीट की परीक्षा मे भारी सुरक्षा व्यवस्था के बीच संपन्न कराई गई। बही मोके जायजा लेने पहुचे एडीएम प्रदीप वर्मा, प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर 480-480 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। अधिकांश परीक्षार्थी सुबह 10 बजे से ही अपने-अपने परीक्षा केंद्र के बाहर पहुंच गए। जिन्हें सुबह 11 से 1.30 बजे तक परीक्षा केंद्र में प्रवेश देने आरंभ कर दिया। प्रवेश के दौरान परीक्षार्थियों की तलाशी ली गई। इसके बाद परीक्षार्थियों को प्रवेश दिया गया। परीक्षा एक पारी में दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक संपन्न कराई गई। प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद थी। बही एक युवती मुस्कान की परीक्षा छूट गई जो की सम्भल की रहने बाली थी और बो मायूस होकर अपने घर बापस लोट गई।

## महिला के साथ मारपीट करने वाला आरोपी गिरफ्तार



नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता

चन्दौसी। आपको बताते चले कि दिनांक 30.04.2025 को थाना चन्दौसी पर हंसमुखी उम्र 30 वर्ष पत्नी अमर सिंह नि० ग्राम सैदपुर थाना चन्दौसी जनपद सम्भल मो0नं0-8533024319 ने मय हमराही अपने पति के उपस्थित थाना आकर एक तहरीर दी जिसमे बताया की अभियुक्तगण द्वारा पीड़ित के घर में घुसकर गाली गलौच कर हुए बाविती के पति को जान से मारने की धमकी देते हुए भाविनती के पेट पर लात मार देगाजिरारो पीड़िता का 04 माह का गर्भ खण्डित हो जाने के सम्बंध में दाखिल किया। तहरीर के आधार पर थाना हाजा पर मुकदमा पंजीकृत किया गया । जिसकी विवेचना उ0नि0 राहुल कुमार देशवाल द्वारा सम्पादित की जा रही है।चन्दौसी पुलिस द्वारा जनपद में अपराधो की रोकथाम एवं वांछित अभियुक्तो की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत उच्चाधिकारीगण के निर्देशन व कुशल नेतृत्व में मु० से सम्बन्धित अभियुक्त राजपाल नि० ग्राम सैदपुर थाना चन्दौसी जनपद सम्भल उम्र 42 वर्ष को चन्दौसी आदमपुर पुल के पास से समय करीब 10.05 बजे उ0नि0राहुल कुमार देशवाल थाना चन्दौसी सम्भल,का0 प्रज्जवल कुमार थाना चन्दौसी सम्भल,कां0 विनोद मौर्य थाना चन्दौसी सम्भल के द्वारा गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया ।

## डीएम ने निजी स्कूलों पर लगाया एक लाख जुर्माना, व्यापारियों ने की प्रशंसा



नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता

चंदौसी। रवि वार को अखिल भारतीय युवा उधोग व्यापार मंडल की एक बैठक नगर अध्यक्ष अनुज वार्ष्णेय अन्नू के सीता रोड स्थित निवास पर हुई । बैठक में जिलाधकारी द्वारा निजी स्कूलों की मनमानी रोकने के लिये उन पर 1 लाख के जुमार्ना लगाने के निर्णय का स्वागत किया है ।

जिलाधिकारी संभल राजेंद्र पेंसिया की भूरी भूरी प्रशंसा भी करी।नगर अध्यक्ष अनुज वार्ष्णेय अन्नू ने कहा कि पिछले समय से अखिल भारतीय युवा उधोग व्यापार मंडल निजी स्कूलों की मनमानी के खिलाफ आंदोलन कर रहा है । जिलाधकारी द्वारा निजी स्कूलों पर एक लाख का जुमार्ना डाला कर एक ऐतिहासिक कदम उठाया है । निजी स्कूलों ने शिक्षा के मंदिर को व्यापार हेतू दुकान बना दिया गया है । अभिभाबकों का आर्थिक शोषण हो रहा है । निजी स्कूलों के हौसले इतने बुलन्द है कि ये खुले आम अभिभाबकों की जेब पर डांका डाल रहे है। इसके साथ जिलाधकारी से निवेदन करा कि निजी स्कूलों की मनमानी के खिलाफ कठोर कठोर से कार्यवाही अम्ल में लाई जाये। इस दौरान बैठक मे शुभम अग्रवाल प्रदीप वार्ष्णेय गणेश वार्ष्णेय विक्की बॉस रमाकांत पंडित मोहित वार्ष्णेय पवन माली विक्की कश्यप इल्ली माली आदि मौजूद रहे।

## सदस्य गौ सेवा आयोग द्वारा गौशालाओं का किया निरीक्षण



नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता

बहजोई के डॉ प्राची सिंह पशु चिकित्सा अधिकारी बहजोई के द्वारा बताया गया कि रविवार को दीपक गोयल सदस्य गौ सेवा आयोग द्वारा विकासखंड बहजोई के अंतर्गत दो गौ आश्रम स्थल बहापुर पट्टी एवं घासीपुर का निरीक्षण कर समस्त व्यवस्थाओं को घहनता से परीक्षण किया गया ' निरीक्षण के दौरान पशुपालन विभाग के संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे विकासखंड स्तरीय अधिकारी कर्मचारी की अनुपस्थिति पर सदस्य सेवा आयोग द्वारा नाराजगी व्यक्त की गई तथा भविष्य में निरीक्षण के दौरान उपस्थित रहे हेतु निर्देशित किया गया।

# आरपीएफ व जीएसटी टीम ने ट्रेन में टैक्स चोरी का पकड़ा लाखों का माल



नेशनल एक्सप्रेस

अलीगढ। रेलवे जंक्शन पर शनिवार देर रात उस समय हड़कंप मच गया, जब दिल्ली से आने वाली एक पैसेंजर ट्रेन में लाखों रुपये का माल टैक्स चोरी करके लाया जा रहा था। आरपीएफ (रेलवे प्रोटेक्शन फोर्स) और सेल्स टैक्स विभाग की संयुक्त टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी की और करीब 50 लाख रुपये से ज्यादा कीमत का सामान जब्त कर लिया। पकड़े गए सामान में महंगे कपड़े, इलेक्ट्रॉनिक्स आइटम्स और कई अन्य कीमती चीजें शामिल हैं। ये माल दिल्ली के बाजारों से बिना जीएसटी और सेल्स टैक्स चुकाए खरीदा गया था। इसे अलीगढ़ व आसपास के इलाकों में बेचने की योजना थी। माल की पैकिंग इतनी चालाकी से की गई थी कि आम यात्री को शक न हो, लेकिन यात्री की सूचना ने इसे पकड़वा दिया। एक यात्री ट्रेन में सफर कर रहा था। यात्री ने मामले की जानकारी रेलवे अधिकारियों को सूचना दी। इसके बाद आरपीएफ व सेल्स टैक्स विभाग की टीमें हरकत में आईं। अलीगढ़ जंक्शन पर ट्रेन रुकते ही प्लेटफॉर्म नंबर एक पर छापेमारी शुरू हो गई। ट्रेन में तलाशी के दौरान भारी मात्रा में टैक्स-फ्री माल बरामद हुआ।फिलहाल इस मामले में आरपीएफ ने कुछ संदिग्धों को हिरासत में लिया है, जिनसे पूछताछ की जा रही है। पुलिस और सेल्स टैक्स विभाग इस बात की जाँच कर रहे हैं कि ये माल कहाँ सप्लाई किया जाना था। प्रारंभिक जाँच में पता चला है कि ये एक बड़े टैक्स चोरी रैकेट का हिस्सा हो सकता है, जो दिल्ली से यू0पी0 के शहरों तक फैला हुआ है। सेल्स टैक्स विभाग ने पकड़े गए माल की कीमत 50 लाख से अधिक बताई है। घटना के बाद आरपीएफ ने भी स्टेशन पर निगरानी बढ़ा दी है, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाएँ रोकी जा सकें। पुलिस का कहना है कि इस मामले में और भी लोग शामिल हो सकते हैं, और जल्द ही इस रैकेट के मास्टरमाइंड तक पहुँचा जाएगा।

# एएमयू का जमीन प्रकरण मामला पहुंचेगा सुप्रीम कोर्ट

नेशनल एक्सप्रेस

अलीगढ़। नगर निगम की कार्रवाई के बाद एएमयू अब अपने राइडिंग क्लब की जमीन वापस लेने के लिए सुप्रीम कोर्ट जाने की तैयारी कर चुका है। यह मामला हाईकोर्ट में जाने के बजाय सीधे सुप्रीम कोर्ट की संवैधानिक बेंच के सामने पेश किया जाएगा। इसके लिए एएमयू लॉ सोसाइटी के पूर्व अध्यक्ष ने तैयारी कर ली है। एएमयू ने 30 अप्रैल को प्रशासन के साथ मिलकर 41050 वर्ग मीटर जमीर को कब्जा मुक्त कराया था। नगर निगम का मानना था है कि यह जमीन निगम की है और इस जमीन पर एएमयू पिछले कई दशकों से नाजायज तरीके से अपना कब्जा किए हुए है। जिसके बाद नगर आयुक्त विनोद कुमान ने टीम को कार्रवाई के आदेश दिए थे और जमीन पर निगम के बोर्ड लगा दिए थे।

नगर निगम ने जिस जमीन को अपना बताकर कब्जा किया है, उस जमीन पर एएमयू का राइडिंग क्लब पिछले लगभग 80 सालों से चल रहा है। लेकिन अचानक से नगर निगम ने इस पर अपना अधिकार कर लिया, जिसके बाद लगातार छात्र इसका विरोध कर रहे हैं। वहीं दूसरी ओर एएमयू भी इस जमीन से जुड़े दस्तावेज तलाशने में जुटा हुआ है। इसी बीच एएमयू लॉ सोसायटी के पूर्व अध्यक्ष एडवोकेट अली अंसारी इस लड़ाई को लेकर सुप्रीम कोर्ट पहुंच गए हैं। उनका मानना है कि संविधान में जो अधिकार विवि को दिए गए हैं। उनपर हमला किया जा रहा है। एएमयू लॉ सोसाइटी के पूर्व अध्यक्ष की ओर से रिट तैयार कर ली गई है, जो सोमवार को सुप्रीम कोर्ट की संवैधानिक बेंच के सामने पेश की जाएगी। एएमयू कोर्ट के सामने अपने सारे दस्तावेज पेश करेगा। इस मामले में कांग्रेस के पूर्व मंत्री व सुप्रीम कोर्ट के सीनियर एडवोकेट कपिल सिब्बल से भी सलाह ली जाएगी। इसकी तैयारी पूरी कर ली गई है। एएमयू के पूर्व वीसी, वर्तमान एमएलसी व भाजपा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी के उपाध्यक्ष प्रो. तारिक मंसूर ने पीएम मोदी तक इस समस्या को पहुंचाने का आश्वासन दिया है। एड. अली अंसारी ने बताया कि उनकी इस विषय में पूर्व वीसी से बात हुई है। जिस पर उन्होंने पीएम मोदी से मिलकर सारा मामला बताने की बात कही है। इसके अलावा सीएम योगी तक भी यह मामला पहुंचाया जाएगा। एएमयू भमोला माफी के नगला पटवारी की जमीन को सालों से इस्तेमाल कर रहा है। यहां पर एएमयू का राइडिंग क्लब चलता है और यहां एएमयू के हॉर्स राइडर प्रैक्टिस करते हैं। यहां पर सरकार ने फ्लाई ओवर का निर्माण कराया था। फ्लाई ओवर बनने के बाद एएमयू ने मुआवजे के लिए प्रशासन के सामने मांग रखी थी। जिसके बाद प्रशासन जमीन की जांच कर रहा था, जिससे कि एएमयू को मुआवजा दिया जा सके। लेकिन राजस्व विभाग की जांच में सामने आया कि यह जमीन पहले ग्राम समाज की थी, जो नगर निगम के विस्तार के बाद निगम की हो गई है। जिसके बाद नगर निगम ने यह कार्रवाई की है।

## कड़ी निगरानी के बीच सम्पन्न हुई नीट परीक्षा



नेशनल एक्सप्रेस

अलीगढ़। रविवार को जनपद के 20 केंद्रों पर नीट परीक्षा का आयोजन किया गया। राजकीय मेडिकल कॉलेज, आयुर्वेदिक कॉलेज, होम्योपैथिक कॉलेज, नर्सिंग कॉलेजो सहित अन्य कॉलेजों में प्रवेश के लिए परीक्षार्थी इस परीक्षा में शामिल हुए। यह परीक्षा सघन निगरानी के बीच परीक्षा सम्पन्न कराई गयी। परीक्षा में 1.30 बजे तक ही परीक्षार्थियों को केंद्र पर प्रवेश दिया गया। इसलिए सभी परीक्षार्थी समय से अपने केंद्र पर पहुंचे और जांच प्रक्रिया को पूरा करने के बाद परीक्षा कक्ष में गए। कक्ष में जाने से पहले परीक्षार्थियों की बायोमैट्रिक जांच भी की गयी।

नोडल अधिकारी व केंद्रीय विद्यालय के प्रिंसिपल खुशीराम ने बताया कि परीक्षा केंद्र के अंदर परीक्षार्थी केवल पारदर्शी पानी की बोतल ही ले जा सके, इसके अलावा उन्हें पेन ले जाने की भी अनुमति दी गई, रफ वर्क के लिए उन्हें परीक्षा कक्ष में ही पेन और कागज उपलब्ध कराया गया। अलीगढ़ में परीक्षा के लिए 20 केंद्र बनाए गए। इसमें पीएम श्रीकेंद्रीय विद्यालय, अग्रसेन इंटर कॉलेज, श्रीटीकाराम कन्या इंटर कॉलेज, टीकाराम कन्या महाविद्यालय, एसएमबी इंटर कॉलेज, डीएस इंटर कॉलेज, एचबी इंटर कॉलेज, श्रीवार्ष्णेय कॉलेज, डीएवी इंटर कॉलेज, रतनप्रेम डीएवी कन्या इंटर कॉलेज, चंपा अग्रवाल कन्या इंटर कॉलेज, गोपी राम, माहेश्वर, रघुवीर सहाय, चिरंजीलाल इंटर कॉलेज, श्रीमाहेश्वर कन्या इंटर कॉलेज, बाबूलाल जैन, और जनता इंटर कॉलेज शामिल थे। परीक्षा को देखते हुए सभी केंद्रों पर पुलिस बल की तैनाती की गई। वहीं इस परीक्षा में अलीगढ़ के आसपास के जिलों से भी परीक्षार्थी शामिल हुऐ। जो रेलवे और रोडवेज के माध्यम से अलीगढ़ आएं। उनकी सुरक्षा के लिए रेलवे स्टेशन व बस स्टैंड पर भी पुलिस फोर्स तैनात रही।

## नगर आयुक्त ने शहर की आठ सड़कों का किया भौतिक सत्यापन



नेशनल एक्सप्रेस

अलीगढ़। नगर निगम सी0एम0ग्रिड योजनान्तर्गत लगभग 300 करोड़ की लागत से शहर की प्रमुख सड़कों के चौड़ीकरण, नाला, फुटपाथ निर्माण के लिए सड़कों का चयन करने के उपरांत प्रस्ताव को शासन से मंजूरी के लिए भेजने जा रहा है। शहर की बड़ी 8 सड़कों को सीएम ग्रिड के अंतर्गत बनाए जाने के लिए नगर आयुक्त विनोद कुमार ने शनिवार और रविवार को लगातार दो दिन आठ सड़कों का भौतिक सत्यापन करते हुए इंजीनियरिंग विभाग से सड़कों की पैमाइश अपने सामने करवायी। नगर आयुक्त ने बताया सीएम ग्रिड योजना के मानको को ध्यान में रखते हुए अभी मात्र 8 सड़कों का स्थलीय पैमाइश करते हुए भौतिक सत्यापन किया गया है इन सड़कों के चौड़ीकरण में आने वाली दिक्कतों अतिक्रमण व सड़क की पैमाइश को सिविल विभाग के साथ देखा गया मुख्य अभियंता को तत्काल इन सड़कों का प्रस्ताव बनाकर योजना का लाभ लेने हेतु शासन को प्रस्ताव भेजने की निर्देश दिए गए हैं। मुख्य अभियंता सुरेश चंद ने बताया कि मुख्यमंत्री-ग्रीन रोड इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट स्कीम (अर्बन) के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 (तृतीय चरण) हेतु बड़ी सड़को का नगर आयुक्त जी के साथ मौके पर सत्यापन किया गया है। उन्होंने बताया नगर आयुक्त द्वारा भौतिक सत्यापन उपरांत महापौर की अनुमति के पश्चात शहर के विकास के लिए सीएम ग्रिड अंतर्गत इन सड़कों को बनवाए जाने का प्रस्ताव शासन को प्रेषित किया जाएगा। महापौर प्रशांत सिंघल ने कहा कि यशस्वी माननीय मुख्यमंत्री के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार अलीगढ़ में चौमुखी विकास कराने के लिये सी0एम0ग्रिड योजनान्तर्गत अलीगढ़ की इन सड़कों के विकास के लिये जल्द धनराशि आवंटित करेंगी। अपर नगर आयुक्त राकेश कुमार यादव मुख्य अभियंता सुरेश चंद अधिशासी अभियंता विजेंद्र पाल सहायक अभियंता राजवीर सिंह, सिब्ते हैदर, स्टेनो देश दीपक मीडिया सहायक अहसान रब आदि उपस्थित रहे।

## ट्रेनिंग के दौरान एयरपोर्ट की दीवार से टकराया प्लेन




नेशनल एक्सप्रेस

अलीगढ़। धनीपुर एयरपोर्ट में रविवार दोपहर को पायलट ट्रेनिंग के दौरान एक प्लेन क्रैश हो गया, प्लेन के अंदर सिर्फ ट्रेनी पायलट मौजूद था, जो प्लेन को चला रहा था। ऐसे में जब प्लेन क्रैश की सूचना अधिकारियों को मिली तो अफरा-तफरी मच गई। ट्रेनिंग कंपनी के अधिकारी और कर्मचारी भी मौके पर पहुंच गए और उन्होंने ट्रेनी पायलट को बाहर निकाला। राहत इस बात की रही की ट्रेनी पायलट को किसी तरह की चोट नहीं आई है और वह पूरी तरह से सुरक्षित है। वहीं प्लेन क्रैश की जानकारी मिलने पर प्रशासन भी एक्टिव हो गया और इस दुर्घटना की जॉच के आदेश दिए गए हैं।

## पत्रकार पर जानलेवा हमला, पुलिस ने मामूली धाराओं में दर्ज किया मामला



नेशनल एक्सप्रेस

अलीगढ़। जनपद अलीगढ़ में पत्रकारिता जगत से जुड़े एक दर्दनाक और निंदनीय घटनाक्रम ने सभी को झकझोर कर रख दिया है। स्थानीय कैमरामैन रोकी कुमार पर बीती रात लगभग दस बजे जानलेवा हमला किया गया, जिसकी भयावह वीडियो क्लिप सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही है। वीडियो में हमलावरों की क्रूरता और सुनियोजित हिंसा साफ देखी जा सकती है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, रोकी कुमार अपने वाहन से घर लौट रहे थे, तभी विशेष समुदाय के क्षेत्र में वाहन का हॉर्न देने पर कुछ लोगों ने उनकी गाड़ी को रोका और धार्मिक प्रतीकों को देखकर उन्हें निशाना बनाया। पीड़ित के अनुसार, उनकी गाड़ी में टंगा खाटू श्याम का लॉकेट देखकर हमलावर आक्रोशित हो गए और कुछ दूर पीछा करने के बाद हमला कर दिया। हमले में हमलावरों ने गाड़ी के शीशे तोड़े, रोकी को अंदर से खींचकर बुरी तरह पीटा, और नकदी व अन्य सामान लूटकर फरार हो गए। यह सब कुछ कैमरे में कैद हो गया। घटना की रिपोर्ट सिविल लाइन थाना में कराई गई, लेकिन गंभीर साक्ष्यों के बावजूद पुलिस द्वारा केवल सामान्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया, जिससे पत्रकार समुदाय में आक्रोश है। अब तक पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है जबकि 11 अन्य फरार बताए जा रहे हैं। राष्ट्रीय पत्रिका सुरक्षा परिषद के जिला अध्यक्ष मुकेश कुमार सिंह ने घटना की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि यदि शीघ्र उचित कार्रवाई नहीं की गई तो पत्रकार समाज आंदोलन करने को मजबूर होगा। उन्होंने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक से निष्पक्ष जांच, फरार आरोपियों की गिरफ्तारी और लापरवाह पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई की मांग की है। पत्रकारों ने एक स्वर में कहा है कि लोकतंत्र के चौथे स्तंभ पर इस तरह के हमले यदि यूँ ही अनदेखी के शिकार होते रहे तो समाज में सत्य की आवाज उठाना और कठिन हो जाएगा।

## संपादकीय

# जांच की महान परंपरा

**प्रजा** ने राजा के दरबार में पहुंचकर गुहार लगाते हुए कहा, 'महाराज! यह बड़ा गंभीर मामला है। व्यवस्था के उत्पीड़न से एक इंजीनियर ने सुसाइड कर लिया। अब तो सबूत सामने हैं। अफसरों की चुप्पी भी बहुत कुछ कह रही है। दोषियों को सजा जरूरी है और इसके लिए सीबीआई से जांच होनी चाहिए।' राजा मुस्कुराए, वह मुस्कुराहट जो चुनावी वादों के वक्त दिखाई देती है और घोषणा करने के बाद गायब हो जाती है, 'काहे की जांच? हमारी एजेंसियां बहुत बढ़िया काम कर रही हैं। हमारी एजेंसियां चाहें तो चाय में पड़ी मक्खी का डीएनए निकाल सकती हैं और विपक्ष की नींदों का भी हिसाब रख सकती हैं।' प्रजा ने कहा, 'लेकिन महाराज! आपकी एजेंसियों पर तो जनता को भरोसा नहीं रहा। वह तो कहते हैं जो आप कहें, वही रिपोर्ट बना देते हैं।' राजा बोले, 'देखो प्रजा! अपनी एजेंसियां जो जांच कर रही हैं, उनकी जांच से पूरी तरह संतुष्ट हूं।' प्रजा बोली, 'लेकिन हम तो संतुष्ट नहीं हैं।' राजा बोले, 'प्रजा आप बहुत भोली हो। विपक्ष ने आपको उकसा कर गुमराह कर दिया है। आप भावनाओं में बह रही हो, लेकिन हम राजा लोग अनुभव में पके हुए हैं। हमें अच्छी तरह पता है कि जांच किससे करानी है और किससे नहीं। हमारी एजेंसियां वो हैं जो न सिर्फ जांच करती हैं, बल्कि जरूरत पड़ने पर विरोधियों की डिबरी भी टाइट कर देती हैं।' राजा ने समझाया, 'अगर हमने जांच सीबीआई को सौंप दी तो प्रदेश की फजीहत हो जाएगी। इससे हमारी एजेंसियों का मनोबल टूटेगा। और वैसे भी, जब हमें किसी राजनीतिक विरोधी को रगड़ा देना हो, तो हम अपनी एजेंसी भेजते हैं। वो दिन-रात जांच करती रहती हैं और विरोधी सवालों के जवाब देते-देते थक जाते हैं। हमारी एजेंसियां अपने आप में एक संपूर्ण यंत्र हैं (सत्ता रक्षक भी और सत्ता भक्षक भी, पर विपक्ष के लिए)।'

राजा बोले, 'हमारी एजेंसियों का एक विशेष प्रशिक्षण होता है। जांच शुरू करने से पहले वे 'कौन अपना, कौन पराया' की पहचान करना सीखती हैं। फिर उसी अनुसार स्पीड तय करती हैं। अगर आरोपी विपक्ष का है तो फाइलें धड़ाधड़ खुलती हैं, प्रेस कॉन्फ्रेंस होती हैं और हर रोज नया खुलासा होता है। लेकिन अगर सत्ता पक्ष का हो तो एजेंसी फाइल को नींबू-मिर्च लगाकर थाने के ऊपर लटका देती है कि नजर न लगे। उनकी नजरें रिपोर्ट से ज्यादा इशारों को पढ़ने में माहिर हैं। सीसीटीवी से पहले वो सत्ता की सीटी पर ध्यान देती हैं। उनके ऑफिस में संविधान की किताब अलमारी में ऊपर की शेल्फ में धूल खा रही होती है, और राजा का फोटो ठीक सामने टंगा होता है- हर सवाल का उत्तर।' 'लेकिन हजूर जांच सीबीआई एजेंसी से होनी चाहिए। इससे दूध का दूध पानी का पानी होगा।' पब्लिक में से एक व्यक्ति बोला। राजा ने गर्व से कहा- 'हमारी एजेंसियां निष्पक्ष नहीं हैं। वे निश्चल हैं, क्योंकि उन्हें कभी सत्ता की 'ना' सुनाई ही नहीं देती। वे इतना खामोशी से काम करती हैं कि कब किसी की गरदन फंस गई, खुद उसको भी पता नहीं चलता। हमारी एजेंसियां सबसे पहले यह देखती हैं कि आरोपी किस पार्टी का है। अगर सत्ता पक्ष का है तो फाइल खोलने से पहले हनुमान चालीसा पढ़ती हैं, और अगर विपक्ष का है तो इतनी तेजी से चलती हैं जैसे बकरी शेर के सामने आ गई हो।' राजा बोले- 'सीबीआई जैसी एजेंसियां स्वतंत्र होती हैं, और स्वतंत्र सोचती हैं। अब भला हम राजा होकर ये कैसे बर्दाश्त करें कि कोई हमारे फैसलों पर उंगली उठाए? हम वहीं से जांच कराएंगे जहां सवाल कम और सलाम ज्यादा होता है।'

जहां रिपोर्ट पहले राजा को दिखाई जाती है, फिर फाइल में लगाई जाती है। जहां निष्पक्षता का अर्थ होता है- 'सत्ता के पक्ष में निष्कलंक रहना।' और देखिएहमारी जांच एजेंसियां इतनी अनुभवी हैं कि वे बिना जांच के ही निष्कर्ष निकाल सकती हैं। उन्हें अपराध से पहले अपराधी का नाम पता होता है, और अगर नाम नहीं भी हो, तो इशारा काफी होता है।'

# कबाड़ से जुगाड़ के नवाचार की सौन्दर्यमयी चमक



ललित गर्ग

जुगाड़ एक बोलचाल का हिंदी शब्द है जिसका मतलब है अपरंपरागत, किफायती नवाचार। कबाड़ से बने म्यूरल, पार्क और अन्य कलाकृतियां 'कबाड़ से जुगाड़' के उपक्रम को दर्शाती हैं। कबाड़ से बनाए गए टेलीस्कोप, लेजर लाइट ब्लोइंग कार, वाटर प्यूरीफायर आदि कबाड़ से जुगाड़ के उदाहरण है। चंडीगढ़ का रॉक गार्डन, जुन्नारदेव जनपद पंचायत के बरेलीपार गांव के ग्रामीणों का कबाड से बना स्वच्छता पार्क एवं मेरठ का 'कबाड़ से जुगाड़' अभियान ऐसे विरल एवं अनुकरणीय उदाहरण हैं जो राष्ट्रीय फलक पर चमक रहे हैं।

'कबाड़ से जुगाड़' सिर्फ़ एक तरीका नहीं, बल्कि एक रचनात्मक दर्शन है जो संसाधनशीलता और नवाचार को बढ़ावा देता है। यह अपसाइकल की गई रचनाओं और सरल समाधानों के माध्यम से अपरंपरागत सोच की शक्ति का प्रमाण है। 'कबाड़ से जुगाड़' का दर्शन बेकार वस्तुओं को उपयोगी बनाने और संसाधनों का अधिकतम उपयोग करने पर जोर देता है। यह दर्शन हमें नए और रचनात्मक समाधान खोजने के लिए प्रेरित करता है, जो मौजूदा समस्याओं को हल करने में मदद करते हैं और इससे कचरे को कम करने और पर्यावरण को बचाने में मदद मिलती है। यह आत्मनिर्भरता का भी दर्शन है, जो हमें अपनी जरूरतों को पूरा करने के लिए खुद पर निर्भर रहने के लिए प्रोत्साहित करता है, यह दर्शन जटिल समस्याओं के लिए सरल और व्यावहारिक समाधान खोजने पर जोर देता है।

जुगाड़ एक बोलचाल का हिंदी शब्द है जिसका मतलब है अपरंपरागत, किफायती नवाचार। कबाड़ से बने म्यूरल, पार्क और अन्य कलाकृतियां 'कबाड़ से जुगाड़' के उपक्रम को दर्शाती हैं। कबाड़ से बनाए गए टेलीस्कोप, लेजर लाइट ब्लोइंग कार, वाटर प्यूरीफायर आदि कबाड़ से जुगाड़ के उदाहरण है। चंडीगढ़ का रॉक गार्डन, जुन्नारदेव जनपद पंचायत के बरेलीपार गांव के ग्रामीणों का कबाड से बना स्वच्छता पार्क एवं मेरठ का 'कबाड़ से जुगाड़' अभियान ऐसे विरल एवं अनुकरणीय उदाहरण हैं जो राष्ट्रीय फलक पर चमक रहे हैं। कबाड़ से जुगाड़ बेकार की वस्तुओं से उपयोगी वस्तुएं बनाने की एक प्रक्रिया है। कबाड़ से जुगाड़ ना केवल हमारे पर्यावरण के संरक्षण के लिए बहुत सहायक है बल्कि यह अनुपयोगी वस्तुओं के निपटान का भी एक सटीक उपाय है। इसके माध्यम से हम ऐसी अनुपयोगी वस्तुओं को फेंकने की जगह उनसे कुछ उपयोगी वस्तुएं बना सकते हैं। कबाड़ से जुगाड़ के माध्यम से देश की अर्थव्यवस्था को एक नया आयाम दिया जा सकता है, जो.रचनात्मकता एवं सृजनात्मकता की दिशा में उठाया गया एक सार्थक कदम है। हम भारतवासी वैसे भी जुगाड़ू होते हैं जो अपना काम बनाने के लिए हर जगह कुछ ना कुछ जुगाड़ कर लेते हैं। यदि हम अपनी रचनात्मकता कबाड़ से जुगाड़ में लगाएं तो दिनों दिन बढ़ते जा रहे कचरे के निपटान में अपना महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं। इससे प्लास्टिक एवं ई-कचरे में निरंतर कमी आती जाएगी और पर्यावरण संरक्षण भी बढ़ेगा। संसाधनों



पर वह भी बोझ कम पड़ेगा।

मेरठ का 'कबाड़ से जुगाड़' अभियान अब राष्ट्रीय फलक तक चमका, एक सकारात्मक सोच एवं सृजन का अनूठा उदाहरण बन गया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मन की बात के 93वें संस्करण में योगी आदित्यनाथ सरकार के इस प्रयास की काफी सराहना की। शहरों को संवारने के प्रदेश सरकार के सपनों को साकार करते हुए मेरठ नगर निगम ने निष्प्रयोज्य वस्तुओं से कम लागत में ही शहर की आभा में चार चांद लगा दिए हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि यह प्रयास पर्यावरण की सुरक्षा और शहर के सुंदरीकरण से जुड़ा है। निष्प्रयोज्य वस्तुएं स्क्रैप, पुराने टायर, कबाड़, खराब ड्रम से भी कम खर्चे में कैसे शहर को संवारा जा सकता है, मेरठ इसकी बानगी है। कम खर्चे में सावर्जनिक स्थलों का सुंदरीकरण कैसे हो, यह अभियान इसकी मिसाल है। खराब पड़ी चीजों का प्रयोग कर शहर को सजाया गया। गांधी आश्रम चौराहा, गढ़ रोड पर लोहे के स्क्रैप, पुराने पहियों से फाउंटेन निर्मित कराया गया। सर्किट हाउस चौराहे पर लाइट ट्री, पुराने बेकार ड्रमों से स्ट्रीट इंस्टलेशन, हाथ ठेली के बेकार पहियों से बैरिकेडिंग कर मिनी व्हील पार्क, जेसीबी के पुराने टायरों से डिस्प्ले वॉल, पार्कों में बैठने के लिए स्टूल मेज आदि की व्यवस्था की गई। मेरठ नगर निगम ने शहर को चमकाने के लिए अनोखे प्रयोग किए, जो काफी सफल रहे। दरअसल नगर निगम में बने गोदाम में पड़े कबाड़ की न तो उचित कीमत मिल रही थी और न ही इसका सही उपयोग एवं निपटान हो रहा था, पर योगी सरकार की पहल पर नगर आयुक्त अमित पाल शर्मा ने शहर को जगमगाने का निर्णय लिया। लाइटिंग वाला कृत्रिम पेड़ भी न सिर्फ लोगों को आकर्षित कर रहा है, बल्कि शहर की खूबसूरती में चार चांद लगा रहा है। इसकी आभा देख लोग निहाल और अचंभित हो रहे हैं।

कबाड़ से जुगाड़ का मतलब है बेकार पड़ी चीजों से कुछ उपयोगी या रचनात्मक बनाना, जैसे कि कचरे से सुंदर सजावटी वस्तुएं, या बेकार प्लास्टिक से जूते-चप्पल बनाना। ग्रामीणों ने कबाड़ से एक सुंदर स्वच्छता पार्क बनाया, जिसमें सजावटी वस्तुएं, आरामदायक बैठने की व्यवस्था और स्वच्छता से संबंधित कलाकृतियाँ शामिल हैं। बच्चों को सिखाने के लिए कबाड़ के सामान से खिलौने बनाए जा सकते हैं, जैसे कि टेलीस्कोप, लेजर लाइट ब्लोइंग कार, रबर बैंड नाव, टेबल लैंप, वाटर प्यूरीफायर आदि। बेकार लकड़ी, प्लास्टिक और अन्य सामग्रियों से फर्नीचर बनाया जा सकता है, जैसे कि टेबल, कुर्सी, और अलमारी। कबाड़ से कलाकृतियाँ बनाई जा सकती हैं, जैसे कि पेंटिंग, मूर्तिकला, और सजावटी वस्तुएं। पुराने कपड़ों से नए कपड़े या बैग बनाए जा सकते हैं। कबाड़ से खाद और अन्य उपयोगी चीजें बनाई जा सकती हैं, जो खेती के लिए उपयोगी हो सकती हैं। जयपुर फुट, यह एक कृत्रिम अंग है जो कम लागत में बनाया जाता है और यह 'जुगाड़' मानसिकता का एक बेहतरीन उदाहरण है।

प्लास्टिक के कबाड़ को रिसाइकल करके उपयोगी चीजें बनाई जा सकती हैं, जैसे कि प्लास्टिक दाना जो फुटवियर फैक्ट्रियों में इस्तेमाल होता है। कबाड़ से विभिन्न उपकरण बनाए जा सकते हैं, जैसे कि पानी फिल्टर, यांत्रिक उपकरण आदि। कबाड़ से सजावटी वस्तुएं बनाई जा सकती हैं, जैसे कि विंड चाइम, फोटो फ्रेम, फूलों के गमले, आदि। जो सामान घर में उपयोग ना हो तो वह कबाड़ में तब्दील हो जाता है। इसके बाद उसे ऐसे ही बाहर फेंक दिया जाता है। अगर यही कबाड़ आपकी सेहत बनाने का काम करने के साथ ही गांव और शहर की सुंदरता में चार चांद लगा दे तो यह अपने आपमें चर्चा एवं अनुकरणीय उदाहरण बन जाता है। कुछ ऐसा ही किया है आदिवासी ग्राम पंचायत बरेलीपार के लोगों ने, खेतों में उपयोग होने वाले औजारों सहित घर की खराब वस्तुओं का उपयोग कर ग्रामीणों ने ऐसा काम किया कि जो भी देखता है तो दंग रह जाता है। कबाड़ से ग्रामीणों ने स्वच्छता पार्क बनाने के साथ ही हेलीकॉप्टर तक बना दिया। कबाड़ के जुगाड़ से ग्रामीणों ने सुंदर पार्क का निर्माण किया तो लोगों की सेहत बनाने में भी कारगर साबित हो रहा है।

आज दुनिया के सामने कई तरह की चुनौतियां हैं, जिसमें से ई-वेस्ट एक नई उभरती विकराल एवं विध्वंसक समस्या भी है। दुनिया में हर साल 3 से 5 करोड़ टन ई-वेस्ट पैदा हो रहा है। ग्लोबल ई-वेस्ट मॉनिटर के मुताबिक भारत सालाना करीब 20 लाख टन ई-वेस्ट पैदा करता है और अमेरिका, चीन, जापान और जर्मनी के बाद ई-वेस्ट उत्पादक देशों में 5वें स्थान पर है। दुनिया डिजिटल अर्थव्यवस्थाओं की ओर तेजी से बढ़ रही है, सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी आधारित सेवाएं एवं इलेक्ट्रोनिक क्रांति ने लोगों के जीवन को आसान बना दिया है, लेकिन अर्थव्यवस्था एवं जीवन का डिजिटल अवतार इलेक्ट्रोनिक कचरे की शक्ल में एक नयी चुनौती एवं जटिल समस्या को लेकर आया है। घरों में इस्लेमाल होनेवाले कूलर, वाशिंग मशीन, एयर कंडीशनर जैसी वस्तुओं के अलावा कार्यालय में लैपटॉप, कम्पयूटर, मोबाइल, डिजिटल घड़ी, टीवी तय समय के बाद ई-कचरे में परिवर्तित हो जाते हैं। इस ई-कचरे का निपटान बड़ी समस्या है।

इसी क्रम में पूर्व दिल्ली सरकार ने घोषणा की थी कि दिल्ली में भारत का पहला ई-कचरा इको-पार्क खोला जायेगा। 20 एकड़ में बनने वाले इस पार्क में बैटरी, इलेक्ट्रॉनिक सामान, लैपटॉप, चार्जर, मोबाइल और पीसी से अनूठे एवं दर्शनीय चीजों को निर्मित किया जायेगा। इसी कड़ी में कानपुर में ई-वेस्ट प्रबंधन का एक बेहतरीन मॉडल सामने आया है। यहां जयपुर के एक कलाकार ने ई-वेस्ट से 10 फीट लंबी मूर्ति बनाई है। इसे बनाने में 250 डेस्कटॉप और 200 मदरबोर्ड, केबल और ऐसी अनेक खराब इलेक्ट्रॉनिक वस्तुओं का इस्तेमाल किया गया है।

## 5 मई : इतिहास की अहम घटनाएं

1936 इटली के सैनिकों ने अदीस अबाबा पर कब्जा किया।

1936 द्वितीय इटालो-एबिसिनियन युद्ध-इतालवी सैनिकों ने अदीसबाबा, इथियोपिया को निर्विरोध कब्जा कर लिया।

1938 स्पेन के वेटिकन शहर में फ्रांसिस्को फ्रेंको की सरकार को मान्यता मिली।

1940 द्वितीय विश्व युद्ध-हेग्राफोर्ट में 250 नार्वे के स्वयंसेवकों के एक दल ने आखिरकार 25 दिनों की घेराबंदी के बाद एक बहुत ही बेहतर नाजी सेना के सामने आत्मसमर्पण कर दिया।

1949 यूरोप की परिषद को 5 मई, 1949 को लंदन की संधि द्वारा शामिल किया गया था जिसमें बेल्जियम, डेनमार्क, फ्रांस, आयरलैंड, इटली, लक्समबर्ग, नीदरलैंड, नॉर्वे, स्वीडन और यूनाइटेड किंगडम शामिल हैं। यूरोपीय देशों के बीच सहयोग को बढ़ावा देने के लिए संगठन एक स्वतंत्र संस्था है।

1961 कमांडर ऐलन शेपर्ड अटलांटिक महासागर में अपने अंतरिक्ष यान से उतरे थे।

1961 प्रोजेक्ट मरकरी-एबोर्ड द अमेरिकन स्पेसक्राफ्ट फ्रीडम 7, एलनशेपर्ड ने एक उप-कक्षीय उड़ान बनाई, जो यात्रा करने वाले बाहरी स्थान पर दूसरा व्यक्ति बन गया।

1975 वर्जीनिया में बुश गार्डन्स विलियमस्बर्ग थीम पार्क खोला गया।

1980 ब्रिटिश स्पेशल एयर सर्विस ने ईरानी अरब अलगाववादियों द्वारा जब्त किए जाने के छह दिन बाद, ईरानी दूतावास पर हमला किया।

1981 भोजन के बिना छत्तीस दिनों के बाद, एचएम प्रिजन भूलभुलैया में आयरिश गणतंत्र बॉबी सैंड्सडाइड ने भुखमरी का सामना किया।

1991 वाशिंगटन, डीसी में दंगे भड़क गए, एक बदमाश पुलिसवाले ने सल्वाडोर के आदमी को सीने में गोली मार दी।

1994 ब्रिटेन में स्थानीय चुनाव में लेबर पार्टी ने कंजरवेटिव पार्टी को हराया।

1994 अमेरिकी किशोरी माइकल पी। फ़े को सिंगापुर के किलेबंदी और बर्बरता में कैद किया गया था, एक ऐसी सजा जिसे संयुक्त राज्य अमेरिका ने एक किशोर के लिए अहिंसक अपराध के रूप में माना जाता है।

2000 मंगल, बुध, बृहस्पति, शुक्र और शनि ग्रह 5 मई, 2000 को सूर्य, चंद्रमा और पृथ्वी के संयोजन में दिखाई दिए, जो कि खगोलीय इतिहास में एक दुर्लभ घटना थी जो 6,000 साल पहले हुई थी।

2005 लेबर पार्टी के नेता टोनी ब्लेयर तीसरी बार ब्रिटेन के प्रधानमंत्री बने।

2005 टोनी ब्लेयर की लेबर पार्टी ने ब्रिटेन के आम चुनावों में लगातार तीसरे कार्यकाल में फिर से चुनाव जीता।

2007 पायलट त्रुटि के कारण डौआला अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से टेक ऑफ करने के बाद केन्या एयरवेज फ्लाइट 507 5 मई 2007 को दुर्घटनाग्रस्त हो गई थी, जिसमें चालक दल के सदस्यों सहित कोई भी जीवित नहीं बचा था।

2008 डिस्पोजल सीरिंज के आविष्कारक न्यूजीलैंड के वैज्ञानिक कोलिन मार्डोक का निधन।

2010 सरकार द्वारा ऋण संकट के परिणामस्वरूप लगाए गए तपस्या उपायों के जवाब में एथेंस और सामान्य हमलों में प्रदर्शनों की एक श्रृंखला शुरू हुई।

2012 नेपाल में बाढ़ से 17 लोग मारे गए और 47 लापता हुए।

2012 जापान ने टॉमारी -3 परमाणु रिएक्टर को बंद कर दिया, जो कि 5 मई 2012 को संचालित 54 परमाणु रिएक्टरों में से आखिरी था। 1970 के बाद यह पहली बार था जब जापान के पास कोई परमाणु व्युत्पन्न बिजली नहीं थी। जापान के परमाणु रिएक्टरों को बंद करने का निर्णय जापान में मजबूत भूकंपीय गतिविधियों के कारण रिएक्टरों से जुड़े जोखिम का परिणाम था।

## समसामयिक

# पेगासस! इसमें ग़लत क्या है ?



ऋषभदेव शर्मा

**पेगासस** मामले माननीय सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी को अत्यंत गूढ़ कहा जा सकता है। बात तो ठीक है कि अगर कोई सरकार देश की सुरक्षा के लिए स्पाइवेयर का इस्तेमाल करती है, तो इसमें ग़लत क्या है! हाँ, यह ज़रूर देखना होगा कि इसका इस्तेमाल किसके खिलाफ हो रहा है! हो सकता है, कुछ लोगों को ऐसा लगे जैसे कोर्ट ने पेगासस को देशभक्ति का पंखदार घोड़ा घोषित कर दिया हो, जिसे आतंकवादियों के पीछे उड़ते फिरने का वरदान है। लेकिन अगर आप थोड़े से भी ''गलत'' किस्म के इंसान हैं - मसलन पत्रकार, एक्टिविस्ट, विपक्षी या बस कोई ऐसा जिसके गले से सुबह की चाय भी सत्ता की आलोचना के बिस्कुट बिना न उतरती हो - तो यह खबर आपके लिए मंजुलिका का भूत साबित हो सकती है!


कहना न होगा कि डिजिटल युग का यह जासूसी किरदार है खूब मज़ेदार। आप जानते हैं न पेगासस को? अजी, वही इजरायली जादुई सॉफ्टवेयर जो आपके फोन में अनामंत्रित अतिथि की तरह घुस आता है और कालिया नाग की तरह कुंडली मारकर जम जाता है। आपकी कॉल, मैसेज, यहाँ तक कि आपकी मम्मी को भेजी गई गुड मॉर्निंग इमेज भी इसका शिकार बन सकती है। तुर्रा यह कि अब तो सुप्रीम कोर्ट ने कह दिया है कि यह सब ठीक है, बशर्ते यह ''राष्ट्रीय सुरक्षा'' के लिए हो। अब आप यह न पूछ बैठिएगा कि राष्ट्रीय सुरक्षा की परिभाषा क्या है? कौन जाने यह कोई ऐसी चीज़ निकले जो हर उस मौके पर ख़तरे में पड़ जाती हो जब कोई पत्रकार भ्रष्टाचार की खबर छापता हो, या कोई प्रोफेसर शासन की नीतियों पर सवाल उठाता हो, या कोई आम आदमी खीझकर व्हाट्सएप पर ''ये लोग कुछ कर नहीं रहे'' टाइप करता हो? कोई जान भी नहीं सकता, क्योंकि रिपोर्ट सार्वजनिक नहीं की जा सकती। देश की संप्रभुता का सवाल जो ठहरा!

सयाने बता रहे हैं कि राष्ट्रीय सुरक्षा की रक्षा के निमित्त पेगासस बेहिचक किसी का भी फोन टैप कर सकता है। इससे कुछ फ़र्क़ नहीं पड़ता कि आप नेता हैं, या अधिकारी, या पत्रकार, या कुछ और! पेगासस ने धर लिया सो धर लिया। सड़क पर इसकी चर्चा नहीं होगी! यानी, आप चुपचाप अपने फोन में पेगासस का आतिथ्य-सत्कार करते रहिए! शिकायत की, तो जाँच प्रक्रिया इतनी जटिल है कि आप अगले जन्म तक फॉर्म ही भरते रह जाएँगे! और हाँ, इस सुहाने भरम में कतई न रहिएगा कि, हम तो साधारण इंसान हैं, हमसे पेगासस को क्या लेना-देना - चेरी छोड़ कहाब न रानी! सावधान! पेगासस कोई पारंपरिक जासूस नहीं, जो सिर्फ बड़े-बड़े मगरमच्छों के पीछे पड़ता हो। यह तो आपके फोन में बैठकर आपकी हर हरकत पर नज़र रखता है। मान लीजिए, आपने अपने दोस्त को मैसेज किया कि, नया टैक्स तो बहुत बकवास है। बस, पेगासस ने नोट कर लिया। अगले दिन आपका फोन अचानक धीमा हो जाए, या आपकी स्क्रीन पर 'आपके डिवाइस में वायरस है' का पॉप-अप आए, तो समझ जाइए कि पेगासस आपको ''हाय'' बोल रहा है। पलक झपकते आप 'साधारण' से 'असाधारण' हो जाएँगे! आपको अतिशय असाधारण बनाने के लिए माननीय सुप्रीम कोर्ट ने एक और सुनहरा सूत्र दे दिया है - आतंकवादियों की प्राइवेसी नहीं होती! होनी भी नहीं चाहिए। लेकिन फिर वही बचकाना सवाल कि, आतंकवादी कौन? यह तो एक्स पर आलोचनात्मक हैशटैग चलाने से पहले सोचना था न!

किस्सा कोताह यह कि पेगासस सर्वव्यापी है, अंतर्यामी है! उसकी नज़र में हर कोई ''संदिग्ध'' है! उससे बचना है तो तुरंत अपना फोन त्याग दीजिए, संदेश भेजने के लिए कबूतर पाल लीजिए, काने को काना कहने की बीमारी से कान पकड़कर तौबा कीजिए और मुखमंडल पर बारह बजाकर रखिए क्योंकि हँसे तो फँसे! हँसने-हँसाने वालों को पेगासस शायद अपने राज्य से निर्वासित करना पसंद करे!

# मोदी का मार्क्सवादी सखा फिर बना ऑस्ट्रेलिया पीएम

नरेंद्र मोदी के प्रिय सखा और सोशलिस्ट नेता एंथनी अल्बानीज़ ऑस्ट्रेलिया के दुबारा प्रधानमंत्री आज चुने गए हैं। अमीर ऑस्ट्रेलिया महाद्वीप का यह 62-वर्षीय राजनेता भी अपनी मां के प्रिय हैं, जैसे मोदी रहे। इसके एक मायने यह लगाए जा सकते हैं कि मातृभक्ति राजनीति में बड़ी मददगार है।



के. विक्रम राव

दो वर्ष पूर्व (24 मई 2023) की बात है। जब कई हिंदू मंदिरों पर खालिस्तानी उग्रवादियों ने हमला किया था। उसी दौर में भारतीय प्रधानमंत्री ने मंदिरों की रक्षा का मुद्दा उठाया था। मोदी तब ऑस्ट्रेलिया के दौरे पर थे। खलिस्तानी उग्रवादियों ने कैरम डाउंस के विष्णु मंदिर, ब्रिसबेन के लक्ष्मी नारायण मंदिर, मिल पार्क के इस्कान मंदिर आदि को क्षति पहुंचायी। मोदी ने कहा : ''प्रधानमंत्री अल्बनीज और मैंने पहले भी ऑस्ट्रेलिया में मंदिरों पर हमले और अलगाववादी तत्वों की गतिविधियों के मुद्दे पर चर्चा की थी। हमने आज भी इस मामले पर चर्चा की।'' ऑस्ट्रेलियाई पीएम ने उन्हें इस तरह की तोड़फोड़ करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई का आश्वासन दिया है।''

भारत-ऑस्ट्रेलिया के संबंधों के बारे में विशेष है कि दोनों कभी आपस में नहीं भिड़ते हैं, सिवाय क्रिकेट के मैदान के। मगर आज IPL खेल में यह ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर भारतीय खिलाड़ियों के साथ उनके लिए खेल रहे हैं। मसलन विराट कोहली के रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के लिए जोश हेजलवुड, टिम डेविड, फिल्म अभिनेत्री प्रीति जिंटा की पंजाब किंग्स के लिए मार्क स्टोइनिस, ग्लेन मैक्सवेल, जोश इंग्लिस, आरोन हार्डी और जावियर बार्लेट खेल रहे हैं और उद्योगपति संजीव गोयनका के स्वामित्व वाली लखनऊ सुपरजाइंट्स के लिए मिचेल मार्श हैं। इसके




अपने ऑस्ट्रेलियायी प्रवास पर विक्रम राव पत्नी डॉ. सुधा राव के साथ सिडनी क्रिकेट मैदान में।



फिर जीते प्रधानमंत्री एंथनी अल्बानीज

अलावा चार और ऑस्ट्रेलियायी क्रिकेटर भी खेल रहे हैं।

मोदी की दो वर्ष पूर्व की यात्रा का एक तुलनात्मक महत्व भी रहा। राजीव गांधी 1986 में ऑस्ट्रेलिया गए थे। उनके बाद चार दशकों में भारत के सात प्रधानमंत्री हुए मगर कोई भी ऑस्ट्रेलिया नहीं गया। इसीलिए मोदी ने अपनी यात्रा पर घोषणा की थी ''अगले भारतीय प्रधानमंत्री के आगमन हेतु अब आपको 28 वर्षों की लंबी प्रतीक्षा नहीं करनी होगी।'' उन्होंने अलविदा नहीं कहा, फिर भेंट का प्रण जाहिर किया।

उसी दौरे में नरेंद्र मोदी की महत्वपूर्ण खोज रही सोने की खदानों से भरा शहर ''लखनऊ''। उपलब्ध दस्तावेजों में जिक्र है किसी मिस्टर रे का जो 1857 में लखनऊ में ईस्ट इंडिया कंपनी में प्रशासनिक अधिकारी थे। विद्रोह के बाद वे घायल अवस्था में ऑरेंज प्रदेश (ऑस्ट्रेलिया) आकर बस गए। उन्हीं ने सिडनी से ढाई सौ किलोमीटर दूर की इस बस्ती को लखनऊ का नाम दिया। यहां मात्र 300 परिवार बसे हैं। इतिहासकार कुक ने अपनी किताब ''लखनऊः ए वेरिटेबल गोल्डमाइन'' में इसे भारत के लखनऊ से संपर्क होने का जिक्र किया है।

आज मोदी द्वारा अपने मित्र अल्बानीज़ को बधाई देने के सिलसिले में पिछली यात्रा के निर्णय की याद भी आई। तब पूर्वी पर्थ नगर में नेल्सन एवेन्यू का नाम बदलकर ''नारायण सिंह सैलानी मार्ग'' कर दिया गया। यह सिख जवान प्रथम विश्व युद्ध (1917) के दौरान ऑस्ट्रेलिया की रक्षा में शहीद हुआ था। मोदी के अनुरोध पर यह नामकरण किया गया। ब्रिटेन के नौसेनाध्यक्ष एडमिल होरेशियो नेल्सन ने फ्रांस के सम्राट नेपोलियन बोनपर्ट को ट्राफ्लागार सागरी युद्ध में हराया था (21 अक्टूबर 1805)। उस महान सेनापति का नाम हटाकर इसे एक सिख जवान के नाम कर दिया गया। मोदी ने कहा भी कि ब्रिंघम स्ट्रीट को विक्रम मार्ग, हैरिस पार्टी को हरीश उद्यान, पारमिट्टा स्क्वायड को परमात्मा चौक भी भारतीयों ने कर दिया है।

आज-चीन समर्थित पाकिस्तान से युद्ध की आशंका के सिलसिले में प्रधानमंत्री अल्बानीज़ अपने भारतीय मित्र के साथ

खबरें फटाफट

## आईआईटी कानपुर का एप पहले ही उपलब्ध करा देगा बाढ़ ग्रस्त क्षेत्र की जानकारी



कानपुर भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान आईआईटी कानपुर के स्टार्टअप इनक्यूबेशन एंड इनोवेशन सेंटर (एसआईआईसी) के स्टार्टअप टेराएक्वा यूएवी सोल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड ने ऐसा एप तैयार किया है, जिससे बाढ़ग्रस्त इलाकों के बारे में पता चल सकेगा। यह फ़्लड डिजास्टर रिस्पॉन्स सिस्टम बारिश के दौरान बढ़ने वाले नदियों के जलस्तर के बारे में भी बताएगा। इस प्रोजेक्ट को ग्लोबल डिजिटल आईटी सर्विस प्रदान करने वाली कंपनी एनटीटी डेटा की ओर से सीएसआर प्रोग्राम के तहत सहयोग किया गया है। आईआईटी कानपुर के प्रोफेसर राजीव सिंह ने कहा कि हमारी भू-स्थानिक तकनीक से बाढ़ का सटीक आंकलन लगाया जा सकेगा। एनटीटी डेटा के साथ मिलकर बनाए गए इस प्रोजेक्ट से फ्लड मेनेजमेंट आसानी से किये जा सकेगा। यूएवी और सेटेलाइट सिस्टम से सही फैसले लेने का साथ-साथ पहले से ही सारी तैयारियां की जा सकेंगी।

इस प्रोजेक्ट के लिए वेब-जीआईएस प्लेटफॉर्म का इस्तेमाल किया गया है। जिसमें ड्रोन सर्वे और सेटेलाइट रिमोट सेन्सिंग शामिल है। फ़्लड डिजास्टर रिस्पॉन्स सिस्टम से बाढ़ आने के पहले की जानकारी मिल जाएगी। इससे फसलों और किसानों का काफी मदद मिलेगी। यह पायलट प्रोजेक्ट कानपुर के गंगा बैराज के नजदीक बाढ़ से प्रभावित होने वाले 24 गाँव को कवर करेगा।

## पत्नी के मायके जाने से आहत पति ने लगाई फांसी

कानपुर। घाटमपुर थाना क्षेत्र में पत्नी के मायके जाने की नाराजगी में एक ट्रक चालक पति ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।



घाटमपुर थाना प्रभारी धनंजय कुमार पांडेय ने बताया कि धरमंगदपुर गांव में रहने वाला राजकुमार (32) ट्रक चालक था। परिजनों से पूछताछ में पता चला है कि करीब तीन दिन पहले शराब के नशे में राजकुमार का अपनी पत्नी ज्योति के साथ मारपीट हो गई थी। इसके चलते उसकी पत्नी मायके चली गई थी। पति उसे वापस बुलाने के लिए मना रहा था, लेकिन वह वापस आने को तैयार नहीं थी। इस वजह से वह काफी परेशान था। रविवार को काफी देर तक जब वह कमरे से बाहर नहीं निकला तो परिजनों को संदेह हुआ। उन्होंने खिड़की से झांक कर देखा तो अंदर कमरे में लगे पंखे के कुंडे के सहारे राजकुमार का शव फंदे से लटक रहा था। थानेदार ने बताया कि इस सूचना पर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और फोरेंसिक टीम के साथ मौका मुआयना करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और तहरीर मिलने के बाद अग्रिम विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# भारत से पाकिस्तान को आयात निर्यात पर प्रतिबंध करने की घोषणा का किया स्वागत

**नेशनल एक्सप्रेस डी के सिंह**



कानपुर,भारत से पाकिस्तान को आयात निर्यात पर प्रतिबंध करने की घोषणा का स्वागत करते हुए भारत मे दुबई (यूएइ) या अन्य साउथ एशिया के देशो से पाकिस्तान को होने वाला आयात निर्यात भी बंद करने के लिए शुल्क मुक्त व्यापार के लिए बना आठ देशो का साफ्टा पर भी कुछ समय के लिए प्रतिबंध लगाने की मांग को लेकर कोपरगंज के रडीमेड व होज़री व्यापारियों के साथ ₹पाकिस्तान से दुबई होकर आने वाले आयात निर्यात शुल्क मुक्त कपड़ो, मेवे मे छुहारा व सेंधा नमक और पाकिस्तान के झंडे को जलाकर दहन किया। पाकिस्तान से दुबई होकर रेडीमेड कपड़े, सूखे मेवे व सेंधा नमक को इस्तेमाल न करने के साथ बहिष्कार करने का संकल्प लिया। वही बताया कि हमारे संघठन के व्यापारियों ने प्रधानमंत्री को पिछले पांच दिनों मे 1500 से आधिक व्यापारियों ने इ मेल से ज्ञापन भेजकर मांग की थी कि पाकिस्तान से परोक्ष व अपरोक्ष रूप से होने वाले आयात व दवा सहित अन्य वस्तुओ के निर्यात पर पूर्णतया प्रतिबंध लगाया जाय। भारतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के तत्वाधान मे प्रदेश अध्यक्ष ज्ञानेश मिश्र, जिला अध्यक्ष गुरुज़न्दिर सिंह, जिला वरिष्ठ महामंत्री मनीष गुप्ता सलोने, कोषाध्यक्ष विजय गुप्ता गोरे,युवा जिला अध्यक्ष आशीष मिश्र व संगठन महामंत्री चंद्राकर दीक्षित के नेतृत्व मे भारत से पाकिस्तान को आयात निर्यात पर प्रतिबंध करने की घोषणा का स्वागत करते हुए भारत मे दुबई (यूएइ) या अन्य साउथ एशिया के देशो से पाकिस्तान को होने वाला आयात निर्यात बंद करने के लिए शुल्क मुक्त व्यापार के लिए बना साफ्टा पर भी कुछ समय के लिए प्रतिबंध लगाने की मांग को लेकर कोपरगंज के रडीमेड व होज़री व्यापारियों के साथ ₹पाकिस्तान से दुबई होकर साफ्टा के तहत आयात निर्यात शुल्क मुक्त आने वाले कपड़ो, मेवे मे छुहारा व सेंधा नमक और पाकिस्तान के झंडे को जलाकर दहन किया! इस दौरान जिला अध्यक्ष गुरुज़न्दिर सिंह ने कहा कि भारत द्वारा पाकिस्तान के साथ आयात निर्यात बंद करके सारे रिश्ते तोड़कर आर्थिक चोट करने का स्वागत करते हुए कहा कि भारत मे अन्य किसी देश के माध्यम से भी पाकिस्तान से व्यापार न हो यह भी ध्यान देने की आवश्यकता है।

## दो महीने के अंदर तिकुनिया पार्क का सौंदर्यकरण करके आम जनता को किया समर्पित



**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो**

कानपुर,रविवार को महापौर प्रमिला पांडे ने ऐलान किया कि दो महीने के अंदर तिकुनिया पार्क का सौंदर्य करण करके आम जनता को समर्पित कर दिया जाएगा। दबौली की जनता ने रविवार को सम्मान समारोह करके महापौर को सम्मानित किया... इस समारोह में महापौर ने कहा शहर में चल रहे नाली एवं नालों पर से अतिक्रमण हटाने के अभियान का काम तब तक खत्म नहीं होगा जब तक यह पूरा नहीं हो जाता.... महापौर ने कहा कि उन्होंने नगर निगम के अधिकारियों को आदेश दे दिया है कि जल्द से जल्द तिकोनिया पार्क के सौंदर्य करण का काम शुरू कर दिया जाए और यहां पर ओपन जिम भी लगाया जाए... सम्मान समारोह में बड़ी संख्या में क्षेत्रीय लोग व्यापारी एवं पार्षद गुंजन शर्मा मौजूद रहे।

# कानपुर सिटी योजना में 1400 प्लॉट लोगों को देने की योजना




**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो**

कानपुर कानपुर में बहुप्रतीक्षित न्यू कानपुर सिटी योजना में 600 प्लॉट बढ़ सकते हैं। अभी तक योजना में 1400 प्लॉट लोगों को देने की योजना है। लेकिन 600 प्लॉट और बढ़ाने की योजना केडीए ने तैयार की है। इस पर 15 मई को होने वाली KDA बोर्ड बैठक में फैसला हो सकता है। केडीए ने योजना के लिए 60 हेक्टेयर जमीन अधिग्रहित कर ली है। कुल 89.69 हेक्टेयर जमीन अधिग्रहित की जानी है।

बाकी जमीन अधिग्रहित करने के लिए किसानों से लगातार बातचीत की जा रही है। केडीए मैनावती मार्ग से सिंहपुर और सिंहपुर से कल्याणपुर के बीच में चार गांवों में 153.31 हेक्टेयर जमीन पर न्यू कानपुर सिटी योजना ला रहा है। इसके लिए 89.69 हेक्टेयर जमीन अधिग्रहण होनी है। अभी तक किसानों से 60 हेक्टेयर खरीदी गई है। बाकी के लिए किसानों से बातचीत चल रही है और रजिस्ट्री कराई जा रही है।

अब संशोधित लेआउट तैयार करके 15 मई गुरुवार को होने वाली केडीए की बोर्ड बैठक के समझ रखा जाएगा। विकास कार्य का भी नक्शा तैयार हो गया है इसके आधार पर क्षेत्र में विकास कार्य कराया जाएगा। विकास कार्य के लिए पहले से 183.5 करोड़ रुपए केंद्र सरकार ने दे रखे हैं।

# मुख्य विकास अधिकारी ने मऊनखत में राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के तहत बने खेत तालाब का किया निरीक्षण

**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो**



कानपुर में मुख्य विकास अधिकारी दीक्षा जैन ने 3 मई 2025 को मऊनखत में राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के तहत बने खेत तालाब का निरीक्षण किया। यह तालाब श्रीमती ललिता शर्मा के खेत में घाटमपुर विकास खंड में बनाया गया है।

वित्तीय वर्ष 2024-25 में जनपद में 13 खेत तालाबों का निर्माण पूरा किया गया है। किसानों का चयन पारदर्शी किसान सेवा योजना के पोर्टल से किया जाता है। इसमें प्रथम आवक प्रथम पावक का सिद्धांत अपनाया जाता है।

प्रत्येक लाभार्थी को कुल लागत 1.05 लाख रुपये में से 50% अनुदान मिलता है। यह राशि 52,500 रुपये दो किस्तों में डीबीटी के जरिए सीधे किसान के खाते में भेजी जाती है। योजना के तहत किसानों को पंपसेट या डीजल इंजन खरीद पर 15,000 रुपये तक का अनुदान भी मिलता है।

इस योजना से क्षेत्र में भूजल स्तर बढ़ेगा। किसान मत्स्य पालन और जलीय खेती कर सकेंगे। इससे उनकी आय में वृद्धि होगी और रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। योजना का मुख्य उद्देश्य बंजर भूमि को कृषि योग्य बनाना और मिट्टी व जल का संरक्षण करना है।

निरीक्षण के दौरान सीडीओ ने किसानों को मत्स्य पालन और मोती उत्पादन के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर जिला विकास अधिकारी गजेंद्र प्रताप सिंह, उप कृषि निदेशक अरुण कुमार, भूमि संरक्षण अधिकारी आर.पी. कुशवाहा और लाभार्थी ललिता शर्मा मौजूद रहीं।

## दुकान में लगी आग से बुजुर्ग की दम घुटकर मौत

कानपुर नवाबगंज थाना क्षेत्र में स्थित एक खिलौने की दुकान में शनिवार देर रात संदिग्ध परिस्थितियों में आग लग गई। इस आग से निकलने वाले धुएं से दम घुटकर दुकान के ऊपर रहने वाले मकान मालिक की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची दमकल ने करीब 2 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। पुलिस उपायुक्त मध्य दिनेश त्रिपाठी ने बताया कि रविवार को बताया कि नवाबगंज कस्बा स्थित जयप्रकाश गुप्ता (80) की मकान के ग्राउंड फ्लोर पर खिलौने की दुकान है। बीती देर रात करीब 3:30 बजे दुकान में आग लग गई। आग का धुआं पूरे मकान में फैल गया। चीख पुकार सुनकर इलाकाई लोगों ने घटना की सूचना दमकल विभाग को दी। मौके पर पहुंची दमकल की तीन गाड़ियों ने करीब दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया और घर में रहने वाले सदस्यों को सुरक्षित बाहर निकाला गया। इस बीच आग के धुएं में फंसे बुजुर्ग जयप्रकाश को अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उन्हें घोषित कर दिया।

## कानपुर और आगरा मेट्रो के पहले कॉरीडोर का निर्माण दिसम्बर तक होगा



**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो**

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की महत्वाकांक्षी परियोजना कानपुर और आगरा मेट्रो रेल का कार्य तीव्रगति से चल रहा है। दोनों मेट्रो रेल परियोजनाओं के कॉरिडोर-1 का निर्माण दिसम्बर तक पूरा हो जाएगा।

कानपुर मेट्रो के कॉरिडोर-1 के कानपुर सेंट्रल से मोती झील तक 6.7 किलोमीटर तक का अंडरग्राउड खण्ड पूरी तरह तैयार हो चुका है। कॉरिडोर-1 का शेष भाग भी सत्तर फीसदी से अधिक पूरा चुका है, जो साल के अंत तक पूरा होना है। इसके साथ ही आगरा मेट्रो के कॉरिडोर-1, सिकंदरा से ताज ईस्ट गेट तक 14.27 किमी का निर्माण कार्य भी पचास फीसदी से अधिक पूरा हो चुका है। दोनों मेट्रो परियोजनाओं के कॉरिडोर-2 का कार्य प्रगति पर है, जिसके अगले वर्ष, दिसम्बर 2026 तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। राज्य सरकार के प्रवक्ता ने बताया कि सीएम योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में यूपी में मेट्रो परियोजनाओं का तीव्रगति से विकास हो रहा है। जहां एक ओर प्रदेश की राजधानी लखनऊ और नोएडा, गजियाबाद में मेट्रो परियोजनाएं पहले से ही संचालित हैं। वहीं सीएम योगी ने मेट्रो परियोजनाओं का विस्तार करते हुए कानपुर और आगरा शहरों में मेट्रो रेल परियोजनाएं शुरू की हैं। प्रदेश के आवास एवं शहरी नियोजन विभाग ने समीक्षा बैठक में बताया कि कानपुर और आगरा दोनों मेट्रो परियोजनाओं के पहले कॉरिडोर का क्रमशः 72 एवं 52 फीसदी निर्माण कार्य पूरा हो चुका है। परियोजनाओं का शेष कार्य दिसम्बर 2025 में पूरा हो जाएगा।

## आज का राशिफल

ज्योतिर्विद
डॉ. श्याम सुंदर पाठक 'अनन्त'



Mob:-9760800271

मेष : खान-पान में सावधानी रखें। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्घि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें।

वृष : प्रतिष्ठा बढ़ाने वाले कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। कई प्रकार के हर्ष उल्लास के बीच मांगलिक कार्य सम्पन्न होंगे। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी।

मिथुन : कुछ कार्य भी सिद्घ होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचे तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्घ कार्य संपन्न हो जाएंगे। दिमाग में निर्मूल तर्क-कुतर्क पैदा होंगे।

कर्क : आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्घ हो रहे है। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी।

सिंह : शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधानी रखें तो ज्यादा उत्तम है। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें।

कन्या : सुख-आनंद कारक समय है। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। कुछ महत्वपूर्ण कार्य के लिए भाग-दौड़ रहेगी। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होंगी। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है।

तुला : शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों से समागम होगा। व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी।

वृश्चिक : समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश सफल होगी।

धनु : नवीन जिम्मेदारी बढने के आसार रहेंगे। सुविधाओं में शनैः-शनैः बाधा आएगी। अपने काम को प्राथमिकता से करें। कारोबारी काम में बाधा उभरने से मानसिक अशांति बनी रहेगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा।

मकर : सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम पर पैनी नजर रखिए। विरोधी नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेगा। स्वास्थ्य लाभ में समय और धन व्यय होगा।

कुंभ : समय पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने के प्रयास सफल होंगे। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए।

मीन : यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्घिमानी होगी। यश-प्रतिष्ठा में वृद्घि व शिक्षा में परेशानी आ सकती है। स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें।

# कृपा धाम मंदिर प्रांगण में पंच दिवसीय संगीतमय भक्तमाल कथा के समापन के दिन फूलों की होली का हुआ आयोजन

**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो**



कानपुर। स्वप्निल तिवारी कृपा धाम मंदिर प्रांगण में आयोजित होने वाली पंच दिवसीय संगीतमय भक्तमाल कथा का समापन हुआ वही आयोजक सुनील कपूर सपना कपूर,राजीव चतुर्वेदी,गुड़िया चतुर्वेदी द्वारा व्यास पीठ का पूजन किया गया। तदउपरांत आज कि भक्तमाल कथा में सुप्रसिद्ध रामकथा वाचक एवं भागवताचार्य आचार्य कृष्ण गोपाल सुवेदी ने भक्तमाल के कथा में आज के प्रसंग की कथा में बांके बिहारी जी को प्रकट करने वाले स्वामी हरिदास जी के चरित्र का दर्शन ,श्री राधा बल्लभ को प्रकट करने वाले हिटारी वंश जी का चरित्र दर्शन श्री राधारमण लाल को प्रकट करने वाले गोपाल भट्ट गोस्वामी का चरित्र का दर्शन करवाते हुए आज पंचम दिवस भक्त माल की कथा का समापन हुआ। कथा व्यास सुवेदी ने कहा कि भक्त शिरोमणि वृन्दावन में बांके बिहारी को प्रकट करने वाले स्वामी हरिदास के चरित्र पर व्याख्यान करते हुए कहा कि .....स्वामी हरिदास जी श्री कृष्ण के अनन्य भक्त थे और उनके प्रति उनका प्रेम असीम था। उन्होंने निधिवन में अपनी बांसुरी बजाकर और राग गाकर श्री कृष्ण को प्रकट किया था। स्वामी हरिदास जी मुख्य रूप से राग भैरव, असावरी,तोड़ी,भीमपलासी,पुरिया धनाश्री,मारवा, चंद्रकौस और मालकौंस के लिए जाने जाते रहे। और कृष्णभक्ति में सम्पूर्ण जीवन बिताया । बांसुरी बजाकर और राग गाकर कृष्ण की लीलाओं का गान करते हुए अपने शिष्यों को कृष्ण भक्ति की शिक्षा दी ।

# सीएपीएल 2025 का होगा भव्य नीलामी समारोह का आगाज

**नेशनल एक्सप्रेस उत्कर्ष सिंह**




कानपुर। चार्टर्ड अकाउंटेंट्स के लिए पहली बार आईपीएल स्टाइल क्रिकेट लीग रविवार को गैंजस क्लब मे आयोजित किया गया। जिसमे सीए प्रीमियर लीग (CAPL) 2025 का भव्य नीलामी समारोह, जो कि विशेष रूप से चार्टर्ड अकाउंटेंट्स के लिए पहली बार अयोजित बॉक्स क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। कानपुर के चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ने बड़ी संख्या में भाग लिया। आईपीएल-शैली की लाइव नीलामी में 90 से अधिक पंजीकृत खिलाड़ियों को 10 टीम मालिकों द्वारा खरीदा गया। सभी टीम मालिक स्वयं चार्टर्ड अकाउंटेंट हैं। 9 घोषित 10 टीमें एवं उनके मालिकः- केटीसी VII - सीए नरेंद्र कपूर एवं सीए हिमांशु कपूर, डीसी स्मैशर्स - सीए डी.सी. शुक्ला एवं सीए नितेश शुक्ला, एम जी ब्लास्टर्स- सीए अक्षय गुप्ता, अर्सन टाइगर्स - सीए अतुल मेहरोत्रा एवं सीए शैलेश शर्मा, डी एस फायरबॉल्स - सीए गरिमा गुप्ता एवं सीए अभिषेक पांडे, एम. एस लॉयन्स- सीए शरद सिंघल एवं सीए मनीष ए वॉरियर्स- सीए धर्मेंद्र श्रीवास्तव, सीजे स्ट्राइकर्स - सीए छवि जैन एवं सीए पीयूष अग्रवाल, जी एंड पी श्रीवास्तव, रैवेंजरस - सीए अंकुर गोयल एवं सीए विनीत रूगटा, ए3 एवेंजर्स- सीए आलोक पांडे एवं सीए अंशुल शुक्ला इस आयोजन में कुल 10 टीमें भाग ले रही हैं, जिन्हें दो समूहों में बाँटा गया है - प्रत्येक समूह में 5 टीमें होंगी। 14 मई से 17 मई 2025 तक ग्रुप चरण के मुकाबले आयोजित किए जाएंगे। प्रत्येक खिलाड़ी को न्यूनतम 2 मैच खेलने का अवसर मिलेगा और सभी मुकाबले रात 7:00 बजे से Tranquiltone, गांधी ग्राम, कानपुर में खेलेजाएंगे।हर समूह की शीर्ष दो टीमें सेमीफ़ाइनल के लिए क्वालीफाई करेंगी। सेमीफ़ाइनल 1 और सेमीफ़ाइनल 2 दोनों मुकाबले 18 मई 2025 को आयोजित किए जाएंगे, और उसी दिन, 18 मई 2025 को ही फ़ाइनल मैच भी खेलाजाएगा।CAPL आयोजन समिति, जिसमें सीए आकाश गुप्ता, सीए आनंद गुप्ता और सीए क्षितिज वर्मा शामिल हैं, का उद्देश्य इस टूर्नामेंट को एक वार्षिक परंपरा बनाना है, जो फिटनेस, नेटवर्किंग और आपसी सहयोग को बढ़ावा देगा।

# तीन स्थानों पर जल्द ही फुट ओवरब्रिज बनेंगे, स्मार्ट सिटी बोर्ड बैठक में लिया गया फैसला



**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने और यातायात सुगम बनाने के लिए मुरादाबाद के स्टेशन रोड, गागन तिराहा और हरथला पर स्मार्ट सिटी योजना के तहत फुट ओवरब्रिज बनाए जाएंगे। पीपीपी मॉडल पर बनने वाले यह एफओबी जाम और सड़क हादसों से राहत दिलाने के साथ ट्रैफिक व्यवस्था को भी सुधारेंगे। फुट ओवरब्रिज पर दिव्यांगों के लिए विशेष इंतजाम होंगे और नीचे से सड़क पार करने की सुविधा नहीं रहेगी।

तीन स्थानों पर जल्द ही फुट ओवरब्रिज एफओबी बनेंगे। इससे न सिर्फ लोगों को जाम से राहत मिलेगी, बल्कि सड़क हादसों में भी कमी आएगी। शनिवार को स्मार्ट सिटी की बोर्ड बैठक में यह निर्णय लिया गया। स्मार्ट सिटी की ओर से शहर की प्रमुख सड़कों पर फुट ओवरब्रिज का निर्माण कराया जाएगा। इसकी शुरूआत स्टेशन रोड से हो रही है। इसी महीने यह फुट ओवरब्रिज बनकर तैयार भी जाएगा। एफओबी बनने से स्टेशन के बाहर एक सड़क से दूसरी सड़क तक जाने के लिए लोगों को पुल के रास्ते ही गुजरना होगा।

इस ओवरब्रिज से न सिर्फ यात्रियों को स्टेशन आने-जाने में सहूलियत मिलेगी, बल्कि सड़क पार करते समय होने वाले हादसे भी रुकेंगे। स्टेशन रोड के अलावा गागन तिराहे और हरथला पर भी फुट ओवरब्रिज बनाए जाएंगे। बैठक में कहा गया कि इन सड़कों पर भारी ट्रैफिक और पैदल यात्रियों की संख्या को देखते हुए फुट ओवरब्रिज का बनाया जाना जरूरी है। यह सभी एफओबी पीपीपी पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप मॉडल के तहत बनाए जाएंगे। इससे नगर निगम पर वित्तीय बोझ कम पड़ेगा और निजी कंपनियों की भागीदारी से निर्माण कार्य तेजी से पूरा होगा। स्मार्ट सिटी के सीईओ दिव्यांशु पटेल ने बताया कि स्टेशन क्षेत्र, गागन तिराहा और हरथला जैसे व्यस्त इलाकों में फुट ओवरब्रिज बनने से पैदल यात्रियों को बड़ी राहत मिलेगी।

साथ ही शहर की ट्रैफिक व्यवस्था भी बेहतर होगी। मंडलायुक्त आंजनेय कुमार सिंह ने कहा कि प्रमुख सड़कों पर हादसे न हों इसके लिए फुट ओवरब्रिज का होना जरूरी है। इससे लोग सुरक्षित तरीके से सड़क को पार कर सकेंगे। साथ ही यातायात भी प्रभावित नहीं होगा। फुट ओवरब्रिज जिन स्थानों पर बनाया जाएगा, वहां ब्रिज के नीचे से दूसरी ओर जाने का विकल्प नहीं होगा। एफओबी पर दिव्यांगों के लिए भी विशेष इंतजाम किए जाएंगे।

# तेज रफ्तार कंटेनर ने बाइक सवार को मारी टक्कर मां-बेटे की मौत, पिता-पुत्र घायल

## लगातार हो रहे सड़क हादसों को रोकने में विफल पुलिस





**नेशनल एक्सप्रेस फहीम अंसारी**

**मुरादाबाद।** जनपद में सड़क हादसों का सिलसिला थमने का नाम नही ले रहा है। करोडों रुपये खर्च कर चलाए जा रहे मिशन रोड सेफ्टी अभियान के बावजूद रफ्तार का कहर लगातार जानें ले रहा है। भोजपुर थाना क्षेत्र के सिरसवां दोराहे चौकी के पास स्थित एम.आई. हॉस्पिटल के सामने का है। रविवार दोपहर तेज रफ्तार कंटेनर ने बाइक सवार परिवार को रौंद दिया।

इस दर्दनाक हादसे में महिला और उसका डेढ़ वर्षीय मासूम बेटे की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि पति और बड़ा बेटा गंभीर रूप से घायल हो गए है। भोजपुर थाना क्षेत्र की ग्राम पंचायत कोरबाकु के पास एक दर्दनाक सड़क हादसा सामने आया है।

तेज रफ्तार कंटेनर ने एक बाइक सवार परिवार को टक्कर मार दी, जिसमें मां और डेढ़ साल के बेटे की मौके पर ही मौत हो गई। थाना डिलारी क्षेत्र के आलियाबाद निवासी मुहम्मद यूनुस अपनी पत्नी तबस्सुम, तीन वर्षीय बेटे सुफियान और डेढ़ वर्षीय बेटे मुहम्मद साद के साथ बाइक से जा रहे थे। ग्राम पंचायत कोरबाकु से आगे एम.आई. हॉस्पिटल के सामने अचानक तेज गति से आ रहे कंटेनर ने बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। जिसमें मां-बेटे की मौके पर ही मौत हो गई, वही मुहम्मद यूनुस और उनका बड़ा बेटा गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें तत्काल अस्पताल भेजा गया। हादसे के बाद घटनास्थल पर नेशनल हाईवे काशीपुर रोड पर जाम की स्थिति बन गई। वाहनों की लंबी-लंबी कतारें लग गई। मौके पर पहुंचे पुलिस क्षेत्र अधिकारी रुद्र कुमार सिंह ने तत्काल भोजपुर पुलिस की मदद से करीब एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद यातायात को सुचारू कराया। थाना प्रभारी निरीक्षक शरद मलिक ने हादसे में शामिल कंटेनर को हिरासत में ले लिया है।

घायलों को अस्पताल भिजवाया और मृतकों के शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिए। पुलिस अब हादसे की जांच कर रही है। और कंटेनर चालक की तलाश जारी है।

## संक्षिप्त समाचार

### कड़ी सुरक्षा के बीच नीट परीक्षा हुई संपन्न

**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** रविवार को हुई जनपद में नीट यूजीसी परीक्षा के लिए 21 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। जहां दोपहर बारह बजे से ही परीक्षार्थी अपने अभिभावकों के साथ पहुंचना शुरू हो गए निष्पक्ष परीक्षा कराने के लिए सेक्टर मजिस्ट्रेट और नोडल अधिकारी भी परीक्षा केंद्र का जायजा ले रहे थे। नीट एग्जाम के पेपर में फिजिक्स के प्रश्न को देखकर कई छात्राओं के होश उड़ गए, समस्त परीक्षा केन्द्रों पर छात्र-छात्रा को जिले प्रवेश 1:30 बजे दिया गया जिले में परीक्षा की नोडल अधिकारी केंद्रीय विद्यालय की प्राचार्य ने बताया कि 21 परीक्षा केंद्रों पर लगभग दस हजार से अधिक परीक्षार्थियों ने एग्जाम दिया। इस बार पेपर बेहद टप था। शाम को नीट की परीक्षा छुट्टी तो एग्जाम देने वाले छात्र-छात्राओं ने जानकारी करने पर बताया कि इस बार पेपर बेहद टप था। खासकर फिजिक्स के सवालों ने परीक्षा देने वाले छात्र-छात्राओ के सर को घुमा दिया। और कई के पेपर देखकर होश खो गए थे। बायो और केमिस्ट्री के सवाल अधिकांश सवाल आसान थे।

### शांति व्यवस्था भंग करने में तीस व्यक्तियों को हिरासत में लेकर न्यायालय में पेश किया

**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल मुरादाबाद के निदेर्शानुसार अपराध नियंत्रण, कानून एवं शान्ति व्यवस्था को सुदृढ़ बनाये रखने हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत जनपदीय पुलिस द्वारा तीस व्यक्तियों को संज्ञेय अपराध कारित करने से रोकने एवं परिशान्ति कायम रखने हेतु अन्तर्गत हिरासत में लेकर माननीय न्यायालय भेजा गया। थाना सिविल लाईन्स तीन, थाना मझोला तीन, थाना कांठ चार, थाना भगतपुर दो , थाना भोजपुर एक, थाना डिलारी चौदह, थाना बिलारी दो,थाना मैनाठेर में एक तथा सभी को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

### मिशन सड़क सुरक्षा अभियान के तहत लोगों को दिलाई शपथ

**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो**

**बिलारी।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल मुरादाबाद के निर्देशन में चलाये जा रहे मिशन सड़क सुरक्षा अभियान के तहत दुर्घटना से सुरक्षा के संबंध में थाना बिलारी पुलिस द्वारा लोगो को यातायात नियमों का पालन करने हेतु जागरूक किया गया तथा सड़क सुरक्षा प्रचार प्रसार हेतु सभी से अपने आस-पास के लोगों को भी जागरूक करने हेतु अपील की गई। तथा सड़क सुरक्षा के नियमों को पालन करने हेतु लोगों को इसकी शपथ दिलाई और वाहन चलाते समय हेलमेट को पहनने की अहमियत को बताया गया।

### मारपीट करने वाले तीन आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**भोजपुर।** पुलिस को दी तहरीर में कोतवाली कटघर के पंडित नंगला निवासी विक्की पुत्र झांझन सिंह ने कहा है कि तीस अप्रैल को अपने माता-पिता के साथ भोजपुर के गांव त्रिलोकपुर में रिश्तेदार की शादी समारोह में शामिल होने आया था। दावत के बाद रात को साढ़े ग्यारह बजे डीजे बज रहा था। गांव और रिश्तेदारी में आए मेहमान गानों पर डांस कर रहे थे। पीड़ित का कहना है कि वह भी खड़ा हुआ डांस देख रहा था। अचानक पंडित नंगला के आकाश,अजय और हरकेश पुत्र अतर सिंह डांस वाले स्थान पर आये और देखते ही गंदी गालियां देने लगे। विरोध करने पर तीनों भाईयों ने डंडों से हमला कर सिर में गहरी चोटें मार दीं। हालत खराब होने की वजह से शिकायत करने थाने नहीं आया। मुरादाबाद में उपचार कराने चला गया था। तबीयत में सुधार होने पर कार्रवाई के लिए आया हूं। पीड़ित की तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# कंपनी बाग में फ्री की एंट्री हुई बंद

**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** कंपनी बाग में फ्री की एंट्री बंद कर दी गई है। प्रवेश के लिए चुकाना होगा शुल्क पहले दिन बिके कई हजार टिकट मुरादाबाद के कंपनी बाग में अब सुबह 9 बजे के बाद प्रवेश के लिए शुल्क के रूप में टिकट अनिवार्य कर दिया गया है। नगर निगम ने पार्क में सुविधाओं के विकास, सौंदर्यीकरण और अनुशासन बनाए रखने के उद्देश्य से यह निर्णय लिया है।

मुरादाबाद के कंपनी बाग में अब मुफ्त में एंट्री नहीं मिलेगी। नगर निगम ने कंपनी बाग में एंट्री करने के लिए टिकट की व्यवस्था शनिवार से शुरू कर दी। अब शहरवासियों को कंपनी बाग में प्रवेश के लिए 50 रुपये का शुल्क देना होगा। हालांकि, सुबह के समय सैर करने वालों को इससे छूट प्रदान की गई है।

# गर्मी से राहत हल्की बारिश से मौसम हुआ सुहाना

**नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता**

**मूंढापांडे।** मुरादाबाद में रविवार को दिन की शुरूआत तो तेज गर्मी के साथ हुई मगर दो बजे हल्के बादल छा जाने के साथ साथ बिजली भी कड़कती रही। मुरादाबाद के मूंढापांडे क्षेत्र की कई जगहों पर बूंदाबांदी भी हुई मगर शाम होते होते बूंदाबांदी ने कुछ रफ़्तार पकड़ी और इसी के साथ मौसम सुहाना हो गया। और काफी हद तक लोगों को गर्मी से राहत मिली खुशगवार हवाएं भी चलती रहीं।

# खत्री सभा की बैठक में लिए गए कई महत्वपूर्ण निर्णय, खत्री सभा नगर निगम से लेगी पार्क गोद

**नेशनल एक्सप्रेस फहीम अंसारी**

**मुरादाबाद।** खत्री सभा रजिस्टर्ड मुरादाबाद के पदाधिकारियों की एक बैठक चौराहा गली स्थित प्रदीपांजली खत्री भवन में सम्पन्न हुई। अध्यक्षता श्याम खन्ना ने व संचालन महासचिव कमल अरोरा ने किया। जिसमें समाजहित में महत्वपूर्ण निर्णय लिये गए।

बैठक में खत्री सभा रजि0 मुरादाबाद द्वारा संचालित अंतिम शव वाहन से हुई दुर्घटना में एक राहगीर की मृत्यु उपरांत अमरोहा कोर्ट में चल रहे मुकदमे में ड्राइवर की जमानत के उपरांत उक्त वाहन को कोर्ट द्वारा अध्यक्ष श्याम खन्ना की सपुर्दगी में लेने का निर्णय सर्वसम्मति से लिया गया तथा अंतिम शव यात्रा वाहन को मुरादाबाद महानगर में ही सर्वसमाज हेतु जनहितार्थ चलाने का



प्रस्ताव पारित किया गया। इसके साथ ही खत्री सभा द्वारा संचालित खत्री फिजियोथेरेपी सेंटर के भवन में रंगाई-पुताई का कार्य पूर्ण होने के पश्चात अतिशीघ्र इससे सम्बंधित मशीनों के खरीद फरोख्त व सुसजजा आदि के कार्य तथा इससे सम्बंधित होने वाली व्यवस्थाओं पर विस्तार से चर्चा की तथा उसके शीघ्र शुभारम्भ करने का निर्णय भी लिया गया।

तथा खत्री सभा द्वारा वितरित की जा रही खत्री महिला कल्याण आजीवन मासिक पेंशन योजना के अंतर्गत दो महिलाओं की पेंशन भी स्वीकृत की गई जो अब अगले माह से दस पेंशन के स्थान पर बारह स्वजातीय महिलाओं को दी जाएगी।रामगंगा विहार क्षेत्र में अधिक संख्या में निवास कर रहे हैं। खत्री समाज के लोगो की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए खत्री सभा द्वारा नगर निगम मुरादाबाद से एक पार्क लीज पर गोद लेने का सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किया गया। निर्णय लिया गया कि उक्त पार्क का नाम समाजसेवी स्व.विनोद खन्ना की स्मृति में उनकी मूर्ति लगाकर इस कार्य को अति शीघ्र सम्पन्न करा कर पार्क को महानगर की जनता को समर्पित किया जाएगा। इस अवसर पर वरिष्ठ संरक्षक योगेंद्र खन्ना,अध्यक्ष श्याम खन्ना,उपाध्यक्ष दिनेश कपूर-,महासचिब कमल अरोरा,कोषाध्यक्ष दीपक कपूर, सह सचिव संजय मेहरोत्रा, पंकज टंडन,शरद कपूर, राजीव अरोरा,सचिव अनूप मेहरोत्रा आदि।

# महानगर में सवर्णो की बैठक आयोजित, एक जुट होने का किया आह्वान



**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** रविवार को सवर्ण आर्मी की महानगर में एक बैठक आयोजित हुई, जिसमे बताया गया कि सवर्णों के हक अधिकार को लेकर एक सवर्ण आयोग का गठन होना चाहिए ये ही सवर्ण आर्मी का संकल्प है। तथा इसी को लेकर विचार विमर्श हुआ साथ ही सवर्ण आर्मी संगठन ने कहा कि हमारा काम है दिन रात लगकर अपने समाज को जागरूक तथा एकत्रित करना और आप सभी लोग सवर्ण आर्मी की विचारधारा को सुनने आए यह सवर्णों की विचारधारा है। तथा सवर्ण समाज को एकजुट करना ही संगठन की जिम्मेदारी है। जिसके लिए राष्ट्रीय अध्यक्ष ने सवर्ण आर्मी का गठन किया था, आज सवर्ण आर्मी भारत देश में रह रहे सवर्णों के दिलो में बैठ गई है तथा सभी सहयोग के लिए भी सवर्ण आर्मी को मजबूत करें। तथा बैठक में कहा की राष्ट्रीय अध्यक्ष की बुलंद करें और लास्ट में कहा कि सवर्ण समाज की आवाज के लिए राष्ट्रीय अध्यक्ष को झुकने नहीं देंगे।

# सिविल लाइन्स पुलिस ने अवैध चरस के साथ एक को किया गिरफ्तार

**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मुरादाबाद के कुशल निर्देशन में जनपद मुरादाबाद को नशा मुक्त शहर बनाने की दिशा मे किये जा रहे प्रयासो के क्रम में चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत पुलिस अधीक्षक नगर के निकट पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी सिविल लाइन्स मुरादाबाद के नेतृत्व में रविवार को थाना सिविल लाइन्स पुलिस द्वारा गश्त व चैकिगं के दौरान अभियुक्त गौरव पुत्र गजेन्द्र निवासी आदर्श कालोनी थाना सिविल लाईन मुरादाबाद को 230 ग्राम अवैध चरस के साथ गिरफ्तार किया गया इस सम्बन्ध में आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने आरोपी का मेडिकल परीक्षण कराकर कोर्ट में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।




# नन्ही सी चिड़िया ट्रस्ट द्वारा गरीब बालिकाओं को फीस वितरण कार्यक्रम का आयोजन

**नेशनल एक्सप्रेस फहीम अंसारी**

## बेटियां ही बनाएंगी भारत को विश्वगुरु : बेबी रानी

**मुरादाबाद।** रविवार को पंचायत भवन सभाघर में नन्ही सी चिड़िया ट्रस्ट द्वारा निर्धन एवं जरूरतमंद बालिकाओं के लिए फीस वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मानवीय पहल का उद्देश्य समाज की आर्थिक रूप से कमजोर लड़कियों को शिक्षा से वंचित न रहे। समाज की मुख्यधारा से जोड़ना और उन्हें उज्जवल भविष्य की ओर ले जाना है।

इस मौके पर 200 बालिकाओं को शैक्षणिक फीस प्रदान की गई। जिसमें वह आगे की पढ़ाई जारी रखें। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश सरकार में मंत्री श्रीमती बेबी रानी मौर्य रही, जिन्होंने बालिकाओं को ट्रस्ट के समस्त सदस्यों के साथ चेक वितरण कर उनको प्रोत्साहित करते हुए शिक्षा का महत्व और समाज में नारी सशक्तिकरण की भूमिका पर प्रकाश डाला। साथ ही उन्होने कहा कि बेटियां ही बनाएंगी भारत को विश्वगुरु, जरूरतमंद छात्राओं को बांटे फीस चेक,विशिष्ट अतिथियों में विधायक रितेश गुप्ता, भाजपा पश्चिमी उत्तर प्रदेश के क्षेत्र महामंत्री हरिओम शर्मा,जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ शेफाली चौहान, भाजपा के






मुरादाबाद महानगर अध्यक्ष गिरीश भांडुला, प्रसिद्ध समाज सेविका श्रीमती शिखा गुप्ता, राजेश रस्तोगी, दीपक बाबू ,योग शिक्षिका रितु नारंग, उपस्थित रहे।

कार्यक्रम की शोभा बड़ाई,अतिथियों ने बालिकाओं को प्रोत्साहन करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की ट्रस्ट की अध्यक्ष श्रीमती अल्पना रितेश गुप्ता ने कहा कि नन्ही सी चिड़िया ट्रस्ट का यह प्रयास है कि कोई भी बालिका केवल आर्थिक अभाव के कारण शिक्षा से वंचित न रह जाए।

हमारा विश्वास है कि एक शिक्षित बालिका न केवल अपना बल्कि पूरे समाज का भविष्य संवारती है। नन्ही सी चिड़िया ट्रस्ट भविष्य में भी इस प्रकार के सामाजिक कार्यक्रम के माध्यम से समाज के वंचित वर्गों को सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। कार्यक्रम में लाभान्वित बालिकाओं के अभिभावकों को व स्कूल के अध्यापकगणों ने ट्रस्ट के प्रति गहरी कृतज्ञता व्यक्त की और कहा कि यह सहयोग उनके लिए संजीवनी के समान है। इस दौरान नगर विधायक रितेश गुप्ता बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ की संयोजक अध्यक्ष अल्पना रितेश गुप्ता, सदस्य डॉ नीतू रस्तोगी, भाजपा आर्थिक प्रकोष्ठ के संयोजक राजेश रस्तोगी,भाजपा महिला मोर्चा उपाध्यक्ष प्रीति कश्यप, जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ शेफाली सिंह, सारिका गुप्ता,शिखा जैन, सुनीता कोठीवाल, व संचालक संजीव आकाशी ने किया।

सीएम योगी का जनता दर्शन

# फरियादियों से की मुलाकात, दिए तत्काल कार्रवाई के निर्देश

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो





**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को राजधानी में आयोजित 'जनता दर्शन' कार्यक्रम में 60 से अधिक फरियादियों से मुलाकात की। उन्होंने एक-एक कर सभी की समस्याएं सुनीं, कुशलक्षेम पूछी और संबंधित अधिकारियों को त्वरित समाधान के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि, प्रदेश के हर नागरिक के चेहरे पर खुशहाली लाना ही सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है और इसके लिए राज्य सरकार पहले दिन से ही कार्य कर रही है।

जनता दरबार में पुलिस, राजस्व, चिकित्सा सहायता, वृद्धावस्था पेंशन, सड़क निर्माण समेत विभिन्न विभागों से जुड़े मामले आए।

मुख्यमंत्री ने प्रत्येक प्रार्थना पत्र को गंभीरता से लिया और संबंधित अधिकारियों को तत्काल संज्ञान लेकर निस्तारण करने को कहा।

मुख्यमंत्री योगी ने प्रतापगढ़ के कुंडा में हाल ही में हुई घटना का संज्ञान लेते हुए दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए।

उन्होंने स्पष्ट किया कि इस घटना के आरोपियों को बख्शा नहीं जाएगा। जनता दर्शन में दो महिलाओं ने पुलिस से संबंधित शिकायतें कीं, जिन्हें मुख्यमंत्री ने गंभीरता से लिया और तत्काल आवश्यक कदम उठाने को कहा।

### जन-समस्याओं को प्राथमिकता

मड़ियाव थाना क्षेत्र के एक राजमिस्त्री वृद्धावस्था पेंशन की फरियाद लेकर पहुंचे, जिस पर मुख्यमंत्री ने नियमानुसार कार्रवाई का भरोसा दिलाया।

खेत की पैमाइश, चकरोड, अवैध कब्जा, आरटीई, आवास और बिजली कनेक्शन जैसे कई मुद्दों को लेकर लोग पहुंचे थे, जिनके समाधान का आश्वासन मुख्यमंत्री ने दिया।

### बच्चों को दिया दुलार और चॉकलेट

जनता दर्शन में आए पीड़ित परिवारों के साथ बच्चों को देखकर मुख्यमंत्री ने उन्हें दुलारा, उनकी पढ़ाई की जानकारी ली और चॉकलेट भी दी। सीएम योगी ने बच्चों को आशीर्वाद देते हुए कहा कि मन लगाकर पढ़ो, भविष्य उज्ज्वल बनेगा।

# प्रभारी मंत्री ने वक्फ सुधार जन जागरण अभियान के तहत प्रबुद्धजनों से किया संवाद

## पार्टी के कार्यकर्ताओं से भी की मुलाकात, वक्फ बोर्ड सुधार अधिनियम विकास के कदम में एक महत्वपूर्ण प्रयास है : राकेश सचान

» नेशनल एक्सप्रेस



**रायबरेली।** रविवार को भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय अटल भवन त्रिपुला रायबरेली में वक्फ बोर्ड सुधार अधिनियम के अंतर्गत जन जागरण अभियान (नागरिक संवाद कार्यक्रम) का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनपद के प्रभारी मंत्री राकेश सचान मौजूद रहे। अध्यक्षता जनपद अध्यक्ष बुद्धिलाल पासी ने किया।कार्यक्रम में मंच पर सलोन के विधायक अशोक कोरी,पूर्व विधायक रामलाल अकेला,सुरेंद्र सिंह दाढ़ी,किरण सिंह,अशरफ फारूकी क्षेत्रीय उपाध्यक्ष,मोहम्मद शरीफ अल्पसंख्यक मोर्चा,वंदना कश्यप आदि लोग उपस्थित रहे।क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अशरफ फारूकी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि कुरान में कहीं भी ऐसा नहीं लिखा है कि वक्फ के नाम पर गरीबों की जमीन को हथिया लिया जाए।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि प्रभारी मंत्री राकेश सचान ने कहा कि मुस्लिम वर्ग भारतीय जनता पार्टी के लिए एक वोट बैंक नहीं है,बल्कि उनके विकास के लिए जो भी कदम उठाना है वह मोदी जी,योगी जी जरुर उठाएंगे।वक्फ बोर्ड सुधार अधिनियम विकास के कदम में एक महत्वपूर्ण प्रयास है।कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे जिला अध्यक्ष बुद्धिलाल पासी ने मुस्लिम वर्ग की उपस्थित सैकड़ों महिलाओं,पदाधिकारी, कार्यकताओं का आभार व्यक्त किया कि वह इस कार्यक्रम में आकर प्रभारी मंत्री के साथ संवाद कर इस विषय पर जो आशंकाएं हैं उनका उत्तर प्राप्त किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से कार्यक्रम के संयोजक जन्मेजय सिंह,ब्लॉक प्रमुख दल बहादुर सिंह नगर पंचायत अध्यक्ष विनोद कौशल,पूर्व प्रमुख सत्येंद्र सिंह,योग गुरु रवी प्रताप सिंह,डॉक्टर एस.एम सिंह,क्रिकेट खिलाड़ी मोहम्मद अयाज,देवेन्द्र सिंह,शिवेन्द्र सिंह,दिलीप दिवेदी,विजय सिंह,विधु सिंह,सुधा अवस्थी,शिल्पी चावला,रवि दीक्षित,राजेंद्र निगम,अजय गुप्ता,मो. पीर,अभिषेक वर्मा,सोनू सिंह विनोद बलेचा,पंकज मुरारका,अध्यक्ष नगर पंचायत डलमऊ बृजेश दत्त,वीरेन्द्र गौतम,तिलक सिंह,विवेक शुक्ला,पवन सिंह,सौरभ सिंह,अनुज मौर्य,आशुतोष पाण्डेय,रवि चौधरी,रामशंकर यादव,उमेश मिश्रा,मनोज अवस्थी,शीला सिंह,किरण भारती,रियाज अहमद जिला उपाध्यक्ष,प्राची सविता,मौलाना कलाम हाफिज,मौलाना आमिर, संदीप जैन मीडिया प्रभारी विनय शुक्ला सहित अन्य उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### राज्य को वन ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने में आबकारी विभाग की अहम भूमिका : नितिन अग्रवाल

- उत्तर प्रदेश आबकारी विभाग ने अप्रैल में अर्जित किया 4319 .46 करोड़ का राजस्व, अवैध शराब पर सख्ती से मिला बड़ा लाभ



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा उत्तर प्रदेश को वन ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के लक्ष्य की दिशा में राज्य का आबकारी विभाग तेजी से अग्रसर है। विभाग न केवल राजस्व संग्रहण में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहा है, बल्कि अवैध शराब के खिलाफ सख्त कार्रवाई से राज्य की अर्थव्यवस्था को मजबूती दे रहा है।

अप्रैल 2025 में आबकारी विभाग ने 4600 करोड़ रुपये के लक्ष्य के मुकाबले 4319.46 करोड़ रुपये (93.9 प्रतिशत) राजस्व अर्जित किया है। यह आंकड़ा पिछले वर्ष अप्रैल 2024 के मुकाबले 30 प्रतिशत अधिक है, जब विभाग ने 4300 करोड़ रुपये के लक्ष्य के सापेक्ष 3313.43 करोड़ रुपये ही जुटाए थे। प्रदेश के आबकारी एवं मद्यनिषेध राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नितिन अग्रवाल ने इस उपलब्धि को विभाग की अवैध शराब के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस नीति और तकनीकी नवाचारों का परिणाम बताया। उन्होंने कहा कि ₹क्यूआर कोड आधारित ट्रैकिंग सिस्टम, सघन छापेमारी और तस्करी पर प्रभावी नियंत्रण ने उपभोक्ता विश्वास को मजबूत किया है।₹

मंत्री ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए विभाग ने 63,000 करोड़ रुपये का राजस्व लक्ष्य तय किया है, जो राज्य की विकास योजनाओं, बुनियादी ढांचे और सामाजिक कल्याण कार्यक्रमों को गति देने में सहायक होगा। राज्यमंत्री ने कहा कि यह नतीजे इस बात के स्पष्ट संकेत हैं कि विभाग सही दिशा में आगे बढ़ रहा है और प्रदेश के आर्थिक विकास में अपनी जिम्मेदारी को गंभीरता से निभा रहा है।

# केजीएमयू के बाहर नशे का खुला खेल, पुलिस प्रशासन बेखबर!

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो




**लखनऊ।** लखनऊ के किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी के पास स्थित लारी कार्डियोलॉजी सेंटर की बाउंड्री के पास नशे का घिनौना मकड़जाल फैलता जा रहा है। जहां एक ओर मानसिक रोग संस्थान में नशा मुक्ति का इलाज किया जाता है, वहीं दूसरी ओर उसी परिसर के पास नशे के सौदागर बेधड़क अपना धंधा चला रहे हैं।

चौंकाने वाली बात यह है कि यहां खुलेआम युवा नशेबाज इंजेक्शन लगाते देखे जा सकते हैं। ये दृश्य आम जनता, मरीजों और उनके तीमारदारों की आंखों के सामने होता है, लेकिन इसके बावजूद केजीएमयू प्रशासन आंखें मूंदे हुए है और पुलिस भी बेखबर नजर आ रही है।

लारी कार्डियोलॉजी के ठीक बगल में वजीरगंज थाना क्षेत्र की पुलिस चौकी स्थित है, लेकिन नशे के इस अवैध व्यापार को रोकने के लिए कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो रही। यह स्थिति न सिर्फ कानून व्यवस्था पर सवाल खड़े करती है, बल्कि युवा पीढ़ी को नशे की दलदल में धकेलने का गंभीर खतरा भी बन गई है।

स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि इस इलाके में तत्काल सख्त निगरानी और कड़ी कार्रवाई की जाए ताकि अस्पताल के आसपास का माहौल सुरक्षित और नशा मुक्त बनाया जा सके।

# पहलगाम आतंकी हमले के विरोध में निकाला कैंडल मार्च,दी श्रद्धांजलि,दो मिनट का रखा मौन

## पाकिस्तान विरोधी जमकर लगाए नारे, ये हमला सिर्फ निहत्थे पर्यटकों पर नहीं बल्कि देश के दुश्मनों ने भारत की आस्था पर हमला करने का दुस्साहस किया है : धीरज द्विवेदी

» नेशनल एक्सप्रेस



**सरेनी(रायबरेली)।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में पाकिस्तान परस्त आतंकवादियों द्वारा किए गए हमले में 26 लोगों की मौत और कई लोगों के घायल होने की घटना के बाद पूरे देश में आक्रोश है।इसी कडी में सरेनी विकास खंड स्थित भोजपुर वासियों,व्यापारियों व अन्य क्षेत्रीयजनों ने वरिष्ठ समाजसेवी धीरज द्विवेदी व कन्हैया लाल के संयुक्त तत्वावधान में एक कैंडल मार्च निकाल कर भोजपुर गांव के विभिन्न मार्गों से गुजरते हुए सब्जी मंडी स्थित ओंकारेश्वर मंदिर पर आकर पहलगाम में शहीद हुए लोगों को दो मिनट का मौन रखते हुए भावभीनी श्रद्धांजलि दी।इस दौरान पाकिस्तान विरोधी नारे लगाए गए और केंद्र सरकार से कार्रवाई की मांग की गई।इस अवसर पर मीडिया से बातचीत करते हुए वरिष्ठ समाजसेवी धीरज द्विवेदी ने कहा कि पाकिस्तान परस्त आतंकवादियों ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हिंदू पर्यटकों पर हमला कर भारत की आत्मा पर हमले का दुस्साहस किया है।ये हमला सिर्फ निहत्थे पर्यटकों पर नहीं हुआ है,देश के दुश्मनों ने भारत की आस्था पर हमला करने का दुस्साहस किया है।मैं भारत सरकार से मांग करता हूं कि पहलगाम में हमला करने वाले और उसकी साजिश रचने वालों को उनकी कल्पना से भी बड़ी सजा दी जाए।वहीं कन्हैया लाल ने सरकार से आग्रह करते हुए कहा कि अब आतंकियों की बची-कुची जमीन को भी मिट्टी में मिलाने का समय आ गया है।सरकार आतंकियों की पहचान करे और उन्हें ढूंढकर मारे।इस मौके पर अक्षयेंद्र प्रताप सिंह,पवन कुमार,पुतानी प्रधान,आदर्श तिवारी,सुजीत गौतम,आयुष चौरसिया,सुशील कुमार शुक्ला,टिंकू मिश्रा, लक्ष्मीकांत, भानु प्रताप सिंह,साहिल हाशमी,मोहम्मद कैफ,शोएब हाशमी,महेश सविता,सनी बाजपेई,आनंद प्रजापति, वीरेंद्र साहू,प्रभात गुप्ता,राज नारायण गौतम आदि दर्जनों लोग मौजूद रहे।

# 500 एलईडी लाइटें खराब

## शाम होते ही शहर में छा जाता है अंधेरा

» नेशनल एक्सप्रेस

**रायबरेली।** शहरवासियों को उजियारे में रहने की उम्मीदों को झटका लग गया है। शहर के वार्डों में लगाई गई करीब 500 एलईडी लाइटें खराब पड़ी हैं। ऐसे में नगर पालिका और कंपनी के अफसरों की लापरवाही का खामियाजा नागरिकों को भुगतना पड़ रहा है। हर दिन पालिका कार्यालय में 20 से 25 शिकायतें एलईडी लाइटें खराब होने की पहुंच रही हैं।

शहर के 34 वार्डों में ढाई लाख की आबादी रहती है। वर्ष 2018 में इन वार्डों में 10 हजार 793 लाइटें लगवाने और मेंटीनेंस की जिम्मेदारी डबल ईएसल (एनर्जी एफीसीएनसी सर्विस लिमिटेड) को दी गई थी। मौजूदा समय में एलईडी लाइटें खराब हैं। इससे शाम होते ही शहर में अंधेरा छा जाता है।

इंदिरा नगर, तेलियाकोट, कहारों का अड्डा, घोसियाना, राना नगर वार्डों में सबसे ज्यादा लाइटें खराब हो रही हैं। वैसे तो 24 घंटे के अंदर लाइटें ठीक कराने का नियम है, लेकिन इन्हें ठीक होने में दो से तीन दिन लग रहे हैं। नगर पालिका के स्वास्थ्य विभाग कार्यालय परिसर के नीचे बृहस्पतिवार को खराब एलईडी लाइटें पड़ी थीं। इन लाइटों को कर्मचारी लेकर ठीक कराने के लिए ले जा रहे थे। कर्मचारियों का कहना था कि लाइटें खराब हैं, जिन्हें जल्द ठीक करा दिया जाएगा। लाइटों के खराब होने से वार्डों में रहने वाले नागरिकों में गुस्सा बढ़ रहा है।

### सभासद बोले, कमीशनबाजी की भेंट चढ़ीं लाइटें

सभासद पुष्पा यादव, सतीश कुमार मिश्रा, जय प्रकाश वर्मा, पंकज साहू, रामखेलावन बारी कहते हैं कि गर्मी में तो और लाइटें खराब हो रही हैं। 34 वार्डों में 500 से ज्यादा लाइटें खराब हैं। लाइटों को लगवाने में कमीशनबाजी की गई। यही वजह रही कि अच्छी एलईडी लाइटें नहीं लग पाई। देखरेख और मेंटीनेंस में भी ढिलाई बरती जा रही है। इस मुद्दे को कई बार बोर्ड की बैठक में उठाया जा चुका है। लाइटें खराब होने से वार्डों में अंधेरा रहता है। इससे चोर उचक्कों का खतरा रहता है।

गर्मी में फाल्ट बढ़ जाती है। इसलिए एलईडी लाइटें खराब हो रही हैं। हर दिन 20 से 25 शिकायतें लाइटें खराब होने की आ रही है। पुलिस लाइन में मेंटीनेंस कक्ष बनाया गया है। 24 घंटे के अंदर लाइटें ठीक कराने का प्रयास किया जाता है।

**- अभिषेक सिंह, साइड इंजीनियर, डबल ईएसल**

जिन वार्डों में एलईडी लाइटें खराब होने की शिकायत आती है, वहां की लाइटों का तत्काल ठीक कराया जाता है। कंपनी के अफसरों से भी कहा गया है कि लाइटें की देखरेख और मेंटीनेंस कार्य सही तरीके से किया जाए।

**ललितेश सक्सेना, कर निर्धारण अधिकारी**

# 52 हजार फर्जी जन्म प्रमाणपत्र होंगे निरस्त

» नेशनल एक्सप्रेस

**रायबरेली।** सलोन ब्लॉक के 11 गांवों में फजीर्वाड़ा करके बनाए गए 52,594 जन्म प्रमाणपत्र जल्द ही निरस्त होंगे। इसके लिए सूची महानिदेशक (जन्म-मृत्यु) को डीएम के माध्यम से भेज दी गई है। आदेश मिलते ही फर्जी प्रमाणपत्रों को निरस्त करने का काम शुरू होगा। आरोपी वीडीओ विजय यादव की यूजर आईडी और पासवर्ड का दुरुपयोग करके मास्टरमाइंड मो. जीशान व उसके साथियों ने पाकिस्तान, बांग्लादेश, नेपाल आदि देशों से जुड़े राज्यों बिहार, मध्य प्रदेश, झारखंड, तमिलनाडु, केरल, पंजाब आदि राज्यों के फर्जी प्रमाणपत्र बनाए थे।

जिले में 18 जुलाई 2024 को सलोन में जन्म प्रमाणपत्रों में फजीर्वाड़े का खुलासा हुआ था। यूपी एटीएस के आईजी नीलाब्जा चौधरी और लखनऊ रेंज के आईजी अमरेंद्र सेंगर ने सलोन पहुंचकर जांच करने के बाद आरोपी वीडीओ व ऊंचाहार थाना क्षेत्र के कोटरा बहादुरपुर निवासी विजय सिंह यादव, सलोन निवासी मास्टरमाइंड मो. जीशान, रियाज और सुहेल खान को गिरफ्तार कर लिया था।

फजीर्वाड़ा उजागर होने के बाद आरोपी वीडीओ की पूर्व तैनाती वाले गांवों नुरुद्दीनपुर, गढ़ी इस्लाम नगर, लहुरेपुर, सिरसिरा, गोपालपुर में जांच में 19,184 फर्जी प्रमाणपत्र मिले थे। बाद में सांडा सैदन, माधौपुर निनैया, औनानीश, पृथ्वीपुर, पाल्हीपुर और दुबहन में प्रमाणपत्रों की जांच की गई थी। इन गांवों में भी 33,410 फर्जी जन्म प्रमाणपत्र मिले। जालसाजों ने 11 गांवों में 52,594 फर्जी प्रमाणपत्र बनाए थे। जांच पूरी होने के बाद अब फर्जी प्रमाणपत्रों को निरस्त कराने के लिए सूची महानिदेशक (जन्म व मृत्य) को भेजी गई है।

**जन्म प्रमाणपत्र होंगे निरस्त**

| ग्राम पंचायत | फर्जी प्रमाणपत्र |
|---|---|
| पाल्हीपुर | 13707 |
| नुरुद्दीनपुर | 10151 |
| पृथ्वीपुर | 9393 |
| सांडा सैदन | 4897 |
| माधौपुर निनैया | 3746 |
| लहुरेपुर | 3780 |
| सिरसिरा | 2773 |
| गढ़ी इस्लामनगर | 2255 |
| औनानीश | 1665 |
| गोपालपुर उर्फ अनंतपुर | 225 |
| दुबहन | 02 |

सलोन ब्लॉक के गांवों की जांच में मिले फर्जी प्रमाणपत्रों को निरस्त होना है। इसके लिए पत्र डीएम के माध्यम से महानिदेशक को भेजा गया है। आदेश मिलने के बाद फर्जी प्रमाणपत्रों को निरस्त कराने का काम शुरू होगा।

**- सौम्यशील सिंह, जिला पंचायतराज अधिकारी**

# नीट परीक्षा के मद्देनजर पुलिस अधीक्षक ने परीक्षा केंद्रों का किया निरीक्षण

» नेशनल एक्सप्रेस

- निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा प्रत्येक परीक्षा केंद्रों पर लगे सीसीटीवी कैमरों की कार्यक्षमता की गहनता से जांच की

**गोण्डा।** पुलिस अधीक्षक गोण्डा विनीत जायसवाल द्वारा नीट परीक्षा 2025 को जनपद में निष्पक्ष, नकल विहीन एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने हेतु आवश्यक पुलिस प्रबन्ध किए गए थे। पुलिस अधीक्षक द्वारा नीट परीक्षा को सकुशल संपन्न करने हेतु जनपद के विभिन्न परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण कर वहां की सुरक्षा व्यवस्थाओं, तकनीकी प्रबंधन और आवागमन की स्थिति का गहनता से जायजा लिया गया।

निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा प्रत्येक परीक्षा केंद्रों पर लगे सीसीटीवी कैमरों की कार्यक्षमता की गहनता से जांच की। उन्होंने यह सुनिश्चित किया कि सभी कैमरे सुचारु रूप से कार्य कर रहे हैं और परीक्षा कक्षों, प्रवेश द्वारों तथा अन्य संवेदनशील स्थानों की निगरानी पूरी तरह से सुनिश्चित की जा रही है। इस दौरान उन्होंने परीक्षा केंद्रों पर नियुक्त ड्यूटी मजिस्ट्रेट, परीक्षा प्रभारी, केंद्र व्यवस्थापक एवं सुरक्षा अधिकारीगण से वार्ता कर उन्हें आवश्यक दिशा-निर्देश भी प्रदान किए। महोदय द्वारा केंद्रों पर तैनात ड्यूटीरत अधिकारियों व कर्मचारियों को निर्देशित किया गया कि वे पूरी ईमानदारी, संवेदनशीलता और पारदर्शिता के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करें। किसी भी प्रकार की लापरवाही या शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

परीक्षा की गोपनीयता एवं निष्पक्षता बनाए रखना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। पुलिस अधीक्षक ने यातायात प्रभारी को भी विशेष दिशा-निर्देश देते हुए कहा गया कि परीक्षा के दौरान शहर में यातायात व्यवस्था पूरी तरह सुचारु रहनी चाहिए। परीक्षार्थियों को परीक्षा केंद्र तक पहुंचने व वापस लौटने में किसी भी प्रकार की जाम या बाधा का सामना न करना पड़े, इसके लिए सभी प्रमुख मार्गों पर पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती की जाए और ट्रैफिक का सटीक प्रबंधन सुनिश्चित किया जाए। बताते चलें कि नीट परीक्षा जनपद के 08 परीक्षा केंद्रों में अपराह्न 02.00 बजे से सायंकाल 05 बजे तक आयोजित की गई है। जिसमें कुल 3497 परीक्षार्थी प्रतिभाग करेंगे।

# अवैध गांजा के साथ एक गिरफ्तार

**गोंडा।** अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी मनोज कुमार रावत के अगुवाई व क्षेत्राधिकारी नगर आनन्द कुमार राय के नेतृत्व में खरगुपुर पुलिस ने मादक पदार्थ तस्कर मो. असफाक पुत्र जब्बार नि. अलीनगर दरगाह थाना खरगूपुर जनपद गोण्डा को कर्मडीह खुर्द नहर पुलिया के पास से गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 01 किलो 350 ग्राम नाजायज गांजा बरामद किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार उप निरीक्षक कामेश्वर राय हमराही पुलिस कर्मियों के साथ शांति व्यवस्था हेतु क्षेत्र भ्रमण में रवाना थे कि कर्मडीह खुर्द नहर पुलिया के पास एक व्यक्ति के संदिग्ध दिखने पर रोक टोक कर चेक किया गया तो उसके कब्जे से 01 किलो 200 ग्राम नाजायज गांजा बरामद किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त मो. असफाक के विरूद्ध थाना खरगूपुर में गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर अग्रिम कार्यवाही की गयी।

# विस्टाडोम ट्रेन से छात्राओं ने किया दुधवा और कतर्निया का शैक्षिक भ्रमण

## ईको टूरिज्म डेवलपमेंट बोर्ड की अनूठी पहल, लखनऊ की बेटियों ने प्रकृतिक सम्पदा को करीब से देखा : जयवीर सिंह

» नेशनल एक्सप्रेस



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश ईको टूरिज्म डेवलपमेंट बोर्ड द्वारा प्रदेश में ईको टूरिज्म को बढ़ावा देने और युवाओं को ईको पर्यटन के प्रति जागरूक करने की दिशा में एक अभिनव पहल की गई है। इसके तहत रविवार को लखनऊ की छात्राओं को एक दिवसीय शैक्षिक भ्रमण पर दुधवा टाइगर रिजर्व और कतर्निया घाट भेजा गया। यह यात्रा अत्याधुनिक विस्टाडोम ट्रेन से कराई गई, जो स्वयं में ही एक अनूठा अनुभव था।

यह जानकारी पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री ने दी। उन्होंने बताया कि इस शैक्षिक यात्रा में लखनऊ के एमडी शुक्ला इंटर कॉलेज की छात्राएं शामिल हुईं, जो युवा टूरिज्म क्लब की सदस्य हैं।

यात्रा की शुरूआत बिछिया स्टेशन से हुई और समापन मैलानी में किया गया। रास्ते भर छात्राओं ने प्रकृति की मनोरम छवियों को देखा, जंगलों की जैव विविधता को निहारा और वन्यजीव संरक्षण के महत्व को समझा।

इस दौरान छात्राओं को दुधवा और कतर्निया के समृद्ध पारिस्थितिकी तंत्र, बाघों, दलदली बारहसिंगा, गैंडों और दुर्लभ पक्षियों की जानकारी दी गई। छात्राएं जंगल की शांति और प्राकृतिक सौंदर्य से अभिभूत दिखीं।

श्री सिंह ने बताया कि यात्रा में देशभर के प्रसिद्ध सोशल मीडिया इन्फ्लूएंसर्स भी शामिल हुए, जो ईको टूरिज्म डेवलपमेंट बोर्ड की ओर से आयोजित फैम ट्रिप के तहत पहुंचे थे। उन्होंने अनुभव साझा किए और प्राकृतिक स्थलों को डिजिटल मंचों के जरिए वैश्विक दर्शकों तक पहुंचाने का संकल्प लिया।

# सख्ती के बीच शहर के दो केंद्रों पर हुई नीट की परीक्षा

**कड़ी चैकिंग के बाद ही मिल रही थी एंट्री**

**हाथों में पहने कलावा तक बाहर उतरवा दिया गया**



नेशनल एक्सप्रेस/ तहसील रिपोर्टर ।

शिकोहाबाद । नगर नीट का आयोजन रविवार को किया गया। परीक्षा को लेकर विशेष सतर्कता बरती गई । नगर के दो केंद्रों पर पंजीकृत परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। कुछ परीक्षार्थी अनुपस्थित भी रहे। परीक्षा सीसीटीवी की निगरानी में हुई। प्रशासनिक अफसरों के अलावा परीक्षा की सख्ती के बीच संपन्न कराने वाले सिटी कोऑर्डिनेटर ने परीक्षा केंद्रों पर पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा किया। विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर संबंधित अधिकारियों की मौजूदगी में प्रश्न पत्रों को खोला गया। सभी केंद्रों पर प्रशासन द्वारा सख्ती के बीच परीक्षा संपन्न कराई ।

नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) की ओर से आज रविवार को राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा- स्नातक (नीट यूजी - 2025) का आयोजन देशभर में कराया गया। इधर जनपद में भी सात केंद्रों पर परीक्षा करवाई गई। पिछले वर्ष नीट यूजी एग्जाम में हुई गड़बड़ियों के चलते इस बार एक ही दिन एवं एक ही शिफ्ट में परीक्षा का आयोजन करवाया गया है । एनटीए की ओर से परीक्षा का आयोजन पेन पेपर मोड में करवाया गया। परीक्षा टाइमिंग दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे के बीच थी, लेकिन परीक्षार्थी सुबह साढ़े 11 बजे से ही केंद्रों पर पहुंचना शुरू हो गए थे।

नीट यूजी परीक्षा के लिए एनटीए की ओर से जारी गाइडलाइंस के अनुसार ही परीक्षार्थी कपड़े पहन कर केंद्रों पर पहुंचे। वहीं केंद्रों पर कुछ छात्र या छात्रा हाथ में कलावा आदि पहनकर पहुंचे, उनको केंद्र के बाहर ही उतरवा दिया गया । परीक्षा केंद्र के बाहर पुलिस तथा अन्य प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा पैनी नजर बनाए रखी थी । साथ ही कड़ी चैकिंग के बाद ही अंदर एंट्री दी गई । शहर के अलावा बाहर से भी परीक्षार्थी परीक्षा देने के लिए आए थे। ऐसे में अभिभावक भी अपने बच्चों के साथ पहुंचे। इसके कारण सड़क पर भीड़ दिखाई दी ।

# जिलाधिकारी के निर्देश पर 5 से 18 मई तक चलेगी अन्त्योदय से सर्वोदय योजना

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो ।



फिरोजाबाद । उत्तर प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी योजना जीरो पॉवर्टी को जनपद में क्रियान्वित किये जाने हेतु जिलाधिकारी के निर्देश पर जनपद में एक विशेष अभियान ₹अंत्योदय से सर्वोदय₹ चलाया जाएगा, इस हेतु न्याय पंचायत वार अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है, जिनके कार्य निम्नवत निर्धारित हैं, इनके द्वारा न्याय पंचायत की सभी निर्धनतम परिवारों से स्वयं मिलकर उन परिवारों के सभी सदस्यों को पात्रता अनुसार सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाए जाने हेतु आवेदन कराते हुए लाभ दिलाना सुनिश्चित किया जाएगा, निर्धनतम परिवार के सदस्यगण जिस किसी भी सरकारी योजना के पात्रता में आएंगे उन सभी लोगों को योजना का लाभ दिलाना सुनिश्चित किया जाएगा, इस अभियान में क्षेत्रीय सचिव एवं ग्राम विकास अधिकारी के द्वारा पूर्ण सहयोग किया जाएगा तथा निर्धारित कैंप तिथि पर निर्धन परिवार के सदस्यों को समय से उपस्थित रहने हेतु सूचित भी किया जाएगा।

अन्त्योदय से सर्वोदय का उक्त अभियान दिनांक 5 मई 2025 से 18 मई 2025 तक चलाया जाएगा, जिलाधिकारी ने कहा है कि यह अभियान अत्यंत महत्वपूर्ण व समाज में निर्धनतम परिवारों के विकास और आर्थिक उत्थान से जुड़ा हुआ है, अतः समस्त नामित अधिकारियों द्वारा गंभीरता पूर्वक चिन्हित निर्धनतम परिवारों से मिलकर उन्हें पात्रता के आधार पर ग्राम सचिवालय पर निर्धारित तिथियां में कैंप आयोजित कराकर लाभान्वित किया जाना सुनिश्चित करें, इस योजना की प्रतिदिन समीक्षा हेतु विकासखंड स्तर पर खंड विकास अधिकारी व जनपद स्तर पर जिला स्तरीय अधिकारी योजना की समीक्षा करेंगे, साथ ही साथ प्रतिदिन की प्रगति की स्थिति से मुख्य विकास अधिकारी को भी अवगत कराएंगे, जैसा कि विदित है कि इस योजना के अंतर्गत प्रत्येक ग्राम पंचायत के निर्धनतम 25 परिवारों का आर्थिक स्तर बढ़ाया जाना है, इसके लिए सरकार की विकासपरख एवं लाभार्थीपरख योजनाओं का लाभ चिन्हित निर्धनतम परिवारों को उपलब्ध कराए जाना है, इसके लिए जिला विकास अधिकारी, उपनिदेशक कृषि, जिला पिछला कल्याण अधिकारी को नोडल अधिकारी नामित किया गया है।

## न्यूज ब्रीफ

### दहेज हत्या में वांछित आरोपी गिरफ्तार

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो /फिरोजाबाद। थाना नसीरपुर पुलिस ने चैकिंग के दौरान दहेज हत्या में वांछित रामपाल उर्फ मुनीम को गिरफ्तार कर जेल भेजा। वाँछित अभियुक्तों की गिरफ़्तारी के क्रम मे नसीरपुर पुलिस ने थाना पर पंजीकृत दहेज हत्या के मुकदमें में वाँछित रामपाल उर्फ मुनीम पुत्र रामब्रेश को छैंछापुर चौराहे से गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपी को जेल भेजा।

### परिवार परामर्श केन्द्र ने लौटायीं 06 परिवारों की खुशिया



नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो/फिरोजाबाद। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद के निर्देशन में पुलिस लाइन परिसर में संचालित परिवार परामर्श केन्द्र टीम ने 06 परिवारों का आपसी सहमति से समझौता करा कर परिवार में खुशियाँ लौटाई। फिरोजाबाद पुलिस के परिवार परामर्श केन्द्र और दीदी प्रोजक्ट के अधिकारी कर्मचारीगण द्वारा कुल 06 घरेलू मामलों में आपसी सुलहनामा कराते हुए समझौता कराया गया है। इन परिवारों के आपसी चल रहे घरेलू विवादों में दोनों पक्षों को बुलाकर आपसी सहमति से सुलहनामा कराते हुए सकुशल घर रवाना किया गया। इस सराहनीय कार्य की दोनों पक्षों के परिवारीजनों द्वारा प्रशंसा की गयी।

### पुलिस ने हत्या के प्रयास में वांछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार

नेशनल एक्सप्रेस/तहसील रिपोर्टर/सिरसागंज । थाना सिरसागंज पुलिस ने हत्या के प्रयास के मुकदमा में वांछित चल रहे अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। सिरसागंज पुलिस टीम के साथ मुखबिर की सूचना पर हत्या के प्रयास के मुकदमे में वांछित चल रहे अभियुक्त विजय प्रकाश पुत्र रामस्वरुप उर्फ रामबरन निवासी ग्राम पिडसरा पूर्व थाना सिरसागंज नवीन थाना अरावं फिरोजाबाद को देवली मोड से नगला खरी को जाने वाले रास्ते से गिरफ्तार किया । पुलिस ने अभियुक्त को माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया।

### पहलगाम हमले में मृतकों को कैंडल मार्च निकलकर दी श्रद्धांजलि




नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो/फिरोजाबाद । जनपद में शनिवार की देर रात्रि जम्मू कश्मीर के पहलगाम मे कायरतापूर्ण आतंकी हमले में निर्दोष स्थानीय व पर्यटकों के मारे जाने पर रोष व्यक्त करते हुए ग्राम पंचायत विलहना के लोगों ने कैंडिल मार्च निकाल कर शहीदों को श्रद्धांजलि दी एवं काली पट्टी बांधकर आतंकवाद के खिलाफ विरोध दर्ज कराया।। जिसमें ग्राम पंचायत विलहना के प्रधान निरोतम सिंह, इंजी. श्रीनिवास सागर , लोकेन्द्र उपाध्याय , झलक सिंह , लक्ष्मी नरायण शर्मा , राजकुमार बघेल , सुन्दर सिंह , साहूकार , तिलक सिंह राठौर , अमन , अभिषेक , दीपक , गोविन्द , पंचम सिंह , राधाकिशन , शाहिल आदि सभी ग्रामवासी उपस्थिति रहे।

### युवती को ले जाने वाला युवक गिरफ्तार, परिजनों को सौंपी युवती

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो/जसराना । जनपद के थाना क्षेत्र जसराना के एक गांव की किशोरी 24 अप्रैल को कन्या विद्यालय में पढ़ने गई थी। देर शाम तक वह घर नहीं लौटी जिससे परिजन परेशान हो गए । खोजबीन करने पर परिजनों को पता चला कि गांव का ही राजू नाम का युवक किशोरी को अपने साथ ले गया है। पिता ने कोतवाली पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की। दोनों की लोकेशन लुधियाना, पंजाब में मिली। पुलिस ने वहां से दोनों को बरामद कर लिया। थाना प्रभारी निरीक्षक शेर सिंह के अनुसार, युवक किशोरी को घुमाने के बहाने अपने साथ ले गया था। किशोरी ने युवक पर दुष्कर्म का आरोप लगाया है। न्यायालय के निर्देश पर आरोपी राजू को जेल भेज दिया गया है।

### मिथलेश डिजिटल एक्स रे सेंटर का उद्घाटन आज




नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो/फिरोजाबाद । जनपद में आज एक एक्स रे सेंटर का उद्घाटन होने जा रहा है । जिससे स्थानीय व आसपास के मरीज को एक्स रे कराने में दिक्कतों का सामना नहीं करना पड़ेगा तथा उचित मूल्य पर अब वे अपने नजदीक में ही एक्स रे करा सकेंगे । जनपद के जिला मुख्यालय के नजदीक ठल्ल 2 जयगुरु देव आश्रम के समाने मक्खनपुर जनपद फिरोजाबाद में आज सोमवार को एक एक्स रे सेंटर का उद्घाटन होने जा रहा है । डॉ नेमीचन्द्र कुशवाह ने बताया कि मक्खनपुर के मरीजों को एक्स रे कराने के लिए काफी असुविधाओं का सामना करना पड़ता था तथा बाजार जाना पड़ता था लेकिन अब उन्हें अपने नजदीक में ही तथा उचित मूल्य पर एक्स रे सेंटर पर यह सुविधा मिलेगी तथा अच्छी आधुनिक मशीनों के साथ हम इसका शुभारंभ करने जा रहे हैं । आप सभी लोग अपना आशीर्वाद व शुभकामनाएं बनाए रखें ।

# 600 किलो नकली पनीर जब्त, चार आरोपी गिरफ्तार

**चार पहिया वाहन और नकदी बरामद**



नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

फिरोजाबाद। थाना दक्षिण पुलिस एवं खाद्य सुरक्षा विभाग की संयुक्त टीम ने छापेमार कार्यवाही में चार आरोपियों ईरशाद, तालिम, आरिफ और शैलेन्द्र को गिरफ्तार किया। अभियुक्तों के कब्जे से 600 कि0ग्रा0 सिन्थेटिक पनीर, 04 मोबाइल, 01 बुलेरो पिकअप, 05 प्लास्टिक के ड्रम एवं 42,500 रुपये बरामद हुए है। खाद्य विभाग और पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में बड़ी मात्रा में नकली पनीर पकड़ा गया है।

सुभाष चौराहे पर की गई छापेमारी में टीम ने 600 किलो सिंथेटिक पनीर के साथ चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अभियुक्तों में शैलेन्द्र सिंह पुत्र हुब्बलाल वर्मा, ईरशाद पुत्र इशराइल, 3.आरिफ पुत्र हक्की और तालिम पुत्र इशाक है। इन्हें यूपीपीसीएल कार्यालय के पास सुहागनगर से गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्तों के कब्जे से 600 किलो सिंथेटिक पनीर व 04 मोबाइल, 42500 रुपये, एक गाडी बुलेरो पिकअप व 05 प्लास्टिक के ड्रम बरामद किये गये हैं। गिरफ्तारी और बरामदगी के आधार पर अभियुक्तों के विरुद्ध थाना दक्षिण पर अभियोग पंजीकृत किया गया है। आरोपियों को जेल भेजा जा रहा है।

# घूमाने के बहाने ले गया था किशोरी को, पुलिस ने किया गिरफ्तार

नेशनल एक्सप्रेस/तहसील रिपोर्टर ।

जसराना। थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी किशोरी को एक युवक घुमाने के बहाने अपने साथ ले गया। पिता की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर युवक एवं किशोरी को बरामद कर लिया। किशोरी ने युवक पर दुष्कर्म करने का भी आरोप लगाया है। पुलिस ने युवक को न्यायालय के निर्देश पर जेल भेजा है।

थाना जसराना के एक गांव निवासी किशोरी जसराना में मौजूद एक कन्या विद्यालय में छात्रा है। 24 अप्रेल को वह घर से पढ़ने के लिए आई थी। देर सायं तक वापिस नहीं लौटने पर परिजनों को चिंता हुई और किशोरी को तलाशने का काम किया।

गांव के ही राजू द्वारा किशोरी को अपने साथ ले जाने की जानकारी मिलने पर पिता ने कोतवाली पुलिस से मिल पूरे मामले से पुलिस को अवगत कराया। पुलिस ने पिता की तहरीर पर युवक के खिलाफ किशोरी को ले जाने का मुकदमा दर्ज कर लिया। मुकदमा दर्ज करने के बाद पुलिस ने तलाशना आरंभ किया तो दोनों की लोकेशन लुधियाना पंजाब में मिली। पुलिस ने लुधियाना से युवक एवं किशोरी को बरामद कर लिया। थाना प्रभारी निरीक्षक शेर सिंह ने बताया युवक किशोरी को अपने साथ घुमाने के बहाने ले गया था। किशोरी ने युवक पर दुष्कर्म करने का भी आरोप लगाया है। आरोपी युवक राजू को पुलिस ने न्यायालय के निर्देश पर जेल भेजा है।

# आज होगा गुलाब वाटिका में अल्पसंख्यक प्रबुद्ध नागरिक संवाद कार्यक्रम



नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो।

फिरोजाबाद। रविवार को एटा रोड स्थित भारतीय जनता पार्टी कैंप कार्यालय पर जिला अध्यक्ष उदय प्रताप सिंह की अध्यक्षता में दिनांक 5 मई 2025 दिन सोमवार दोपहर 2:00 बजे नेशनल हाईवे स्थित गुलाब वाटिका में होने वाले वक़्फ़ सुधार जन जागरण अभियान के अंतर्गत अल्पसंख्यक प्रबुद्ध नागरिक संवाद कार्यक्रम के निमित्त आवश्यक बैठक आहूत की गई। जिसमें कार्यक्रम के संख्या पक्ष, व्यवस्था पक्ष एवं मिनट टू मिनट कार्यक्रम की बिंदुवार चर्चा टूंडला विधानसभा एवं जिले के पदाधिकारी एवं मंडल अध्यक्षों के साथ की गई। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि दुर्विजय सिंह शाक्य क्षेत्रीय अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी बृज क्षेत्र व बतौर विशिष्ट अरशद अल्वी प्रदेश मंत्री भारतीय जनता अल्पसंख्यक मोर्चा रहेंगे। बैठक के पश्चात जिलाध्यक्ष उदय प्रताप सिंह ने कार्यकताओं के साथ कार्यक्रम स्थल पर पहुंचकर कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु व्यवस्थाओं का बारीकी से जायजा लिया।

# असंतुलित होकर ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटी, एक युवक की मौत, एक घायल, कोहराम

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो ।



फिरोजाबाद । जनपद के थाना नारखी क्षेत्र में गोंछ के बाग के पास एक भूसा लेकर जा रही ट्रैक्टर-ट्रॉली पलट गई। हादसे में एक युवक की मौत हो गई और एक व्यक्ति घायल हो गया।

ट्रैक्टर-ट्रॉली नगला गिरधारी की ओर जा रही थी। गोंछ के बाग के पास वाहन असंतुलित होकर पलट गई। ट्रॉली के नीचे दबने से टोडलपुर निवासी सतेंद्र (22) की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक के पिता का नाम जनक सिंह है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। घायल रामवीर सिंह को उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया। रामवीर भी टोडलपुर थाना अवागढ़ के रहने वाले हैं। पुलिस ने मृतक का शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मामले की जांच जारी है। लोगों का कहना है कि सुबह के समय आए दिन भूसे से भरी हुई ओवरलोड ट्रैक्टर ट्राली सड़क से होकर गुजरती हैं।पुलिस द्वारा उन पर कोई भी कार्रवाई नहीं की जाती। जिसके चलते ओवरलोड वाहन ओवरटेक करते समय या किसी और वाहन को बचाते समय आए दिन अनियंत्रित होकर पलट जाते हैं, जिसके चलते यह घटनाएं घटित हो रही हैं। इंस्पेक्टर मनोज कुमार शर्मा का कहना है कि हादसे में मृत युवक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है। घायल को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# मुजाहिद अमन कमेटी ने गर्मी में लोगों के लिए लगाया प्याऊ

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो ।



फिरोजाबाद । जनपद में भीषण गर्मी के चलते लोगों को आवागमन के दौरान होने वाली पानी की किल्लत को देखते हुए मुजाहिद अमन कमेटी फिरोजाबाद ने रविवार को नगला बरी चौराहे पर एक सार्वजनिक पानी के प्याऊ की व्यवस्था की जिसको देख लोगों ने कमेटी के लोगों की जमकर सराहना की । इस दौरान अध्यक्ष डॉ एम एस अख़्तर ने कहा कि आज कल गर्मी का मौसम शुरू हो गया है लोग अपने घरों से बाजार जाते हैं तो भीषण गर्मी में पीने के पानी की बड़ी समस्या उनके सामने रहती है जिसको देखते हुए कमेटी ने यह कदम उठाया और सार्वजनिक लोगों के लिए प्याऊ लगवाया है वहीं उन्होंने बताया कि यह व्यवस्था और भी चौराहों पर कमेटी द्वारा की जाएगी । वहीं स्थानीय लोगों ने कमेटी के इस कार्य की काफी सराहना की । इस दौरान मुजाहिद अमन कमेटी के अध्यक्ष डॉक्टर एम एस अख्तर , प्रबंधक सचिव मुकर्रम अली , कोषाध्यक्ष इसहाक अली वारसी ,महा सचिव भुवनेश चंद्रा ,नगर अध्यक्ष मुबारक अली , यूथ अध्यक्ष और विशिष्ट अतिथि व्यापार मंडल जिला अध्यक्ष फिरोजाबाद रविंद्र लाल तिवारी और मेरे और मेरे दोस्त इमरान सिद्दीकी ,नदीम राइन और फिरोज भाई आदि मौजूद रहे ।

# सांड से टकराकर बाइक सवार की हुई मौत

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो ।

फिरोजाबाद । जनपद के थाना मक्खनपुर क्षेत्र में एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ सड़क हादसे में सांड से टकराकर शिकोहाबाद के गांव आरोंज निवासी 25 वर्षीय राहुल की मौके पर ही मौत हो गई।

जानकारी करने पर बताया गया कि राहुल आगरा से अपने काम से वापस लौट रहे थे। मक्खनपुर क्षेत्र के जेवड़ा रोड पर अचानक उनकी बाइक के सामने एक सांड आ गया। टक्कर के बाद राहुल सिर के बल सड़क पर गिर गए। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। परिजनों को जब घटना की जानकारी मिली तो घर में कोहराम मच गया। परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। इंस्पेक्टर मक्खनपुर अनिल कुमार सिंह के अनुसार वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया गया है। मृतक के परिजनों का कहना है कि सड़कों पर घूमने वाले निराश्रित गोवंशों की वजह से आए दिन सड़क हादसे होते हैं। बावजूद इसके उन्हें पकड़ कर गौशाला नहीं भिजवाया जा रहा है।

# अवैध खनन पर कसा प्रशासन ने शिकंजा, ट्रैक्टर ट्रॉली और ट्रैक्टर लोडर पकड़ा

**एक ओवरलोडिंग डंपर किया सीज**

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो





फिरोजाबाद/टूंडला। अधिकांश देखा जा रहा है कि अवैध खनन को दबंगों ने व्यवसाय बना लिया है। अधेंरा होते ही अवैध खनन करने वाले डंपर और जेसीबी लेकर सक्रिय हो जाते है। अभी हाल ही में एडीएम फिरोजाबाद ने सख्ती दिखाते हुए अवैध खनन को रोकने के निर्देश दिए है। इसी क्रम में रात के अंधेरे में खनन होने की शिकायत पर प्रशासन ने खनन माफियाओं पर शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। रविवार तड़के तहसील प्रशासन और खान अधिकारी की संयुक्त टीम ने अवैध खनन में लगे ट्रैक्टर ट्रॉली और लोडर ट्रैक्टर को पकड़ लिया। वहीं, एटा की ओर जा रहे ओवरलोड डंपर को सीज कर दिया।

सुबह चार बजे तहसीलदार राखी शर्मा को सूचना मिली कि थाना पचोखरा क्षेत्र के गांव नगला रइया में अवैध रूप से मिट्टी की खुदाई हो रही है। उन्होंने खनन अधिकारी मफतलाल के साथ मिलकर छापामार कार्रवाई की। जहां टीम को देखकर खनन में लगे लोग भाग खड़े हुए। मौके से मिट्टी खोद रहा लोडर ट्रेक्टर और मिट्टी भरी हुई ट्रैक्टर ट्रॉली को पकड़ लिया। वहीं, सुबह छह बजे एटा रोड पर गिट्टी लेकर जा रहे ओवरलोड डंपर को भी पकड़ लिया। जिसे सीज कर दिया गया है। तीनों वाहनों को मंडी समिति परिसर में खड़ा करवा दिया गया है। खनन अधिकारी ने बताया कि जो डंपर पकड़ा गया है। इससे पहले भी ओवरलोड माल ले जाने के मामले में इसका चालान हुआ है। लेकिन इसके बाद भी ये लोग आदतों से बाज नहीं आ रहे हैं। डंपर चालक जंडेल सिंह निवासी धौलपुर ने बताया कि वह ग्वालियर से गिट्टी लेकर एटा जा रहे थे। तहसीलदार ने बताया कि एडीएम के निर्देश पर अवैध खनन के विरुद्ध कार्रवाई की जा रही है। इस तरह की कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी। किसी भी सूरत में अवैध खनन नहीं होने दिया जाएगा।

# 20 मई को भारत बंद का आह्वान

## महागठबंधन की बैठक में हुआ निर्णय,सीएम फेस पर हां-ना की स्थिति,मंच पर छाई रही तेजस्वी की फोटो




**स्टेट ब्यूरो चीफ/मुकेश कुमार**

**पटना(बिहार)।** बिहार विधानसभा चुनाव से पहले महागठबंधन सीटों के तालमेल के लिए लगातार बैठक कर रहा है।पटना में आज महागठ-बंधन की आज तीसरी बैठक हुई।आपको बता दे कि यह बैठक दीघा आशियाना रोड रिसॉर्ट में की गई।नेता प्रतिपक्ष और महागठबंधन कोऑर्डिनेशन कमेटी के अध्यक्ष तेजस्वी यादव के नेतृत्व में यह बैठक हुई।इस बैठक में पहली बार महागठ-बंधन दलों के राज्य के छोटे इकाई के जिला अध्यक्ष सचिव के साथ विधायक, एमएलसी, सांसद, राज्यसभा सांसद सहित महागठबंधन के शीर्ष नेता मौजूद रहे।बैठक को लेकर वाम दल के नेता दीपांकर भट्टाचार्य ने बड़ी घोषणा की है।

उन्होंने कहा है कि 20 मई को मजदूरों के सवाल को लेकर पूरा इंडिया गठबंधन भारत बंद का आह्वान किया है।आगामी 20 मई को भारत बंद रहेगा।

महागठबंधन अपनी ताकत दिखाएगी।केंद्र सरकार जिस तरह से हर कानून में अपनी मनमानी कर रही है,हम ऐसा होने नहीं देंगे।इस दौरान विभिन्न दल के नेताओं ने भी अपनी राय रखी है।कांग्रेस विधायक दल के नेता शकील अहमद खान कहा कि बैठक में हम लोग राज्य सरकार की नीति के खिलाफ रणनीति बनाएंगे।जनता के बीच कैसे जायें इसको लेकर के एक बड़े कार्यक्रम बनाए जाएंगे,इसकी घोषणा होगी।जब शकील अहमद खान से पूछा गया कि मुख्यमंत्री पद का चेहरा कौन होगा तो उन्होंने कहा कि इन सब बातों पर बात मत कीजिए।यह तय है कौन होगा।यह सब आपको समय पर बता दिया जाएगा।

वहीं भीआईपी पार्टी के मुखिया मुकेश सहनी ने संकेत दे दिया है कि तेजस्वी यादव ही मुख्यमंत्री पद के दावेदार होंगे।उन्होंने कहा कि सब कुछ पहले से तय हो चुका है किसी को घबराने की जरूरत नहीं है।मुकेश सहनी ने यह भी कहा कि हम लोग पूरी तैयारी के साथ हैं।तैयारी के साथ चुनाव लड़ेंगे और इस सरकार को उखाड़ फेंकेंगे।महागठबंधन की सरकार बनाएंगे।यह भी बता दें कि मीटिंग में मंच पर जो महागठबंधन का फोटो लगा था उसमें सिर्फ तेजस्वी यादव का ही चेहरा ही था।बाकी दलों के चुनाव चिन्ह दिखाए गये थे।

## बिहार में भीषण सड़क हादसा

# शादी से लौट रहे 3 लोगों की मौत, ट्रक और स्कॉर्पियो में हुई टक्कर





**स्टेट ब्यूरो चीफ/मुकेश कुमार**

**पटना(बिहार)।**बिहार के सीतामढ़ी में भीषण सड़क हादसा हुआ है।इसमें तीन लोगों की मौत हो गई है।वहीं चार लोग घायल बताए जा रहे हैं।बताया जा रहा है कि सभी शादी समारोह से लौट रहे थे।मृतकों के शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है।जबकि घायलों का अस्पताल में इलाज चल रहा है।दरअसल,रविवार अहले सुबह तकरीबन 4 बजे रामपुर हरि थाना क्षेत्र के रामपुर हरि पेट्रोल पंप से उत्तर एनएच 77 पर बड़ा हादसा हुआ।बताया जा रहा है कि एक स्कॉर्पियो सीतामढ़ी से मुजफ्फरपुर जा रही थी।इसी दौरान मुजफ्फरपुर से आ रहे एक अनियंत्रित ट्रक से आमने-सामने टक्कर हो गई।इस घटना में एक ही परिवार के तीन लोगों की जान चली गई।बताया जा रहा है कि पटना से स्कॉर्पियो पर सवार होकर बोंखरा प्रखंड के हरी नगर गांव निवासी राजू कुमार अपने परिवार के साथ घर आ रहे थे।इसी दौरान हादसा हो गया।जिसमें 22 वर्षीय राजू कुमार( पिता उमेश मंडल),48 वर्षीय पार्वती देवी( पति उमेश मंडल )और सरोज कुमार की मौत हो गई।वहीं चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।घायलों का इलाज मुजफ्फरपुर के एसकेएमसीएच में चल रहा है।सभी मृतक बोखडा थाना क्षेत्र के रहने वाले हैं।घटनास्थल पर महिंदवारा थाना की पुलिस मौजूद है।यह हादसा इतना भयावह था कि स्कॉर्पियो के परखच्चे उड़ गए।यही नहीं ट्रक का चक्का भी निकल गया।घटना के बाद से स्थानीय लोगों में काफी गुस्सा है।

## संक्षिप्त समाचार

### कांग्रेस की पाकपरस्ती एक बार फिर हुई उजागर:मंगल पाण्डेय

- पाकिस्तान-प्रेम में सेना का मनोबल तोड़ने के लिए कांग्रेस सांसद ने दिया बयान
- सर्जिकल व एयर स्ट्राइक का पहले भी कांग्रेस ने मांगा था सबूत



**स्टेट ब्यूरो चीफ/मुकेश कुमार**

पटना(बिहार)।स्वास्थ्य व विधि मंत्री मंगल पाण्डेय ने पहलगाम आतंकी हमले के महज 10 दिन बाद कांग्रेस सांसद चरणजीत सिंह चन्नी के बयान को कांग्रेस का पाकिस्तान प्रेम में भारतीय सेना का मनोबल तोड़ने की सोची-समझी रणनीति बताया है।उन्होंने कहा कि कांग्रेस सांसद के सर्जिकल स्ट्राइक को नक्कारने से सम्बंधित बयान घोर आपत्तिजनक व दुर्भाग्यपूर्ण है।इससे एकबार फिर कांग्रेस की पाकपरस्ती उजागर हुई है।श्री पाण्डेय ने कहा कि दिल्ली में कांग्रेस वर्किंग कमेटी की बैठक के बाद कांग्रेस सांसद चन्नी ने यह बयान उस समय दिया है,जब भारतीय सेना आतंकियों को पालने-पोषने व संरक्षण देने वाले देश पाकिस्तन को सबक सिखाने के लिए तैयार है।देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सेना के तीनों अंगों को कार्रवाई की खुली छूट दे रखा है।ऐसे में कांग्रेस सांसद का यह कहना कि,आज तक मुझे पता नहीं चला कि कहां स्ट्राइक हुए थे ?उस समय पाकिस्तान में कितने बंदे मारे गए थे ?कहीं नहीं दिखे सर्जिकल स्ट्राइक।किसी को पता नहीं चला।सांसद का यह बयान सीधे तौर पर भारतीय सेना के शौर्य व पराक्रम का अपमान है।उन्होंने कहा कि कश्मीर के पहलगाम में पाकिस्तान प्रायोजित आतंकी हमले में 26 निर्दोष पर्यटकों की उनका धर्म पूछ कर हत्या कर दी गई।इससे पूरे देश में आक्रोश है।देश के 140 करोड़ लोग बदले की कार्रवाई की मांग कर रहे हैं,ऐसे में सर्जिकल व एयर स्ट्राइक पर सवाल उठा कर कांग्रेस ने न केवल भारतीय सेना बल्कि देश का भी अपमान किया है।पाकिस्तान व मुस्लिमों के तुष्टिकरण के लिए कांग्रेस और कितना गिरेगी ?

# आतंकवाद के खात्मे के लिए पाकिस्तान के खिलाफ एक्शन जरूरी

## ओवैसी ने कहा-वह केंद्र सरकार के फैसले के साथ हैं

**स्टेट ब्यूरो चीफ/मुकेश कुमार**



**पटना(बिहार)।** एआईएम-।आईएम चीफ असदुद्दीन ओवैसी ने भारत सरकार से पाकिस्तान के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है।उन्होंने कहा कि वह इस मामले में केंद्र सरकार के फैसले के साथ खड़े हैं,लेकिन एक्शन कब होगा और क्या कार्रवाई होगी,ये सरकार को तय करना है।ओवैसी ने कहा कि वह चाहते हैं कि आतंकवाद और दहशतगर्दी का हमेशा के लिए खात्मा हो जाना चाहिए।

रविवार को दरभंगा से रवाना होने से पहले ओवैसी ने पहलगाम आतंकवादी हमले पर कहा कि इस मामले को लेकर जब सर्वदलीय बैठक बुलाई गई थी,तब सभी विपक्षी दलों के नेताओं ने कहा था कि इस मामले पर केंद्र सरकार को जरूर एक्शन लेना चाहिए।पीड़ित परिवार को इंसाफ दिलाना जरूरी है।साथ ही इस आतंकवाद को हमेशा के लिए खत्म करने के लिए पाकिस्तान के खिलाफ एक्शन होना चाहिए।इससे पहले सर्जिकल स्ट्राइक और बालाकोट एक्शन हुआ था।इस बार क्या कार्रवाई होगी,ये केंद्र सरकार को तय करना है।

पूरे अपोजिशन पार्टी ने उस ऑल पार्टी मींटिंग में सरकार से कहा कि आप इस पर एक्शन लीजिए और पीड़ित परिवार को इंसाफ दिलाइये।इस आतंकवाद और दहशतगर्दी को हमेशा के लिए खत्म करिए,जो सरकार तय करेगी,हम उसके साथ हैं लेकिन क्या करेगी,कब करेगी,ये उनको बताना है।

# ईडी का भय दिखाकर करता था वसूली

## फर्जी रिटायर्ड कमिश्नर गिरफ्तार

**स्टेट ब्यूरो चीफ/मुकेश कुमार**



**पटना(बिहार)।**बिहार आर्थिक अपराध इकाई ने दो ऐसे साइबर ठगों को गिरफ्तार किया है,जो न केवल खुद को अधिकारी बताते थे,बल्कि ईडी कार्रवाई का भय भी दिखाते थे।ये दोनों आरोपी सहोदर भाई रंजीत और संजीत हैं,जिन पर ईडी के नाम पर डॉक्टरों और अन्य लोगों से करोड़ों रुपये की मांग करने का आरोप है।राजेश कुमार और रंजीत कुमार दोनों सुल्तानपुर भट्ठा पर वार्ड नंबर 15 दानापुर जिला पटना के रहने वाले हैं।पूछताछ में इन आरोपियों ने पीड़ितों को फोन करके बताया कि उनके खिलाफ मामला दर्ज किया गया है लेकिन वे उन्हें बचा सकते हैं।फिर वे खुद को अधिकारी और पीए बताकर बातचीत करते थे और पैसे की मांग करते थे।पैसे लेने के बाद वे पीड़ितों को बताते थे कि उनके खिलाफ दर्ज प्राथमिकी को खत्म कर दिया गया है।मीडिया के सामने इन दोनों आरोपियों ने स्वीकार किया कि उन्होंने 10-20 लोगों को पहले ही ठग लिया था।आर्थिक अपराध इकाई के एसपी संजय कुमार सिंह ने बताया कि अब दोनों की संपत्ति की जांच की जाएगी और इसके लिए एक विशेष टीम का गठन किया जा रहा है।फिलहाल दोनों आरोपियों से पूछताछ चल रही है और मामले में और भी धोखाधड़ी के मामले सामने आने की संभावना है।आर्थिक और साइबर अपराधों के संगठित अपराध पर प्रभावी नियंत्रण के लिए नोडल एजेंसी है।इन दिशा में प्रभावी कार्रवाई करने के लिए लगातार साइबर पुलिस के द्वारा कार्रवाई की जा रही है।इसी कड़ी में 2 मई 2025 को सगुना मोड़ स्थित एक अस्पताल के चिकित्सक द्वारा आर्थिक अपराध इकाई को सूचित किया गया कि अज्ञात अपराधियों द्वारा उनके मोबाइल पर अपने आप को भारतीय प्रशासनिक सेवा के रिटायर्ड कमिश्नर बताकर और प्रवर्तन निदेशालय की कार्रवाई का भय दिखाकर प्रवर्तन निदेशालय से मैनेज करने के नाम पर 200000 रुपये की मांग की गई थी।

आर्थिक अपराध इकाई के एसपी संजय कुमार सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि इसी सूचना के आधार पर आर्थिक अपराध की टीम ने मामला दर्जकर अनुसंधान प्रारंभ किया गया,जिसमें इन दोनों के नंबर को सर्विलांस पर रखा गया।इसी क्रम में 2 मई को ही गठित टीम के द्वारा दो अपराधियों को विधिवत की गिरफ्तार किया गया।इनके मोबाइल से सेवानिवृत कमिश्नर कारू राम के नाम से बनाया गया।फर्जी व्हाट्सएप अकाउंट भी पाया गया।व्हाट्सएप के माध्यम से यह लोग कॉल कर लोगों को अपना शिकार बनाते थे और भय दिखाकर पैसा लिया करते थे।

## खेल

## संक्षिप्त समाचार

### खेलो इंडिया युवा खेल: रैंकिंग दौर में महाराष्ट्र के तीरंदाजों का दबदबा

भागलपुर (बिहार) (भाषा) महाराष्ट्र की तेजल राजेंद्र साल्वे ने रविवार को यहां खेलो इंडिया युवा खेलों की तीरंदाजी प्रतियोगिता में लड़कियों के कंपाउंड क्वालीफाइंग दौर में 697 अंक के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया। महाराष्ट्र के तीरंदाजों ने चार में से तीन स्पधार्ओं में शीर्ष रैंकिंग हासिल की।

दक्षिण कोरिया के सुवोन में 2024 एशिया कप में भारत का प्रतिनिधित्व करने वाली तेजल ने दूसरे हाफ में 360 में से 353 अंक जुटाकर अपनी प्रतिद्वंद्वियों को काफी पीछे छोड़ दिया। टीम की उनकी साथी वैदेही हीराचंद्र जाधव (692) और पृथिका (690) ने क्वालीफायर में दूसरा और तीसरा स्थान हासिल किया।

आंध्र प्रदेश के कोडंडापानी थौरनीश जाथ्या ने 655 अंक के साथ लड़कों के रिकर्व क्वालीफाइंग दौर में शीर्ष स्थान हासिल किया। उन्होंने मेघालय के देवराज महापात्रा से दो अंक अधिक जुटाए।

गत चैंपियन बिहार के शुभम कुमार 16 तीरंदाजों में 14वें स्थान पर रहे। उन्होंने पिछले साल चेन्नई में क्वालीफाइंग दौर में 11वें स्थान पर रहने के बावजूद स्वर्ण पदक जीता था।

पिछले साल की रजत पदक विजेता शारवरी सोमनाथ शेंडे (महाराष्ट्र) लड़कियों के रिकर्व क्वालीफाइंग दौर में 667 अंकों के साथ शीर्ष पर रहीं।

पिछले साल मिश्रित टीम कंपाउंड स्पर्धा का स्वण जीतने वाले महाराष्ट्र के मानव गणेशराव जाधव 713 अंक के साथ लड़कों के क्वालीफाइंग दौर में शीर्ष पर रहे।

### लाहिड़ी 45वें स्थान पर रहे, डेचैम्ब्यू ने सत्र की पहली जीत दर्ज की

इंचियोन (कोरिया), (भाषा) भारतीय खिलाड़ी अनिर्बान लाहिड़ी ने रविवार को यहां अंतिम दौर में इवन पार 72 का स्कोर बनाया और इस तरह से वह लिव गोल्फ कोरिया में संयुक्त 45वें स्थान पर रहे। लाहिड़ी का कुल स्कोर तीन ओवर का रहा। उन्होंने तीन दौर के इस टूर्नामेंट में 68, 79 और 72 का कार्ड खेला। यह भारतीय खिलाड़ी हालांकि उस टीम क्रशर्स का हिस्सा था, जिसने टीम चैंपियनशिप जीती। इस टीम का नेतृत्व अमेरिका के ब्रायसन डीचैम्ब्यू ने किया था जो व्यक्तिगत खिताब भी जीतने में सफल रहे। डेचैम्बू ने अंतिम दिन की शुरूआत चार शॉट की बढ़त के साथ करते हुए दोहरी सफलता हासिल की। उन्होंने तीन दिन में 65, 66 और 66 का कार्ड खेला।

# रसेल की तूफानी पारी से केकेआर की राजस्थान पर रोमांचक जीत



कोलकाता (भाषा) आंद्रे रसेल की तूफानी नाबाद अर्धशतकीय पारी राजस्थान रॉयल्स के कार्यवाहक कप्तान रियान पराग की 95 रन की शानदारी पारी पर भारी पड़ी जिससे गत चैम्पियन कोलकाता नाइटराइडर्स (केकेआर) ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) टी20 मैच में रविवार को यहां एक रन की रोमांचक जीत के साथ प्लेऑफ में पहुंचने की अपनी उम्मीदें बरकरार रखीं।

जमैका के इस 37 साल के खिलाड़ी ने अपने शुरूआती नौ गेंद में सिर्फ दो रन बनाये थे लेकिन इसके बाद छक्कों और चौकों की बारिश करते हुए 25 गेंद की नाबाद पारी में 57 रन बनाये। उनकी छह छक्के और चार चौकों जड़ित नाबाद पारी से केकेआर ने आखिर पांच ओवरों में 85 रन जोड़े।

केकेआर को प्लेऑफ में पहुंचने के लिए लीग चरण के अपने सभी मैच जीतने होंगे और टीम ने घरेलू मैदान पर टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला करने के बाद चार विकेट पर 206 रन बनाये।

जवाब में राजस्थान रॉयल्स की टीम आठ ओवर में 71 रन पर पांच विकेट गंवा कर मुश्किल स्थिति में थी लेकिन कप्तान पराग ने 45 गेंदों में आठ छक्कों और छह चौकों की मदद से अपनी पारी में टीम की उम्मीदों को जिंदा रखा। केकेआर के कप्तान अजिंक्य रहाणे के गेंदबाजी में चतुराई से परिवर्तनों ने यह सुनिश्चित किया कि पराग अपने पहले शतक से पांच रन दूर रहे। आखिरी ओवर में शुभम दुबे (नाबाद 25) ने वैभव अरोड़ा के खिलाफ दो छक्के और चौका जड़ दिया जिससे राजस्थान को जीत के लिए आखिरी गेंद पर तीन रन की जरूरत थी। अरोड़ा ने हालांकि धैर्य बनाये रखा। दुबे ने लॉग ऑफ की तरफ शॉट खेला और दूसरे रन के लिए भागे लेकिन रिंकू सिंह ने गेंदबाज के पास शानदार थ्रो फेंका जिससे जोफ्रा आर्चर रन आउट हो गये और यह रोमांचक मुकाबला केकेआर के नाम हो गया। 11 मैचों में पांचवी जीत से केकेआर की प्ले ऑफ में पहुंचने की उम्मीदें बनी हुई है। केकेआर के लिए वरुण चक्रवर्ती, हर्षित राणा और मोईन अली ने दो-दो विकेट लिये जबकि सुनील नारायन ने चार ओवर में सिर्फ 27 रन खर्च किये।

प्ले ऑफ की दौड़ से पहले ही बाहर हो चुकी राजस्थान के लिए लक्ष्य का पीछा करते हुए शुरूआत अच्छी नहीं रही। वैभव सूर्यवंशी ने वैभव अरोड़ा (50 रन पर एक विकेट) के खिलाफ चौका लगाकर खाता खोला लेकिन अगली गेंद पर आउट हो गये। अपना पहला मैच खेल रहे कुणाल सिंह राठौड़ भी बड़ा शॉट लगाने के चक्कर में मोईन की गेंद पर गच्चा खा गये और रसेल ने कैच लपकने में कोई गलती नहीं की।

पराग और यशस्वी जायसवाल (21 गेंद में 34 रन) ने तीसरे ओवर में अरोड़ा के खिलाफ छक्के जड़कर दबाव कम किया। पराग ने चौथे ओवर में हर्षिण राणा के खिलाफ दो चौके और एक छक्का लगाया तो वहीं जायसवाल ने चक्रवर्ती के खिलाफ लगातार दो जबकि हर्षित के खिलाफ हैट्रिक चौके से पावर प्ले में टीम को दो विकेट पर 59 रन तक पहुंचा दिया।

खतरनाक होती इस साझेदारी को मोईन ने सातवें ओवर में जायसवाल को चलताकर तोड़ा।

चक्रवर्ती ने अगले ओवर में तीन गेंद के अंदर ध्रुव जुरेल और वानिंदु हसरंगा को आउट कर 71 रन तक राजस्थान की आधी टीम को पवेलियन भेज दिया। दोनों बल्लेबाज स्कोरर को तंग किये बिना बोल्ड हुए।

पराग ने इसके बाद अपने दम पर टीम की मैच में वापसी करते हुए अरोड़ा के खिलाफ 12वें ओवर में लगातार दो चौके जड़ने के बाद मोईन के खिलाफ लगातार पांच छक्का लगाने के दौरान 27 गेंद में अपना अर्धशतक पूरा किया। पारी के इस 13वें ओवर से राजस्थान ने 32 रन बटोरे।

उन्होंने अगले ओवर में चक्रवर्ती के खिलाफ रिवर्स स्वीप पर अपनी पारी का लगातार छठा छक्का लगाया।

दूसरे छोर से शिमरोन हेटमायर ने अगले ओवर में नारायण के खिलाफ छक्का लगाकर टीम के स्कोर को 150 रन के पार पहुंचा दिया। राजस्थान को अब आखिरी पांच ओवर में 52 रन की जरूरत थी लेकिन हेटमायर हर्षित की बाउंसर गेंद को संभालने में नाकाम रहे और गेंद उनके बल्ले और हेलमेट से टकरने के बाद हवा में लहरा गयी। शॉट थर्डमैन के पास खड़े नारायन ने आसान कैच लपका। उन्होंने 23 गेंद में 29 रन बनाये। हेटमायर और पराग ने छठे विकेट के लिए 92 रन की साझेदारी की जो राजस्थान रॉयल्स के लिए रिकॉर्ड है।

# भारतीय महिला हॉकी टीम ने ऑस्ट्रेलिया को हरा कर एकमात्र जीत के साथ दौरा समाप्त किया



पर्थ, (भाषा) भारतीय महिला हॉकी टीम ने रविवार को यहां एक रोमांचक मैच में ऑस्ट्रेलिया को 1-0 से हराकर एकमात्र जीत दर्ज करते हुए दौरे का समापन किया। स्ट्राइकर नवनीत कौर ने पर्थ हॉकी स्टेडियम में 21वें मिनट में मैच विजयी गोल किया।

भारत को इससे पहले ऑस्ट्रेलिया ए टीम से 3-5 और 2-3 से हार का सामना करना पड़ा था और फिर टीम एक मई और तीन मई को ऑस्ट्रेलिया की सीनियर टीम से 0-2 और 2-3 से पराजित हो गई थी।

मेहमान टीम ने ऑस्ट्रेलिया दौरे के पांचवें और अंतिम मैच में बेहतरीन हॉकी खेली और मेजबान टीम को करीबी मुकाबले में शिकस्त दी।

पहले क्वार्टर में ऑस्ट्रेलिया ने दबदबा बनाया और दो पेनल्टी कॉर्नर प्राप्त किए, लेकिन भारत के मजबूत डिफेंस ने उन्हें पहला गोल करने से रोक दिया।

दूसरे क्वार्टर में छह मिनट बाद भारत ने उप-कप्तान नवनीत कौर के मैदानी गोल की बदौलत बढ़त हासिल कर ली। नवनीत ने शनिवार को भारत की 2-3 की हार में भी गोल किया था।

दूसरे हाफ में दोनों टीमें गोल करने के लिए बेताब थीं लेकिन भारत ने संयम बनाए रखा और बढ़त का सफलतापूर्वक बचाव किया। अंतिम क्वार्टर में ऑस्ट्रेलिया ने एक महत्वपूर्ण पेनल्टी कॉर्नर हासिल किया लेकिन उन्होंने यह मौका गंवा दिया।

# हमें बाकी बचे मैचों में बेखौफ होकर खेलना होगा: नायर




हैदराबाद( भाषा) अनुभवी बल्लेबाज करुण नायर का मानना है कि दिल्ली कैपिटल्स इंडियन प्रीमियर लीग की तालिका में अब भी अच्छी स्थिति में है और उसे प्लेऑफ में अपनी संभावनाओं को मजबूत करने के लिए बाकी बचे मैचों में बेखौफ होकर खेलना होगा।

दिल्ली की टीम में छह जीत और चार हार के साथ 10 टीमों की तालिका में पांचवें स्थान पर है। टीम को अपने अगले मैच में सनराइजर्स हैदराबाद का सामना करना है।

नायर ने रविवार को यहां मैच की पूर्व संध्या पर कहा, यह मैच में छोटे-छोटे से पलों को अपने पक्ष के करने के बारे में है। हमने जितने भी मैच खेले हैं, उनमें से अधिकांश में हम अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं और अच्छी स्थिति में रह रहे हैं। हमें मैदान पर जाकर पूरी आजादी के साथ खेलना होगा। उन्होंने कहा, हमने थोड़ा ब्रेक मिला है इससे हम खुद को तरोताजा करने का मौका मिला। एक टीम के तौर पर हमारे पास उन चीजों पर वापस जाने का समय है जो हम अच्छी तरह से कर रहे थे। यह सही समय पर शीर्ष पर पहुंचने के बारे में है। प्लेऑफ में जगह सुनिश्चित करने के लिए टीम की योजना के बारे में पूछे जाने पर इस 33 साल के बल्लेबाज ने कहा टीम वही करेगी जो उसके नियंत्रण में होगा।

नई दिल्ली, सोमवार 5 मई 2025

# नेशनल एक्सप्रेस

हर खबर समय पर

FRONT PAGE 2



''नए भारत के नए उत्तर प्रदेश में कृषि केवल जीविका नहीं, बल्कि समृद्धि और आत्मनिर्भरता का आधार बनेगी।''

योगी आदित्यनाथ, मुख्यमंत्री उ.प्र.



नंद गोपाल गुप्ता अपने प्रभारी जनपद बांदा में वक्फ सुधार जन जागरण अभियान-2025 के अंतर्गत ₹अल्पसंख्यक प्रबुद्ध जन संवाद₹ कार्यक्रम को मुख्य अतिथि के रूप में सम्बोधित किया।






# संस्कृति, सेवा और समर्पण के प्रतीक हैं आचार्य सुधांशु महाराज: स्वामी चिदानन्द सरस्वती







नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

नई दिल्ली, ।आचार्य श्री सुधांशु जी महाराज के पावन जन्मोत्सव के शुभ अवसर पर एक भव्य सनातन संस्कृति जागरण महोत्सव का आयोजन हुआ। यह महोत्सव सनातन संस्कृति के मूल्यों को जन-जन तक पहुँचाने का सशक्त माध्यम है।कार्यक्रम का शुभारंभ वेद मंत्रों की गूंज, दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। देश-विदेश से पधारे पूज्य संतों, विद्वानों और श्रद्धालुओं ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति से इस महोत्सव को दिव्यता और गरिमामय बना दिया।पूज्य संतों ने सनातन धर्म की शाश्वत शिक्षाओं को जीवन में उतारने, भारतीय संस्कृति से जुड़ने, गौरवशाली परंपराओं को जानने और राष्ट्र निर्माण में भागीदार बनने का प्रेरणादायक संदेश दिया गया।स्वामी चिदानन्द सरस्वती जी ने कहा कि आचार्य सुधांशु जी महाराज ने आत्मज्ञान की राह पर स्वयं चलकर उसे हजारों-लाखों जिज्ञासुओं के लिये सुलभ बनाया और अपने जीवन को सेवा, संस्कार और सनातन संस्कृति के प्रचार-प्रसार हेतु समर्पित कर दिया।

आचार्यश्री का जीवन एक जीती-जागती गीता है, कर्म, ज्ञान और भक्ति के अद्भुत समन्वय का साक्षात स्वरूप। उनके उपदेशों में जहाँ एक ओर सनातन धर्म की गहराई है, वहीं दूसरी ओर वर्तमान युग की समस्याओं का समाधान भी है। वे आधुनिक जीवन की चुनौतियों को समझते हुए परंपरा और प्रगति के बीच सेतु का कार्य कर रहे हैं।आचार्य श्री ने धर्म को मंदिरों की दीवारों तक सीमित न रखते हुए उसे घर-परिवार, और समाज के प्रत्येक कोने तक पहुँचाया है। उनके विश्व जागृति मिशन के माध्यम से जो भी सेवा कार्य हो रहे हैं। चाहे निर्धन बच्चों की शिक्षा हो, नारी सशक्तिकरण हो या चिकित्सा सेवा हर क्षेत्र में उन्होंने अद्भुत कार्य किया।

-आचार्य श्री सुधांशु जी महाराज के जन्मदिवस पर आयोजित सनातन संस्कृति जागरण महोत्सवभारत मण्डपम्, प्रगति मैदान, नई दिल्ली में आयोजित महोत्सव में अन्तर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त संतगण एवं राजनेताओं की गरिमामय उपस्थिति

-परमार्थ निकेतन के अध्यक्ष स्वामी चिदानन्द सरस्वती जी, योगऋषि स्वामी रामदेव जी, श्री विजय कौशल जी, आचार्य बालकृष्ण जी, श्री चिन्मय बापू जी, सुश्री डा अर्चिका दीदी, और पूज्य संतों का पावन सान्निध्य माननीय रक्षामंत्री, भारत सरकार श्री राजनाथ सिंह जी एवं अन्य मुख्य अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति

आज जब हम भोगवादी संस्कृति और पर्यावरणीय संकटों के युग में जी रहे हैं, तब ऐसी शिक्षाओं की आवश्यकता है जो धर्म के साथ धरती की चिंता करें, जो पूजा के साथ प्रकृति का पूजन करें, और जो केवल आत्मा की मुक्ति ही नहीं, समाज की उन्नति की भी बात करें। आचार्यश्री इसी दिव्य परंपरा के गौरवमयी स्तंभ हैं।उन्होंने युवाओं को भारतीय संस्कृति से जोड़ने का जो अथक प्रयास किया है, वह अद्भुत है। उनके शिविरों, ध्यान-कक्षाओं और प्रेरणादायक संवादों में लाखों युवाओं को जीवन का उद्देश्य मिला है। उनके सान्निध्य में केवल साधना नहीं होती, बल्कि "संस्कार निर्माण" भी होता है।जियो तो प्रभु के लिये, सोचो तो राष्ट्र के लिये, और कर्म हो मानवता के लिये यह संदेश वे अपने गुरूकुलों के माध्यम से युवाओं को दे रहे हैं।स्वामी जी ने आचार्य सुधांशु जी और माननीय रक्षामंत्री श्री राजनाथ सिंह जी को हिमालय की हरित भेंट रूद्राक्ष का पौधा और अंगवस्त्र भेंट कर उनका

## श्रद्धालुओं के लिए बदरीनाथ मंदिर के कपाट खुले, चारधाम यात्रा पूर्ण रूप से शुरू

**बदरीनाथ**, (भाषा) उत्तराखंड के उच्च गढ़वाल हिमालयी क्षेत्र में स्थित विश्वप्रसिद्ध बदरीनाथ धाम के कपाट सर्दियों में छह माह बंद रहने के बाद रविवार पुनः श्रद्धालुओं के लिए खोलने के साथ ही पहली पूजा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नाम से की गई।

पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत सुबह छह बजे चमोली जिले में स्थित मंदिर के कपाट वैदिक मंत्रोच्चार के बीच विधिवत पूजा अर्चना के साथ श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ खोल दिए गए।

इस मौके पर मंदिर परिसर में देश-विदेश के करीब 15 हजार श्रद्धालाओं के साथ ही उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, राज्यसभा सदस्य एवं भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष महेंद्र भट्ट तथा टिहरी के विधायक किशोर उपाध्याय भी मौजूद थे। कपाट खुलने पर मुख्यमंत्री ने पहली महाभिषेक पूजा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नाम से की और देश व राज्य की सुख समृद्धि की कामना की।



मुख्यमंत्री ने मंदिर में मौजूद श्रद्धालुओं का अभिवादन भी किया तथा उनसे यात्रा के लिए की गयी व्यवस्थाओं के बारे में राय जानी।

कपाट खुलने के दौरान पूरा वातावरण ढोल-नगाड़ों व सेना के बैंड की मधुर धुन और हजारों की संख्या में मौजूद श्रद्धालुओं के 'जय बदरी विशाल' के जयकारों से भक्तिरस से सराबोर हो उठा।

इस अवसर पर मंदिर को लगभग 15 टन रंग-बिरंगे और सुगंधित फूलों से भव्य रूप से सजाया गया था, जिसने मंदिर की सुंदरता में चार चांद लगा दिए। मंदिर प्रांगण में माणा और बामणी गांव की महिलाओं ने झुमैलो नृत्य किया। अन्य राज्यों से आए श्रद्धालुओं ने भी भजन कीर्तन गाए और हेलीकॉप्टर से मंदिर परिसर में मौजूद श्रद्धालुओं पर पुष्पवर्षा भी की गयी जो करीब 10 मिनट तक होती रही।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सुरक्षित और सुगम चारधाम यात्रा के लिए राज्य सरकार ने सभी आवश्यक व्यवस्थाएं की हैं। उन्होंने श्रद्धालुओं से हरित और स्वच्छ चारधाम यात्रा के लिए राज्य सरकार को पूरा सहयोग देने का आग्रह भी किया।

इससे पहले, परंपरानुसार सुबह बदरीनाथ धाम के मुख्य पुजारी रावल, धर्माधिकारी व वेदपाठियों द्वारा मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना की गई और फिर विधि विधान से माता लक्ष्मी को गर्भ गृह से निकालकर मंदिर की परिक्रमा करा लक्ष्मी मंदिर में विराजमान किया गया।

इसके बाद भगवान कुबेर जी व उद्धव जी को बदरी विशाल मंदिर के गर्भ गृह में विराजित किया गया।

तत्पश्चात भगवान बदरी विशाल की चतुर्भुज मूर्ति से घृत कंबल को अलग कर उनका विधिवत अभिषेक (स्नान) करवाया गया और आकर्षक श्रृंगार किया गया।ुख्य मंदिर के साथ ही बदरीनाथ धाम मंदिर परिक्रमा स्थित गणेश, घंटाकर्ण, आदि केदारेश्वर, आदि गुरु शंकराचार्य मंदिर व माता मूर्ति मंदिर के कपाट भी इस यात्रा हेतु श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ खोल दिए गए हैं।

मान्यताओं के अनुसार, वर्ष में छह माह (ग्रीष्मकालीन) मनुष्य भगवान विष्णु की पूजा करते हैं, जबकि बाकी के छह माह (शीतकालीन) यहां देवता स्वयं भगवान विष्णु की आराधना करते हैं, जिसमें मुख्य पुजारी देवर्षि नारद होते हैं। धिकारियों ने यहां बताया कि स्थानीय प्रशासन ने धाम की यात्रा को सुरक्षित एवं निर्बाध बनाने के लिए सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण कर ली हैं। प्रशासन ने दर्शन के लिए पहुंचे सभी श्रद्धालुओं से व्यवस्थित रूप से कतारबद्ध रहकर शांतिपूर्ण ढंग से श्रीहरि के दर्शन करने की अपील की है।

## पद्मश्री से सम्मानित प्रख्यात योग गुरु स्वामी शिवानंद का निधन

**वाराणसी** (उप्र), (भाषा) पद्मश्री से सम्मानित वाराणसी निवासी प्रख्यात योग गुरु स्वामी शिवानंद का निधन हो गया। वह 128 वर्ष के थे।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उनके निधन पर शोक व्यक्त किया है। बाबा शिवानंद के शिष्यों ने बताया कि अस्वस्थ होने के कारण उन्हें 30 अप्रैल को काशी हिंदू विश्वविद्यालय अस्पताल में भर्ती कराया गया था और शनिवार रात उन्होंने अंतिम सांस ली। उन्होंने बताया कि योग गुरु का अंतिम संस्कार रविवार शाम को किया जाएगा। श्रद्धांजलि देने के लिए बाबा शिवानंद के पार्थिव शरीर को कबीरनगर कॉलोनी स्थित उनके आवास पर रखा गया है।

शिष्यों ने बताया कि वर्तमान में बांग्लादेश के श्रीहट्ट जिले में आठ अगस्त 1896 को शिवानंद का जन्म हुआ था और बाबा शिवानंद जब छह साल के थे तभी उनके माता-पिता की भूख के कारण मृत्यु हो गई थी। उन्होंने बताया कि तब से वह आधा पेट ही भोजन करते थे। शिवानंद बाबा के माता-पिता के मौत के बाद उनकी जिम्मेदारी ओंकारनंद ने अपने ऊपर ले ली। इन्हीं के पास रह कर शिवानंद बाबा ने ज्ञान और शिक्षा ग्रहण की।

## जम्मू-कश्मीर के रामबन में सेना का वाहन खाई में गिरा, जेसीओ सहित तीन जवानों की मौत


**रामबन/जम्मू,** (भाषा) जम्मू-कश्मीर के रामबन जिले में रविवार को एक वाहन के सड़क से फिसलकर 500 मीटर गहरी खाई में गिर जाने से एक जूनियर कमीशन ऑफिसर सहित तीन सैन्यकर्मियों की मौत हो गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

अधिकारियों ने बताया कि सेना का ट्रक जम्मू से श्रीनगर जा रहे काफिले का हिस्सा था। यह दुर्घटना पूर्वाह्न करीब 11.30 बजे बैटरी चश्मा के पास हुई। उन्होंने बताया कि सेना, पुलिस, राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल (एसआरडीएफ) और स्थानीय स्वयंसेवकों ने तत्काल संयुक्त बचाव अभियान शुरू किया।

अधिकारियों के मुताबिक, वाहन में सवार तीन सैनिकों की मौके पर ही मौत हो गई। उन्होंने बताया कि मृतकों की पहचान नायब सूबेदार सुजीत कुमार, चालक अमित कुमार और सिपाही मान बहादुर के रूप में हुई है।

अधिकारियों के अनुसार, कई घंटों की कड़ी मशक्कत के बाद सैन्यकर्मियों के शव खाई से निकाले गए। उन्होंने बताया कि दुर्घटना के कारण वाहन पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया।

रामबन के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कुलबीर सिंह ने जेसीओ और दो सैनिकों की मौत की पुष्टि करते हुए कहा कि शुरुआती जांच से संकेत मिला है कि दुर्घटना वाहन में तकनीकी खराबी के कारण हुई और सटीक वजह








## दिल्ली के मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता आज उत्तर प्रदेश के नोएडा में अग्रसेन भवन का उद्घाटन करेंगी

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो



- राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष राजेश अग्रवाल व कैबिनेट मंत्री नंद गोपाल नंदी सहित कई भाजपा नेता मौजूद रहेंगे

ग्रेटर नोएडा दिल्ली एनसीआर में ग्रेटर नोएडा में अग्रवाल समाज द्वारा नवनिर्मित अग्रसेन भवन साइट 4 में आज दिल्ली के मुख्यमंत्री श्रीमती रेखा गुप्ता समारोह की मुख्य अतिथि होंगी तथा भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष श्री राजेश अग्रवाल तथा उत्तर प्रदेश के कैबिनेट मंत्री श्री नंद गोपाल नंदी अति विशिष्ट अतिथि के रूप में भाग ले रहे हैं इसके अतिरिक्त स्थानीय सांसद श्री महेश शर्मा गाजियाबाद के सांसद श्री अतुल अग्रवाल तथा उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय बनारसी दास के पुत्र व पूर्व एमएलसी हरेंद्र अग्रवाल एमएलसी दिनेश गोयल, समाज के वरिष्ठ राजनेता तथा उद्योगपति समाजसेवी इस कार्यक्रम में शिरकत करेंगे। यह जानकारी समाज के अध्यक्ष लाल ओम प्रकाश अग्रवाल ने नेशनल एक्सप्रेस को दी। कौन है अपील किया कि सभी अग्रवाल में समाज के वरिष्ठ पदाधिकारी एवं अन्य समाजसेवी संस्थाएं इसमें बढ़-चढ़कर हिस्सा लें तथा कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना हर संभव योगदान देता कि समाज की एकता भाईचारा प्रेम और सद्भाव आपस में बना रहे और हम अपने समाज की ताकत राष्ट्र में स्थापित करते हुए राष्ट्र निर्माण में योगदान करते रहें।

स्वामी वी.पी.एल. मीडिया प्रा. लि. के लिए प्रकाशक व मुद्रक वेंकटेश गुप्ता द्वारा आर.डी प्रिंटर्स एवं पब्लिशर्स प्रा. लि. ए-41, सेक्टर 8, नोयडा, गौतमबुद्ध नगर से मुद्रित व फ्लैट सं. 7, एस 561, ग्रेटर कैलाश पार्ट 2, नई दिल्ली 110048 से प्रकाशित। DELHIN/2015/65411, संपादक: विपिन कुमार गुप्ता।
संपादकीय कार्यालय- फ्लैट सं. 7, एस 561, ग्रेटर कैलाश पार्ट 2, नई दिल्ली 110048, ईमेल -news.vpl@gmail.com फोन नं.-011 49066569। प्रसार व विज्ञापन विभाग -ईमेल vplmedia@yahoo.com, समस्त विवाद के लिए न्याय क्षेत्र नई दिल्ली ही मान्य होगा।